✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 232 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 18 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




मोतिहारी में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

प्रधानमंत्री ने देश को दी पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की सौगात, 3250 करोड़ रुपये की लागत वाली कई रेल और सड़क बुनियादी परियोजनाओं का किया उद्घाटन

# आधुनिक होने के साथ आत्मनिर्भर भी हो रही भारतीय रेल : मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मालदा से हावड़ा-गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच चलने वाली देश की पहली स्लीपर वंदे हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन हावड़ा से गुवाहाटी तक चलेगी। इसके अलावा पीएम मोदी ने मालदा में एक प्रशासनिक कार्यक्रम में 3,250 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई रेल और सड़क अवसंरचना परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इसके अलावा पीएम मोदी ने चार अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन उत्तर बंगाल में न्यू जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार को भारत के दूसरे हिस्सों से जोड़ेगी। इस दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि आज मालदा से पश्चिम बंगाल की प्रगति को गति देने का अभियान और तेज हुआ है। कुछ ही देर पहले पश्चिम बंगाल के विकास से जुड़े अनेक प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। नई रेल सेवाएं पश्चिम बंगाल को मिली हैं। इन प्रोजेक्ट्स से यहां के लोगों के लिए यात्राएं आसान होंगी और व्यापार-कारोबार भी आसान बनेगा। यहां ट्रैक मेंटेनेंस से जुड़ी जो नई सुविधाएं बनी हैं, उनसे यहां के नौजवानों के लिए नए अवसर बनेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल की इस पावन भूमि से आज भारतीय रेल के आधुनिकीकरण की तरफ एक और बड़ा कदम उठाया गया



है। आज से भारत में वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों की शुरुआत हो रही है। ये वंदे भारत स्लीपर ट्रेन देशवासियों के लंबे सफर को और आरामदायक, शानदार और यादगार बनाएंगी। पीएम मोदी ने कहा कि देश की ये पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन, मां काली की धरती को मां कामाख्या की भूमि को जोड़ रही है। आने वाले समय में पूरे देश में इस आधुनिक ट्रेन का विस्तार होगा। मैं बंगाल एवं असम के साथ पूरे देश को इस आधुनिक स्लीपर ट्रेन के लिए बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज बंगाल को चार और आधुनिक, अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें मिली हैं। न्यू जलपाईगुड़ी-नागरकोइल अमृत भारत एक्सप्रेस, न्यू जलपाईगुड़ी-तिरुच्चिरापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस, अलीपुर द्वार-बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस, अलीपुर द्वार-मुंबई अमृत भारत एक्सप्रेस। इससे बंगाल और खासतौर पर उत्तर बंगाल की दक्षिण और पश्चिम भारत से कनेक्टिविटी और सशक्त होगी। पीएम ने कहा कि आज भारतीय रेल आधुनिक होने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भी हो रही है। भारत के रेल इंजन, भारत के रेल के डिब्बे, भारत के मेट्रो कोच, ये सब भारत की टेक्नोलॉजी की पहचान बन रहे हैं। आज हम अमेरिका और यूरोप से ज्यादा लोकोमोटिव्स बना रहे हैं। दुनिया के कई देशों को पैसेंजर ट्रेन और मेट्रो ट्रेन के कोच एक्सपोर्ट करते हैं। इन सब के कारण हमारी इकोनॉमी को बहुत लाभ मिलता है और हमारे नौजवानों को बहुत रोजगार मिलता है। इस मौके पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, शांतनु ठाकुर, सुकांत मजूमदार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# बिहार को आगे बढ़ाने के लिए औद्योगिक विकास जरूरी : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** समृद्धि यात्रा के दूसरे दिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मोतिहारी पहुंचे जहां उन्होंने 142 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का उदघाटन एवं शिलान्यास किया। इस मौके पर गांधी मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्वी चंपारण को बड़ी सौगात देने का एलान किया। उन्होंने कहा कि रक्सौल एयरपोर्ट के निर्माण को लेकर जल्द निविदा निकाली जाएगी और यहां से उड़ान सेवा शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार को आगे बढ़ाने के लिए औद्योगिक विकास जरूरी है। इसी दिशा में पूर्वी चंपारण की बंद पड़ी चीनी मिलों को फिर से चालू किया जाएगा। अगले पांच वर्षों में राज्य में नए-नए उद्योग स्थापित किए जाएंगे जिससे रोजगार के व्यापक अवसर सृजित होंगे। नीतीश कुमार ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अगले पांच साल में सभी नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। जाति गणना में सामने आए 94 लाख गरीब परिवारों को प्राथमिकता



के आधार पर रोजगार से जोड़कर समृद्ध किया जाएगा। इसके लिए प्रारंभिक रूप से दो लाख रुपये या आवश्यकता के अनुसार अधिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन महिलाओं को पहले दस हजार रुपये की सहायता राशि दी गई है, उनके कार्यों की प्रगति के आधार पर दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त मदद दी जाएगी। साथ ही 275 गांवों में दुग्ध उत्पादन समितियों का गठन किया जाएगा और सभी पंचायतों में शवदाह गृह का निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सात निश्चय-2 के अधिकांश कार्य पूरे हो चुके हैं जबकि शेष कार्यों को भी शीघ्र पूरा किया जाएगा। सात निश्चय-3 के तहत विकास की रफ्तार और तेज होगी। प्रति व्यक्ति आय और रोजगार को दोगुना करने का लक्ष्य तय किया गया है। डेयरी, मत्स्य पालन, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष फोकस रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रगति यात्रा के दौरान जिले के लिए घोषित 12 योजनाओं पर काम शुरू हो चुका है और अधिकारियों को इन्हें समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, मंत्री विजय चौधरी, सांसद संजय जायसवाल सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मजुराहा स्थित धनौती नदी पर बन रहे पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। अधिकारियों से निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और कार्य को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। इस पुल के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी सहूलियत मिलने की उम्मीद है। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री गांधी मैदान पहुंचे, जहां उन्होंने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर योजनाओं को पूरा करें और कार्यों की गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता न किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# हाइवा-कार की टक्कर में चार लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मधेपुरा।** शहर में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा बिजली ऑफिस के सामने उस वक्त हुआ जब तेज रफ्तार हाइवा और एक कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। मृतकों की पहचान सोनू कुमार (पिता अशोक साह), निवासी गुलजारबाग वार्ड-20, मधेपुरा और साहिल राज (पिता सुबोध कुमार साह), निवासी वार्ड-13, मस्जिद चौक के रूप में की गई। अन्य दो मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच



गया है। हादसे के बाद हाइवा का चालक मौके से फरार हो गया जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। सदर थाना पुलिस ने हाइवा और क्षतिग्रस्त कार को जब्त कर लिया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना हादसे का मुख्य कारण बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और फरार चालक को जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मधेपुरा सहित बिहार के कई जिलों में राष्ट्रीय राजमार्गों पर तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण लगातार भीषण दुर्घटनाएं हो रही हैं। यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा के प्रति गंभीर चिंता पैदा कर रहा है। स्थानीय लोग और सामाजिक संगठन सख्त ट्रैफिक नियमों, स्पीड कंट्रोल और बेहतर साइनेज की मांग कर रहे हैं ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोका जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### दुष्कर्म के आरोप में कथावाचक गिरफ्तार

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चर्चित कथावाचक श्रवण दास जी महाराज को महिला थाना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला 19 दिसंबर 2025 को महिला थाना में दर्ज कराया गया था। महिला थाना की पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कथावाचक को पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रोतिमा परिहार की अदालत में प्रस्तुत किया, जहां कोर्ट ने उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया।

### खेल-खेल में जिंदा जल गए मासूम भाई-बहन

**जमुई(नबिटा ब्यूरो)।** बरहट थाना क्षेत्र के दुर्गम जंगली स्थान कुमरतरी गांव से दिल को दहला देनेवाली एक घटना सामने आई है। यहां आग की चपेट में आने से भाई बहन की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव के अनीता कुमारी तथा मनीष कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। अगलगी में मृत बच्चों का एक भाई बाल-बाल बच गया। जानकारी मिलते ही ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे तथा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

### विवाह निबंधन कराने पर मिलेगा रंगीन प्रमाण पत्र

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** अब विवाह रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र रंगीन मिलेगा। इसके साथ ही अब सिख समुदाय वाले भी विवाह रजिस्ट्रेशन जिला निबंधन कार्यालय से ही करवायेंगे। इसकी जानकारी रजिस्ट्रार रवि रंजन ने दी। उन्होंने बताया कि विवाह निबंधन करवाने के लिए अब ऑनलाइन आवेदन भरना बहुत आसान हो गया है। अब पांच से छह पेज का आवेदन भरने की जरूरत नहीं होगी। आधार कार्ड के साथ एड्रेस प्रूफ और जन्मतिथि प्रमाण पत्र को अपलोड करने मात्र से आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। आवेदन के एक सप्ताह के अंदर प्रमाण पत्र भी दे दिया जाएगा। बता दें कि अबतक विवाह रजिस्ट्रेशन में हिंदू और इसाई समुदाय ही शामिल थे।

### पार्टी सुप्रीमो से मिले रालोमो के दो विधायक

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** विधायकों के पाला बदलने की खबर के बीच रालोमो के लिए राहत भरी खबर आई। दल के दो विधायक माधव आनंद और आलोक सिंह पार्टी सुप्रीमो सह सांसद उपेन्द्र कुशवाहा से मिलने पहुंचे। बीते दिनों उपेन्द्र कुशवाहा ने लिट्टी-पार्टी का आयोजन किया तो उसमें दल के तीन विधायक शामिल नहीं हुए थे। इसी बीच भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से विधायकों के मुलाकात की तस्वीर सामने आई। तब राजनीतिक गलियारे में तरह-तरह की चर्चाएं सामने आने लगीं। यह कयास लगाए जाने लगे कि रालोमो के तीन विधायक पाला बदलने वाले हैं लेकिन अब पार्टी के दो विधायक रालोमो सुप्रीमो से मिलने पहुंचे। इसे डैमेज कंट्रोल के रूप मे भी देखा जा रहा है।

# उच्च शिक्षा व नागर विमानन विभाग में बड़े पैमाने पर होगी बहाली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर सामने आई है। राज्य सरकार ने हाल ही में गठित किए गए दो नए विभागों उच्च शिक्षा विभाग और नागर विमानन विभाग में बड़े पैमाने पर बहाली की योजना तैयार कर ली है। इस पहल से न केवल प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूती मिलेगी बल्कि राज्य के हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। खास बात यह है कि इन भर्तियों में अधिकारी स्तर से लेकर कर्मचारी स्तर तक के पद शामिल होंगे जिससे अलग-अलग शैक्षणिक योग्यता वाले अभ्यर्थियों को मौका मिलेगा। राज्य सरकार द्वारा तैयार किए गए प्रस्ताव के अनुसार इन दोनों नए विभागों में कुल 260 पदों का सृजन किया जाएगा। यह प्रस्ताव वित्त विभाग की सहमति प्राप्त कर चुका है और अब इसे राज्य कैबिनेट की अंतिम मंजूरी का इंतजार है। सूत्रों के अनुसार आगामी कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिल सकती है। मंजूरी मिलते ही बहाली की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू होने की उम्मीद है। प्रस्ताव के तहत उच्च शिक्षा विभाग में कुल 161 पद सृजित किए जाएंगे। विभागीय कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए यहां 16 प्रशाखाएं (सेक्शन) बनाई जाएंगी। प्रत्येक प्रशाखा का नेतृत्व अधिकारी स्तर के पदाधिकारी करेंगे जिससे विभाग की कार्यक्षमता और निगरानी व्यवस्था मजबूत होगी। दूसरी ओर नागर विमानन विभाग में कुल 99 पदों के सृजन का प्रस्ताव है। यह विभाग राज्य में हवाई सेवाओं के विस्तार, एयरपोर्ट विकास और विमानन से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की देखरेख करता है।

# दो लाख के इनामी कुख्यात अपराधी ने किया सरेंडर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर जिले के कुख्यात दो लाख रुपये के इनामी अपराधी दीपक पांडे ने आखिरकार आत्मसमर्पण कर दिया है। तरारी थाना क्षेत्र के भाकुरा गांव दीपक पांडे ने पुलिस के बढ़ते दबाव के बीच रोहतास जिले के डिहरी अनुमंडल न्यायालय में सरेंडर किया। लंबे समय से फरार चल रहे दीपक पांडे पर भोजपुर समेत आसपास के जिलों में कई संगीन आपराधिक मामलों में संलिप्तता का आरोप है। कुख्यात दीपक पांडे की कहानी गांव के एक सामान्य युवक से अपराध की दुनिया तक पहुंचने की मानी जा रही है। बताया जाता है कि वह पढ़ाई-लिखाई कर सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा था लेकिन परिवार पर हुए हमलों ने उसकी जिंदगी की दिशा बदल दी। वर्ष 2016 में उसके भाई राजेश पांडे उर्फ बड़कून की हत्या कर दी गई थी जबकि 7 जून 2018 को दूसरे भाई नागेश पांडे उर्फ छोटकुन की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई। दोनों हत्याओं के बाद दीपक ने बदला लेने के इरादे से हथियार उठा लिया और क्राइम की दुनिया में कदम रख दिया। कुख्यात दीपक पांडे पर वर्ष 2020 में फतेहपुर बाजार में जोगेंद्र सिंह की हत्या का आरोप है।




# ऑनलाइन भूमि दाखिल-खारिज में लापरवाही पर नपेंगे अधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में दाखिल-खारिज यानी म्यूटेशन के मामलों में हो रही देरी पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि अब जान-बूझकर मामलों को लंबित रखने वाले अंचल अधिकारियों और कर्मियों पर सख्त कार्रवाई होगी। इसे केवल लापरवाही नहीं बल्कि नागरिकों के अधिकारों के साथ सीधा खिलवाड़ माना जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जिन दाखिल-खारिज मामलों में कोई आपत्ति नहीं है उनमें तुरंत आदेश देना अनिवार्य है। बावजूद यदि अधिकारी बिना वजह देरी करते हैं तो यह गंभीर अपराध की श्रेणी में आएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब ऐसे



मामलों में किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि दाखिल-खारिज समय पर नहीं होने से रैयतों को भारी परेशानी होती है। भू-अभिलेख अपडेट नहीं हो पाते। इसके कारण लोग सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते। बैंक से लोन लेने में दिक्कत होती है। सब्सिडी और अन्य वैधानिक सुविधाएं भी रुक जाती हैं। आम जनता को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को टाल-मटोल की नीति छोड़ने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि अब जवाबदेही तय होगी। हर स्तर पर निगरानी रखी जाएगी। सरकार का उद्देश्य आम लोगों को समय पर, सरल और पारदर्शी सेवाएं देना है। इसी कड़ी में राज्य सरकार ने भूमि संबंधी कार्यों को तेज करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। बिहार में 26 जनवरी से 31 मार्च तक भूमि मापी महाअभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत भूमि मापी की प्रक्रिया को और तेज किया गया है। नई व्यवस्था के अनुसार अब अविवादित जमीन की मापी 7 दिनों के भीतर पूरी की जाएगी। वहीं विवादित जमीन की मापी 11 दिनों में पूरी होगी। मापी की रिपोर्ट को 14 दिनों के भीतर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। पहले भूमि मापी के लिए 30 दिनों की समय-सीमा तय थी। विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि यह पहल सात निश्चय-3 के तहत की गई है। इसका उद्देश्य जनता को बेहतर और तेज सुविधा देना है। सरकार चाहती है कि भूमि प्रशासन सरल, पारदर्शी और जनहितकारी बने। ताकि लोगों को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें और समय पर उनका काम पूरा हो सके।

C M Y K

# कर्पूरी ठाकुर जयंती की तैयारियों को लेकर भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती 24 जनवरी को मनाए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, बिहार की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय स्थित कैलाश मिश्र सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने की। बैठक में जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन, विचारधारा और सामाजिक न्याय के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, शोषितों, वंचितों और दबे-कुचले वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने बिहार में सबसे पहले आरक्षण व्यवस्था लागू की और पिछड़ा वर्ग को पिछड़ा एवं अति पिछड़ा दो भागों में विभाजित कर समाज के सबसे कमजोर तबकों को मुख्यधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने शिक्षा के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी निर्णय लिए। मैट्रिक परीक्षा में अंग्रेजी की अनिवार्यता समाप्त कर गरीब परिवारों के बच्चों के लिए आगे बढ़ने के रास्ते खोले। इसके साथ ही गरीब सवर्णों को तीन प्रतिशत आरक्षण तथा महिलाओं को आरक्षण देकर सामाजिक समरसता को मजबूती प्रदान की। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का आरक्षण फार्मूला आज भी एक आदर्श मॉडल के रूप में देखा जाता है। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जननायक कर्पूरी ठाकुर के विचारों के मार्ग पर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री द्वारा कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित कर बिहार सहित विशेष रूप से अति पिछड़ा समाज को गौरव प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि कर्पूरी फार्मूला को देशभर में लागू करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री ने जस्टिस रोहिणी आयोग का गठन किया, ताकि पिछड़ा वर्ग के भीतर सबसे कमजोर जातियों की पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक मुख्यधारा में लाया जा सके। बैठक में निर्णय लिया गया कि 24 जनवरी को आयोजित जयंती समारोह में पूरे बिहार से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समाज के लोग भाग लेंगे। जयंती समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, संगठन मंत्री भिखू भाई दलसानिया सहित केंद्र और प्रदेश स्तर के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। बैठक में प्रभारी यूपी शर्मा, सह संयोजक संतोष कुमार, वीरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, संतोष पटेल, शिवपूजन राम, पवन ठाकुर, चंपा देवी, भावना शर्मा, क्षेत्रीय प्रभारी संजय कुमार चौहान, मुकेश मंडल, रमन सिंह चंद्रवंशी, संजय गुप्ता, राकेश चौरसिया, संजय निषाद, विकास कुमार सैनी, कुमारी पूजा, बिनोद गुप्ता सहित अनेक प्रमुख कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। बैठक के अंत में सभी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती को व्यापक स्तर पर मनाने का संकल्प लिया।

# टीएमसी का अर्थ तुष्टिकरण, माफिया और क्राइम : संजय सरावगी

## पंजाब में मीडिया पर हमला लोकतंत्र पर प्रहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने तृणमूल कांग्रेस पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि टीएमसी का सही अर्थ तुष्टिकरण, माफिया और क्राइम हो गया है। पश्चिम बंगाल की धरती कभी लोकतांत्रिक चेतना और बौद्धिक परंपरा के लिए जानी जाती थी, लेकिन आज भय, दबाव और राजनीतिक हिंसा की प्रयोगशाला बना दी गई है। भाजपा अध्यक्ष सरावगी ने हाल में एक बीएलओ अशोक दास की आत्महत्या मामले का जिक्र करते हुए सवालिया लहजे में कहा कि क्या अब चुनाव ड्यूटी निभाना भी पश्चिम बंगाल में जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। उन्होंने कहा कि जादवपुर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ दास एक ईमानदार सरकारी कर्मचारी थे, उन पर टीएमसी नेताओं द्वारा लगातार दबाव बनाया गया। टीएमसी नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर उन्होंने चुनावी लिस्ट से किसी भी अवैध वोटर को हटाया तो न सिर्फ उन्हें मार दिया जाएगा, बल्कि उनकी पत्नी और छोटे बच्चे को भी नुकसान पहुंचाया जाएगा। अंत में उस बीएलओ अशोक दास ने मानसिक दबाव और भय में आत्महत्या जैसा कदम उठाने को विवश हो गए। उन्होंने कहा आज टीएमसी राज में वहां रोहिंग्या और बांग्लादेशी को छोड़कर कोई भी सुरक्षित नहीं है। पश्चिम बंगाल और देश की जनता भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तंज कसते हुए कहा कि वे खुद को लोकतंत्र की रक्षक कहती हैं तो फिर आज चुप क्यों हैं? क्या पश्चिम बंगाल में अवैध घुसपैठियों को बचाने की राजनीति इतनी बड़ी हो गई है कि देश के नागरिकों, चुनाव अधिकारियों और उनके परिवारों की जान की कोई कीमत नहीं रह गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने दावा करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता अब चुप नहीं रहने वाली है। भाजपा इस अन्याय के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी। भाजपा अशोक दास को न्याय दिलाने और बंगाल को भयमुक्त बनाने तक यह संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने सरकार से सवाल करते हुए कहा कि अशोक दास की मौत का जिम्मेदार नेताओं पर कार्रवाई कब होगी? ममता बनर्जी के शासन में बंगाल अब 'शोनार बांग्ला' नहीं, बल्कि 'खूनी खेल का मैदान' बन चुका है जहां एक ओर सरकारी कर्मचारी अपनी ड्यूटी निभाने के डर से जान दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सत्ता के संरक्षण में पल रहे गुंडे खुलेआम चुनाव आयोग की प्रक्रियाओं को आग के हवाले कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में पंजाब केसरी के पत्रकारों और कर्मचारियों को पंजाब पुलिस द्वारा मारपीट करने, अखबार के दफ्तर का ताला तोड़ने की घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह सरासर लोकतंत्र पर हमला है। भाजपा इसकी कठोर शब्दों में कड़ी निंदा करती है, भर्त्सना करती है।

# एचडीएफसी बैंक ने तीसरी तिमाही के नतीजे पेश किये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने मुंबई में हुई अपनी मीटिंग में 31 दिसंबर, 2025 को खत्म हुई तिमाही और नौ महीनों के लिए बैंक के नतीजों को मंजूरी दी। बैंक के स्टैच्यूटरी ऑडिटर्स ने इन अकाउंट्स का 'लिमिटेड रिव्यू' किया है। एचडीएफसी बैंक ने दिसंबर तिमाही में मुनाफे और आय में सालाना आधार पर अच्छी बढ़त दर्ज की है। बैलेंस शीट मजबूत हुई है और एसेट क्वालिटी में भी सुधार दिखा है। देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंकों में शुमार एचडीएफसी बैंक ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के नतीजे पेश कर दिए हैं। दिसंबर तिमाही के आंकड़े बताते हैं कि बैंक ने मुनाफे, आय और बैलेंस शीट- तीनों मोर्चों पर स्थिर प्रदर्शन बनाए रखा है। क्यू3 एमवाई 26 में एचडीएफसी बैंक का स्टैंडअलोन शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत बढ़कर 18,653.75 करोड़ रूपये पहुंच गया। पिछले साल इसी तिमाही में यह मुनाफा 16,735.50 करोड़ था। यह बढ़त दिखाती है कि चुनौतीपूर्ण हालात के बावजूद बैंक की कोर कमाई मजबूत बनी हुई है। बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम यानी एनआईआई में भी सालाना आधार पर 6.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा सकरा में विकसित भारत विषय पर विशेष जागरुकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सकरा/मुजफ्फरपुर।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, सीतामढ़ी द्वारा आज विकसित भारत विषय पर एकदिवसीय विशेष जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार भवन, सकरा प्रखंड, मुजफ्फरपुर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सकरा विधायक आदित्य कुमार, सकरा प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तथा जीविका बीपीएम सकरा, मो. कैफुल्लाह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी जावेद अंसारी द्वारा अंगवस्त्र तथा पौधा देकर किया गया। पर्यावरण की रक्षा का संदेश देने के लिए मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित आम जनता को संबोधित करते हुए सकरा विधायक आदित्य कुमार ने कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम काफी सराहनीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन विकसिक भारत को साकार करने में ऐसे जागरूकता कार्यक्रम का योगदान महत्वपूर्ण साबित होगा। विकसित भारत जी राम जी के द्वारा आज हमारे किसानों को 125 दिनों का रोजगार मिल रहा है। गरीबों को सरकार पांच किलो मुफ्त अनाज दे रही है। सड़कों का तेजी से विकास हो रहा है। आज हर क्षेत्र में विकास तेजी से हुआ है और लोगों के जीवन में अमूल चूल परिवर्तन हो रहा है। सकरा प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि विकसित भारत बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेवारी है तथा सभी के प्रयासों से ही यह लक्ष्य प्राप्त होगा। जीविका बीपीएम सकरा, मो. कैफुल्लाह ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचने में आज जीविका महत्वपूर्ण कार्य कर रही है जिससे ग्रामीण महिलाओं के जीवन में अमूल परिवर्तन हो रहा है। कार्यक्रम में विकसित भारत विषय पर आयोजित मेंहदी एवं रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# महाराष्ट्र नगर निगम में भाजपा की जीत ऐतिहासिक : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने महाराष्ट्र नगर निगम में ऐतिहासिक जीत के लिए महायुति व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को कोटिशः बधाई दी है। भाजपा की एकतरफा जीत से ठाकरे ब्रांड पस्त हुआ है। श्री पाण्डेय ने कहा कि महाराष्ट्र के नगर निगम चुनावों में भाजपा और उसके गठबंधन वाली पार्टियों यानी महायुति ने एकतरफा जीत हासिल की है। इस चुनाव में भाजपा ने अकेले 1425 सीटें जीतीं हैं। मुंबई, नवी मुंबई, पुणे, नागपुर, पिंपरी चिंचवाड और नासिक, महाराष्ट्र के ज्यादातर बड़े नगर निगम अब भाजपा के हैं। श्री पाण्डेय ने कहा है कि नगर निगम चुनाव के परिणाम के और भी मायने हैं। मराठी मानुस की राजनीति करने वाले उद्धव और राज ठाकरे मुंबई तक सिमट गए हैं। कांग्रेस लातूर और चंद्रपुर के अलावा हर जगह हार गई। इसके अलावा नागपुर, पुणे, ठाणे, नवी मुंबई, पिंपरी चिंचवाड और नासिक में भी भाजपा गठबंधन को ही जीत मिली है। दरअसल अब सिर्फ भाजपा पूरे महाराष्ट्र की पार्टी है।

# राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा 'भारत में सड़क दुर्घटनाएं' का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**देहरादून।** राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) द्वारा विश्व पुस्तक मेला 2026 के अवसर पर भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में 16 जनवरी 2026 को पुस्तक 'भारत में सड़क दुर्घटनाएं' का भव्य लोकार्पण किया गया। यह पुस्तक भारत में सड़क दुर्घटनाओं की भयावह स्थिति, उनके चिकित्सीय, सामाजिक एवं आर्थिक प्रभावों का विस्तृत और तथ्यात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करती है तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता और प्रभावी रोकथाम की आवश्यकता पर बल देती है। यह पुस्तक उनके 25 सालों के अथक परिश्रम एवं अनुभव का परिणाम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. बी. के. एस. संजय ने कहा कि लगभग 90 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं चालक की लापरवाही के कारण होती हैं जिनमें ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, गलत ओवरटेकिंग, थकान, नींद की कमी और नशे का प्रभाव प्रमुख कारण हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पुस्तक किसी व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं से समाज को होने वाले भारी नुकसान को रोकने के उद्देश्य से लिखी गई है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं देश की प्रगति में बाधा बन रही हैं और समाज को शारीरिक व मानसिक रूप से विकलांग कर रही हैं, इसलिए यह पुस्तक विशेष रूप से वाहन चालकों को समर्पित है।

# दौड़ में अनमोल और क्रांति ने मारी बाजी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय मेरा युवा भारत पटना के तत्वावधान में प्रेम यूथ फाउंडेशन के सहयोग से प्रखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता सम्पन्न। पुरुष वर्ग दौड़ में प्रथम स्थान अनमोल कुमार, दूसरा स्थान-सन्नी कुमार, तीसरा स्थान-नगीना कुमार, महिला वर्ग दौड़ में प्रथम स्थान-क्रांति कुमारी, दूसरा स्थान-रूपा कुमारी, तीसरा स्थान-शालिनी कुमारी, बैडमिंटन पुरुष वर्ग में विजेता कृष्णा गुप्ता, उप विजेता प्रिंस कुमार, महिला वर्ग में प्रथम स्थान-अर्पिता दूसरा स्थान-मेनका, कबड्डी में विजेता प्रेम यूथ फाउंडेशन उप विजेता आदर्श युवा क्लब दनियावां, फुटबाल में विजेता संस्कार युवा क्लब फतुहा, उपविजेता गौरीशंकर युवा क्लब खुसरूपुर। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## स्टार्टअप इंडिया मिशन पर सेंट जेवियर्स विश्वविद्यालय, पटना में भव्य कार्यक्रम

# स्टार्टअप की सफलता में इंश्योरेंस प्लानिंग की भूमिका महत्वपूर्ण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सेंट जेवियर्स विश्वविद्यालय, पटना में आज स्टार्टअप इंडिया मिशन - कॉलेज छात्रों के लिए अवसर विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया जिसमें लगभग 1500 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उद्यमिता, स्टार्टअप संस्कृति तथा उससे जुड़े वित्तीय एवं कानूनी पहलुओं की व्यावहारिक समझ प्रदान करना था। इस अवसर पर इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट पटना चैप्टर के चेयरमैन आनंद कुमार गिरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि किसी भी स्टार्टअप की सफलता में इंश्योरेंस प्लानिंग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि सही बीमा योजना स्टार्टअप को अनिश्चित जोखिमों से सुरक्षा प्रदान करती है और वित्तीय स्थिरता के साथ-साथ मानसिक शांति भी सुनिश्चित करती है जो किसी भी उद्यम के सतत विकास के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम में आइएसटीडी के लाइफ मेंबर एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट धीरज कुमार ने स्टार्टअप से संबंधित टैक्स प्लानिंग, अनुपालन एवं वैधानिक दायित्वों पर उपयोगी जानकारियां साझा कीं।

# 30 जनवरी को लोक समिति का भितिहरवा में प्रार्थना सभा एवं उपवास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महासचिव शिवजी सिंह ने पटना प्रवास के दौरान प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि लोक समिति के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 78वें शहादत दिवस के अवसर पर देश में बढ़ती किसान-मजदूरों परेशानी, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, शांति सद्भावना, सर्वधर्म समभाव एवं आत्म शुद्धि हेतु आगामी 30 जनवरी, 26 को भितिहरवा आश्रम (पश्चिमी चम्पारण) में एक दिवसीय उपवास एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है। श्री सिंह ने बताया कि बिहार की अशिक्षा और गरीबी, उसके विकास में बड़ी बाधा है। बिहार के पिछड़ेपन का मुख्य कारण बाढ़ और सूखा है। बिहार में किसान-मजदूरों की स्थिति अच्छी नहीं है। किसान घाटे में खेती कर रहे हैं।

# विश्व का सबसे बड़ा शिवलिंग विराट रामायण मंदिर में स्थापित

## शिवलिंग पर हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा, पूजा-अर्चना, हवन, आरती के साथ शिवलिंग को किया गया स्थापित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पद्मश्री आचार्य किशोर कुणाल ने विश्व का सबसे बड़ा विराट रामायण मंदिर और विश्व का सबसे बड़ा शिवलिंग केसरिया स्थित विराट रामायण मंदिर में स्थापित करने का सपना देखा था। वह सपना शनिवार को अब साकार होते दिख रहा है। क्योंकि विश्व का सबसे बड़ा 33 फीट का शिवलिंग विराट रामायण मंदिर में धूमधाम से दो क्रेन की मदद से स्थापित कर दिया गया। विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग स्थापना का गवाह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा भी बने। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री विराट रामायण मंदिर प्रांगण में हेलीकॉप्टर से पहुंचे थे। तमिलनाडू के महाबलीपुरम के पुटुकाडू गांव में 10 साल में निर्मित विश्व का सबसे बड़ा शिवलिंग शनिवार को धूमधाम से विराट रामायण मंदिर में स्थापित हो गया। हजारों लोग इसका गवाह बने। इतने बड़े शिवलिंग को इतनी ऊंचाई पर रखने का दृश्य अद्भूत था। शिवलिंग स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही थी और प्रांगण हर-हर महादेव के नारे से गूंज रहा था। इस दृश्य को देखने के लिए बिहार ही नहीं बल्कि अलग-अलग राज्यों से भी लोग पहुंच गए थे। सुबह आठ बजे पीठ-पूजा शुरू होते ही भक्तों की भीड़ जमा हो गई थी। दर्शन करने वालों की भीड़ देर शाम तक लगी रही। साथ ही हेलीकॉप्टर से शिवलिंग पर पुष्प वर्षा देखने वालों की भीड़ देखते बन रही थी। दुनिया का सबसे बड़ा शिवलिंग बिहार के पूर्वी चंपारण स्थित कल्याणपुर प्रखंड के कैथवलिया के विराट रामायण मंदिर में स्थापित होने के लिए महाबलीपुरम से 21 नवंबर को रवाना किया गया था और तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश,उत्तर प्रदेश होते हुए करीब 2500 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर 45 दिन में बिहार की सीमा गोपालगंज पहुंच गया था। उसी दिन शिवलिंग विराट रामायण मंदिर में पहुंच गया था। यात्रा के दौरान शिवलिंग जहां से गुजर रहा था भक्त यात्रा के दौरान शिवलिंग का जमकर स्वागत कर रहे थे और पूजा-अर्चना के लिए जमा हो जा रहे थे जहां भी वाहन खड़ा किया जा रहा हैं।

# श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मना प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक पटना के विभिन्न दिगम्बर जैन मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, मुरादपुर दिगम्बर जैन चैत्यालय, कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर, गुरारा दिगम्बर जैन मंदिर, कालीबीबी कटरा दिगम्बर जैन मंदिर एवं पंचायती दिगम्बर जैन मंदिर सहित शहर के सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। जैन संघ के मीडिया सचिव एम पी जैन ने बताया कि भगवान आदिनाथ के मोक्ष कल्याणक के उपलक्ष्य में प्रातःकाल से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का आगमन प्रारंभ हो गया।

# उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने फिजिटल सड़क सुरक्षा कैंपेन शुरू किया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** भारत में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश मौतों का मुख्य कारण मानवीय भूल है। इसे देखते हुए उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने (प्लीजग्रोअप) नाम से एक 'फिजिटल' (डिजिटल + फिजिकल) सड़क सुरक्षा जागरूकता कैंपेन शुरू किया है। इस कैंपेन का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के सबसे अनदेखे कारणों में से एक सड़क पर अपरिपक्व और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार पर ध्यान केंद्रित करना है। अक्सर सड़क दुर्घटनाओं का दोष बुनियादी ढांचे या यांत्रिक विफलता पर मढ़ दिया जाता है जबकि हकीकत में अधिकांश मौतें टाले जा सकने वाले मानवीय व्यवहार जैसे कि तेज रफ्तार, सिग्नल तोड़ना, गाड़ी चलाते समय ध्यान भटकना, नशे में गाड़ी चलाना और बुनियादी सुरक्षा नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं। इस कैंपेन का इरादा रोजमर्रा की ड्राइविंग आदतों को आईना दिखाकर आत्म-चिंतन और जवाबदेही को प्रोत्साहित करना है। (प्लीजग्रोअप) के माध्यम से, उज्जीवन बैंक सड़क की लापरवाही को उसके वास्तविक स्वरूप में पेश करता है, जो न तो बहादुरी है, न ही कूल है और न ही वयस्कों वाला व्यवहार है, बल्कि पूरी तरह से बचकाना है। यह कैंपेन व्यंग्य और दृश्यात्मक विषमता का उपयोग करता है जिसमें गैर-जिम्मेदाराना ड्राइविंग व्यवहार को 'बेबी टॉक' (बच्चों जैसी भाषा) और बच्चों वाली कल्पनाओं के जरिए दिखाया गया है। यह रचनात्मक दृष्टिकोण इस तरह से तैयार किया गया है कि लापरवाही भरा व्यवहार सार्वजनिक सड़कों पर उतना ही अनुचित और अजीब लगे जितना कि वह वास्तव में है। शॉर्ट-फॉर्म वीडियो, डिजिटल सामग्री और सोशल मीडिया कहानियों के माध्यम से फैला यह कैंपेन दिखाता है कि कैसे एक लापरवाह निर्णय निर्दोष लोगों के लिए जीवन बदलने वाले गंभीर परिणाम ला सकता है। कैंपेन का हर हिस्सा एक ही सरल सत्य पर जोर देता है जब आप सड़क के नियम तोड़ते हैं तो आप एक बच्चे की तरह व्यवहार कर रहे होते हैं और अब सुधरने का समय आ गया है। व्यापक सड़क सुरक्षा पहल के हिस्से के रूप में उज्जीवन बैंक नागरिक और यातायात अधिकारियों के सहयोग से इस सप्ताह कई शहरों में उच्च-प्रभाव वाली ऑन-ग्राउंड गतिविधियां कर रहा है। बेंगलुरु में हेलमेट के आकार की एक पूरी तरह से ब्रांडेड 'लाइफ-साइज हेलमेट मोबाइल वैन' अधिक ट्रैफिक वाले स्थानों पर रोड शो करेगी, ताकि हेलमेट के उपयोग को बढ़ावा दिया जा सके।

# पाटलिपुत्र सहोदया का मेगा स्टेम इंटर-स्कूल प्रदर्शनी का बाल्डविन एकेडमी में आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटलीपुत्र सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स द्वारामेगा स्टेम इंटर-स्कूल प्रदर्शनी 2025-26 का आयोजन आज बाल्डविन एकेडमी, धवलपुरा, पटना में किया गया। लेट इमैजिनेशन थीम परआधारित इस प्रदर्शनी में 50 से अधिक सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग लिए और अपनी नवाचारी स्टेम परियोजनाओं का प्रदर्शन किया। अतिथि एवं निर्णायक मंडल ने विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन किया और छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत परियोजनाओं का मूल्यांकन किया। मूल्यांकन के पश्चात उत्कृष्ट परियोजनाओं को सम्मानित किया गया। मेगा स्टेम इंटर-स्कूल प्रदर्शनी कार्यक्रम को उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पाटलीपुत्र सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन सिन्हा ने स्वागत संबोधन में स्टेम शिक्षा की महत्ता तथा भविष्य की शिक्षा में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। इस प्रदर्शनी के माध्यम से पटलीपुत्र सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स का उद्देश्यबिहार में सीबीएसई विद्यालयों के बीच सहयोग, नवाचार औरगुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना है, ताकि विद्यार्थी भविष्य कीचुनौतियों के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें। मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित राजीव शर्मा , प्रमुख सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, सीबीएसई, डॉ. राजीव शर्मा ने कहा कि स्टेम कॉन्सेप्ट से न्यू आइडिया पर विद्यार्थी काम करते है। यह विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना का निर्माण करता है।

# पुलिस अवर निरीक्षक प्रारंभिक परीक्षा कदाचार मुक्त कराने को ले डीएम ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के अंतर्गत पुलिस अवर निरीक्षक पद के लिए आयोजित प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा रोहतास जिले के 19 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई है। उक्त परीक्षा का आयोजन 18 जनवरी एवं 21 जनवरी 2026 को दो-दो पाली में यथा–प्रथम पाली 10 बजे पूर्वाह्न से 12 बजे मध्यान्ह तक एवं द्वितीय पाली 2:30 बजे अपराह्न से 4:30 बजे अपराह्न तक में आहूत की जाएगी। उक्त परीक्षा के कदाचार रहित एवं शांतिपूर्ण संचालन के मद्देनजर शनिवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार के द्वारा समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में परीक्षा में प्रतिनियुक्त केन्द्राधीक्षक, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की गई। दोनों ही वरीय पदाधिकारियों के द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में स्वच्छ एवं कदाचार रहित संचालित हो। परीक्षा संचालन से संबद्ध सभी पदाधिकारी एवं केंद्राधीक्षक पूरी तत्परता एवं निष्ठा से कार्य करेंगे और यह उनकी जिम्मेदारी होगी कि कदाचार रहित परीक्षा संचालन कराए। किसी भी परीक्षा केंद्र पर कोई शिकायत मिली तो उक्त केंद्र के केंद्राधीक्षक, शिक्षकगण, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों के विरुद्ध भी बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम-1981 के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर वीडियोग्राफी कराई जाएगी। परीक्षा केंद्र में कोई भी परीक्षार्थी सादा कागज, क्लिपबोर्ड, स्लाइड रूल, कैलकुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ उपकरण, डिजिटल डायरी, पॉम टॉप, पीडीए या अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केंद्र के अंदर नहीं ले जा सकेंगे। कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा के दौरान यदि किसी प्रकार का कदाचार या नकल करने का प्रयास करता है तो उसकी पात्रता रद्द कर दी जाएगी। जिला नियंत्रण कक्ष की दूरभाष संख्या 06184–226093 है। परीक्षा के सफल आयोजन के मद्देनजर विद्युत विभाग, ट्रैफिक डीएसपी, जिला परिवहन पदाधिकारी तथा अन्य पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। अनुमंडल दंडाधिकारी सासाराम को केंद्रों के 200 मीटर के परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू करने का निर्देश दिया गया है। कदाचाररहित परीक्षा संचालन के मद्देनजर केंद्र वार स्टैटिक दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जोनल मजिस्ट्रेट के साथ उड़न दस्ता दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। अभ्यर्थियों के फोटोग्राफी एवं बायोमेट्रिक अंगूठा का निशान, जैमर लगाने एवं सीसीटीवी कैमरा स्थापित करने हेतु भेजे गये आयोग के प्रतिनिधि के संदर्भ में संशय की स्थिति में आयोग के दूरभाष संख्या 0612-2500231/2500232 से सत्यापन किया जा सकता है। आयोग द्वारा उक्त परीक्षा के संपर्क पदाधिकारी के रूप में ललन कुमार उपाधीक्षक (मु.2) मोबाइल नंबर 7783847616 की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह ने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से की शिष्टाचार भेंट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सासाराम।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह ने नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें उनके नवीन दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं सफल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त करते हुए श्री सिंह ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन व आपके सशक्त नेतृत्व में पार्टी को नई ऊर्जा, अधिक मजबूती और नवीन गति प्राप्त होगी। कार्यकारी अध्यक्ष नीतीन नवीन को बधाई देते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद ने कहा कि आपका कार्यकाल भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में एक प्रेरक, परिवर्तनकारी और स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित हो, यही मंगलकामना है।

## बाइक की डिक्की तोड़ 50 हजार रुपये ले उड़े चोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दिनारा।** स्थानीय बाजार में बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने बाइक की डिक्की तोड़कर 50 हजार रुपये की चोरी का मामला सामने आया है। चोरी की यह वारदात बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एसबीआइ और बैंक ऑफ बड़ौदा में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पीड़ित की पहचान दिनारा थाना क्षेत्र के रेहीं गांव निवासी रमाशंकर साह के पुत्र जीशु कुमार के रूप में की गयी है। बताया गया कि जीशु कुमार ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से 50 हजार रुपये निकाले थे और रुपये बाइक की डिक्की में रखकर बैंक ऑफ बड़ौदा गये थे।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पीएमईजीपी के अन्तर्गत 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सासाराम।** जिला उद्योग केन्द्र रोहतास के तत्वावधान में 17 जनवरी से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पीएमईजीपी अन्तर्गत 10 दिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। साथ ही बैंकों के साथ समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। विदित हो कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पीएमईजीपी अन्तर्गत स्वीकृत आवेदकों को 10 दिनों का प्रशिक्षण दिया जाता है तत्पश्चात उन्हें ऋण राशि का भुगतान किया जाता है। इस अवसर पर महाप्रबंधक के अलावे सभी बैंकों के अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक तथा पटना के नोडल पदाधिकारी बैठक में उपस्थित थे। बैठक में केवीआईसी पटना के अधिकारी द्वारा विभिन्न बैंको के समस्याओं को सुना गया। खास कर अनुदान से संबंधित समस्याएं जिसमें जांच की जिम्मेदारी पोस्टल डिपार्टमेंट को बैंकों के साथ संयुक्त रूप से दी गयी है। इस अवसर पर डाक विभाग के भी अधिकारी मौजूद थे। विदित हो कि 6 फरवरी 2026 को राज्य स्तरीय ऋण मेगा कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त पीएमईजीपी के लाभुकों को साथ ही साथ पीएमएफएमई के लाभुकों को भी ऋण वितरित किया जाना है। इस अवसर पर महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, रोहतास द्वारा सभी बैंकों से अनुरोध किया गया है कि पीएमएफएमई योजना में लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत ऋण भुगतान करना सुनिश्चित करें।

## प्रखंड में हाई स्कूल के लिए तरस रहे हैं बच्चे एवं अभिभावक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** राज्य सरकार के द्वारा यह प्रसारित गया कि हर पंचायत स्तर पर एक हाई स्कूल प्लस टू विद्यालय की व्यवस्था होना चाहिए और आंकड़ों में यह कहा भी जाता है कि पंचायत स्तर पर प्लस टू विद्यालय मौजूद है। परंतु बिक्रमगंज क्षेत्र के दावथ प्रखंड मुख्यालय पर आजादी के बाद से आज तक छात्रों के लिए एक हाई स्कूल का न होना आश्चर्य भरे तथ्य से कम नहीं। लोगों की माने तो यहां के पूर्वजों के द्वारा दान में दी गई जमीन के ऊपर बने प्राथमिक और मध्य विद्यालय तथा लगभग चार बीघे में दिए गए खेल के मैदान, यह बताने के लिए काफी है कि यहां के लोग शिक्षा के प्रति कितने उत्साहित रहे होंगे। पुनः बिहार सरकार की बहुत सी ऐसी प्लाटे भी उपलब्ध हैं जहां हाई स्कूल और कॉलेज बनाया जा सकता है। इसके अलावे दावथ प्रखंड को अपने निजी भवन में ले जाने के लिए गांव के लोगों की अधिग्रहित की गई जमीन भी काफी मात्रा में मौजूद है जहां कई संस्थान बन रहे हैं और बनाए भी जा सकते हैं। दुर्भाग्य है यहां के जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की उदासीनता के कारण आज तक प्रखंड मुख्यालय पर एक हाई स्कूल की व्यवस्था व्यवस्थित रूप से नहीं किया जा सका। मालूम हो कि यहां के मिडिल स्कूल से पास करने वाले बच्चे 5 से 6 किलोमीटर दूर आज के युग में भी जाते हैं पढ़ने के लिए। इस संबंध में शिक्षा पदाधिकारी से बात करने पर उन्होंने जमीन की अनुपलब्धता की बातें बताई। परंतु बाकी अन्य जगहों की जमीन की बात अगर छोड़ दी जाए तो मध्य विद्यालय को अपग्रेड करके भी हाई स्कूल और प्लस टू विद्यालय को संचालित कराया जा सकता है, जब तक की विद्यालय का अपना भवन उपलब्ध नहीं हो जाता। इस प्रखंड क्षेत्र के एक-दो पंचायत ऐसे भी है जहां एक, दो कमरे में ही प्लस टू स्तर तक के विद्यालय की व्यवस्था कर दी गई है और तो और वहां दो विद्यालयों को मर्ज करके चलाया जाता है जबकि प्रखंड मुख्यालय होने के बावजूद दावथ में न तो विद्यालय को उत्क्रमित कर हाई स्कूल में तब्दील किया गया और न ही उपलब्ध जगह का चयन हाई स्कूल या प्लस टू विद्यालय के लिए किया गया।

**क्या कहते हैं ग्रामीणः** चिकित्सक सत्यनारायण प्रसाद गुप्ता, मोहम्मद सलामुद्दीन अंसारी, भरत प्रसाद, सत्येंद्र सिंह मंत्री, मनोज कुमार सिंह गांधी, प्रदीप सिंह, नंद बिहारी पुर्व मुखिया सहित कई सामाजिक एवं राजनीतिक लोगों ने इसे विडंबना ही बताया और पदाधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों को कोसा।

## हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर प्रकाश व्यवस्था अब और बेहतर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और सुगमता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हैदरनगर रेलवे स्टेशन परिसर में प्रकाश व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार किया गया है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशन पर खराब एवं अकार्यशील लाइट फिटिंग्स की त्वरित मरम्मत एवं पुनर्स्थापन किया गया है। साथ ही आवश्यकतानुसार अतिरिक्त उच्च-गुणवत्ता वाली एलइडी लाइट फिटिंग्स की स्थापना भी पूरी की गई है। उक्त कार्यों के सफलतापूर्वक पूर्ण होने के बाद स्टेशन परिसर की प्रकाश व्यवस्था अब और बेहतर है।

## जैदपुर में सरदार वल्लभ भाई पटेल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भगवानपुर (कैमूर)।** जैतपुर खेल मैदान में शनिवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन कोचस जिला पार्षद सह जदयू जिला उपाध्यक्ष रोहतास नीलम पटेल एवं जदयू जिला अध्यक्ष अजय कुमार पटेल द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजय पटेल ने कहा कि जैदपुर की धरती पर दशकों से इस फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन होता आ रहा है क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के कारण अब फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन बहुत कम जगह पर किया जाता है, लेकिन इस पुराने विरासत को इस क्षेत्र के लोग अभी तक निभा रहे हैं। बताया जाता है यह टूर्नामेंट कैमूर जनता दल यूनाइटेड परिवार द्वारा किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट स्कूल आठ टीम हिस्सा ले रही है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला अमेट बनाम तिलौथू के बीच खेला गया जिसमें अमेट विजई रही। मौके पर जेडीयू मुख्य प्रवक्ता अतुल पटेल, जेडीयू हाटा नगर अध्यक्ष डॉ सुशील जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष लियाकत अंसारी, मनीष पटेल, दुर्गेश पटेल ,अंशु सिंह, मुन्ना पटेल, उपेंद्र पटेल सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## नववर्ष पर हरिहर डिहरा में संघ ने चलाया गृह संपर्क अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस (रोहतास)।** नववर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संघ के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से व्यापक गृह संपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के तहत भारत माता के चित्र और नववर्ष कैलेंडर के माध्यम से लोगों को राष्ट्रभक्ति और देशहित का संदेश दिया गया। मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के हरिहर डिहरा गांव में संघ के स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर भारत माता का तैलीय चित्र युक्त कैलेंडर तथा संघ के विचारों से संबंधित लेख लोगों के बीच वितरित किए। इस दौरान लोगों से राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और देश सेवा से जुड़े विषयों पर संवाद भी किया गया। गृह संपर्क अभियान में अनिल कुमार चौबे, शिव नारायण चौबे, विनय सिंह, उज्जवल चौबे, राम नारायण पासवान, रंजीत साह, रजनीश और गोलू पासवान सहित अन्य स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस मौके पर स्वयंसेवक अनिल कुमार चौबे ने बताया कि संघ के निस्वार्थ कार्यकर्ता निरंतर समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर संगठन के विचारों को साझा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर पर एक हजार से अधिक स्वयंसेवकों को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि राष्ट्रभक्ति और सेवा भावना को और अधिक सशक्त किया जा सके।

## डीएम ने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** शनिवार को पदाधिकारियों ने दल-बल के साथ डीएम नितिन कुमार सिंह पढ़ौती पंचायत अंतर्गत बहोरनपुर मौजा पहुंचे जहां उन्होंने निर्माण किये जा रहे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का जायजा लिया। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी सीओ सतीश गुप्ता ने बताया कि बहोरनपुर मौजा में करीब छह से सात एकड़ रकवा क्षेत्र में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जा रहा है जिसकी लगातार चार दिनों से मापी का कार्य चल रहा था। यहां भूमि मापी के बाद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य भी आरंभ हो चुका है जिसका डीएम नितिन कुमार सिंह ने जायजा लिया और उनके द्वारा कई आवश्यक निर्देश भी दिये गये। प्रभारी अंचलाधिकारी सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि डीएम के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स विजिट करने के दौरान उनके साथ एसपी, एडीएम, बीडीओ अंकिता शेखर समेत कई अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे। इसी क्रम में डीएम ने भारत माला परियोजना अंतर्गत चल रहे राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों का भी जायजा लिया।

## वैन-बाइक की टक्कर से दो घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज-नटवार पथ पर शनिवार शाम एक स्कूल वैन ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे दो लोग घायल हो गए। घायलों में चाचा-भतीजा चंदन कुमार और प्रदीप कुमार शामिल हैं जो बक्सर जिले के रहने वाले हैं। दोनों आरा जाने के लिए बाइक से जा रहे थे, तभी धनगाईं गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार वैन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल बिक्रमगंज पहुंचाया गया जहां से उन्हें सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विधायक ने जमसोना पैक्स में मिनी राइस मिल का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** दावथ प्रखंड के जमसोना पैक्स राइस मिल का उद्घाटन स्थानीय विधायक आलोक कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पैक्स अध्यक्ष उपेंद्र नारायण सिंह ने की। विधायक आलोक कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह खुशी की बात है कि अब किसान भाइयों के लिए स्थानीय पैक्स में ही उचित सरकारी दर पर धान की खरीदारी की जा सकेगी जिससे कुपोषण से बचाव के लिए पौष्टिकता से भरपूर चावल प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति, जमसोना पैक्स के अरवा प्लांट राइस मिल से उचित मूल्य पर मिलेगा। राइस मिल की कुल लागत 28 लाख रुपये है। इस क्षेत्र में अब तक सरकारी दर पर कुल दो हजार 93 क्विंटल धान की खरीदारी की जा चुकी है। जमसोना पैक्स राइस मिल से पौष्टिकता से भरपूर चावल एसएफसी में उपलब्ध कराया जाएगा जिससे किसानों को लाभ मिलेगा और कुपोषण से लड़ने में मदद मिलेगी। मौके पर मुखिया अमित सिंह, कमलेश यादव, नागेंद्र तिवारी, अशोक तिवारी, अपूर्व राज कश्यप, भरत चौधरी, चुन्नू पटेल, अशोक तिवारी, भोपाल सिंह, दया पांडे, मंटू सिंह, सत्येंद्र सिंह, मुन्ना सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सेवा भाव सच्चा हो तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती : आनंद सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डालमिया नगर खेल मैदान में आयोजित हिमांशु फाउंडेशन व बाबा वीर कुंवर क्लब के 14वें नगर चैंपियनशिप में आज छठे लीग मैच का मुकाबला वार्ड 10 बनाम वार्ड 28 के बीच खेला गया।

मैच के पूर्व आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर के निदेशक आनंद सिंह,

प्रशांत कुमार डायरेक्टर सोन राइजिंग स्कूल, डॉ शदाब रेयाज, डॉ एस के निषाद और बंटी पटेल ने खिलाड़ियों से परिचय लिया। मुख्य अतिथि आनंद सिंह ने कहा कि हिमांशु फाउंडेशन एवं बाबा वीर कुंवर सिंह क्लब द्वारा लगातार 14वें नगर चैंपियन लीग मैच का सफल आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि यह हमारे नगर की जीवंतता, एकता और युवाशक्ति का प्रतीक है। लगातार 14 वर्षों तक इस टूर्नामेंट का आयोजन करना अपने आप में एक रिकॉर्ड है। यह साबित करता है कि जब संकल्प मजबूत हो, उद्देश्य स्पष्ट हो और सेवा भाव सच्चा हो तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती। इस लीग ने न केवल खिलाड़ियों को मंच दिया, बल्कि खेल के माध्यम से अनुशासन, भाईचारा और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को भी बढ़ावा दिया है। आज के समय में जब युवा पीढ़ी मोबाइल और नशे जैसी बुराइयों की ओर आकर्षित हो रही है, ऐसे में इस प्रकार के खेल आयोजन उन्हें सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।

यह टूर्नामेंट युवाओं के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। मैं हिमांशु फाउंडेशन और बाबा वीर कुंवर सिंह क्लब की पूरी टीम को हृदय से बधाई देता हूं जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद इस परंपरा को जीवित रखा और इसे नगर की पहचान बना दिया।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा नोटिस**

**सं०– 55 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं०–21–डीडीयू–व०मं०इंजी०–III–25–26 (i) कार्य का नाम एवं लोकेशनः** वरीय मंडल इंजीनियर/III/डीडीयू के अधीन ट्रैक संबंधी सहयोगी कार्यो के लिए 52 kg, 60 kg/60E1, R260 ग्रेड रेल के लिए एल्युमिनो थर्मिट वेल्डिंग पोर्सन की आपूर्ति और पर्यवेक्षण।, **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 3755181.00, **(iii) धरोहर राशिः** रू० 75100.00

**निविदा सं०–22–डीडीयू–व०मं०इंजी०–III–25–26 (i) कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सहायक मंडल इंजीनियर/जपला के अधीन बीडी अनुभाग में सेप्टिक टैंक, सड़क, नाली, छत रिसाव उपचार आदि के निर्माण द्वारा कॉलोनी का सुधार।, **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 18761637.61, **(iii) धरोहर राशिः** रू० 243800.00

**निविदा सं०–23–डीडीयू–व०मं०इंजी०–III–25–26 (i) कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सहायक मंडल इंजीनियर/जपला के अधीन अंकोरहा स्टेशन बीडी अनुभाग में रनिंग स्टाफ के लिए 10 यूनिट टाइप–II क्वार्टर का निर्माण।, **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 20383799.60, **(iii) धरोहर राशिः** रू० 251900.00

**(vii) सभी ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 09.02.2026 को 12:00 बजे तक, **(viii) वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in**

**नोटः विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।**

मंडल रेल प्रबन्धक,
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1638/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/25–26/52



**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू**

**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 17/2025-26

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 20.01.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 20.01.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 29.01.2026 (अपराह्न 2:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 30.01.2026 (अपराह्न 3:00 बजे )
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Chainpur | Upgradation of JSLPS Office Building | 1041500.00 | 20830.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-17/ 2025-26/ Gr-01 |
| 2 | Chainpur | Campus Development & Up - Gradation of Sanitary Pad and Napkin Making Center. | 2674600.00 | 53492.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-17/ 2025-26/ Gr-02 |

नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/– जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 370874 District (25-26)_D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना (नोटिस)**


Form no- 5 (See Section 84 of the BNSS-2023)
IN THE COURT OF SRI NARENDRA KUMAR
JUDICIAL MAGISTRATE FIRST CLASS, GARHWA
BHANDARIYA P.S CASE NO- 06 of 2021

TO,
The Officer Incharge of Bhandariya P.S

WHEREAS Complaint has been made before me that 1. Nitesh Yadav aged- 36 yrs S/o- Lt. Babui Yadav has committed (or is suspected to have committed) the offence... Punishable under section- 147/148/149/452/323/307/506 of the IPC and Section- 17 of CLA ACT and it has been returned to a warrant of arrest thereupon issued that the said accused cannot be found ;and whereas it has been shown to my satisfaction that the said accused - has absconded ( or is concealing himself to avoid the service of said warranty.)

Proclamation is hereby made that the said accused Nitesh Yadav S/o- Lt. Babui Yadav R/o- Tarwadih , P.S- Maigra, Distt.- Gaya-Bihar is required to appear at- Garhwa , Civil Court, In the Court of Sri NARENDRA KUMAR, J.M. 1st Class At GARHWA (BEFORE ME) - to answer the said complaint on the 10th day of February 2026

Dated, this the 11th day of December 2025

Seal of court

(SIGNATURE)
NARENDRA KUMAR
J.M.1st Class,Garhwa
ID-JHO0675

नाम– (1) नितेश यादव, उम्र–36 वर्श, पिता–स्व0 बबुई यादव, सा0–तरवाडीह, थाना–मैगरा, जिला–गया (बिहार) आपको सूचित किया जाता है कि आप भंडरिया थाना कांड सं0–06/2021 दिनांक–06.01.2021, धारा–147, 148, 149, 452, 323, 307, 506, भा0द0वि0 एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे हैं। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक–11.12.2025 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–10.01.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार चल रहे हैं। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक–10.02.2026 तक माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–10.02.2026 तक माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 370881 (Police)25-26*D

## एक नजर

### 14 आरोपितों के घर में चिपकाया इश्तेहार

**नारदीगंज,नवादा**। थाना क्षेत्र के बुच्ची गांव में अलग अलग कांड के 14 आरोपितों के घर में पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने कहा बुच्ची गांव में 14 आरोपितों के घर में पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है। जिसमे नारदीगंज थाना कांड संख्या 330/2025 के प्राथमिकी आरोपित अनुज कुमार पिता अमीरक महतो, रंजीत कुमार पिता सुरेश महतो, दीपू कुमार पिता कपिल महतो, सुबोध महतो पिता केदार महतो, बिट्टू कुमार पिता सुरेश महतो, अभिमन्यु उर्फ़ गोरेलाल पिता सुरेश महतो, गुड्डू कुमार पिता तुलेश्वर महतो, पवन महतो पिता देव महतो, सुभाष महतो पिता राजो महतो, राजो महतो पिता प्यारे महतो के घर में इश्तेहार चिपकाया गया है। इसके अलावा कांड संख्या 329/2025 के प्राथमिकी आरोपित राहुल कुमार पिता राधे साव, कुंदन कुमार पिता मधुसूदन साव, अरविंद साव पिता भगत साव, सचिन कुमार पिता अरुण साव के घर में इश्तेहार चिपकाया है।

### ई-केवाइसी और किसान फार्मर का शिविर आयोजित

**नारदीगंज,नवादा**। प्रखंड के विभिन्न पंचायत में शनिवार को शिविर आयोजित हुई। इस शिविर में ई-केवाइसी और किसान फार्मर का कार्य हुआ। ननौरा पंचायत में कृषि समन्वयक संजय कुमार और राकेश कुमार पासवान ने किसानों का ई-केवाइसी और किसान फार्मर का कार्य किये। कृषि समन्वयक संजय कुमार ने कहा इस पंचायत में ई-केवाइसी 597 और किसान फार्मर 267 किसानों का अभी तक हुआ है। यह शिविर सभी पंचायतों में आगामी 21 जनवरी तक होगा। उन्होंने कहा इकेवाईसी कराने वाले किसानों को ही कृषि विभाग से सम्बंधित योजनाओं का लाभ मिलेगा। वही जो डिमांडधारी किसान होंगे, वैसे किसानों का ही किसान फार्मर होगा।

### युवराज क्रिकेट क्लब की लगातार दूसरी जीत



**नवादा**। जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा द्वारा कादिरगंज खेल मैदान में आयोजित वी डिवीजन में लीग के दूसरे मुकाबले में आज यंग स्टार क्रिकेट क्लब का मुकाबला युवराज क्रिकेट क्लब से हुआ। यंग स्टार के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 29 ओवर में 145 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। यंग स्टार के बल्लेबाज मोहित राज ने 43 प्रणव ने 30 जबकि यश कुमार ने 21 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। गेंदबाजी करते हुए युवराज क्रिकेट क्लब के गेंदबाज प्रिंस कुमार ने चार जबकि सनी ने दो विकेट लिए। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी युवराज क्रिकेट क्लब की टीम ने 24 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 146 रन बनाकर मैच को जीत लिया युवराज क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज मार्कस यादव ने 79 जबकि धरम कुमार ने एक बार फिर से 53 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। इस मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले हैं गेंदबाज प्रिंस कुमार को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई।

### सोशल मीडिया पर बाइक स्टंटिंग मामले में कार्रवाई, 31 हजार रुपये का जुर्माना

**नवादा**। 15 जनवरी 2026 को सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर एक वीडियो प्रसारित हुआ, जिसमें एक युवक द्वारा सार्वजनिक सड़क पर दोपहिया वाहन से खतरनाक स्टंट किया जा रहा था। उक्त कृत्य न केवल वाहन चालक के लिए, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य राहगीरों एवं आमजन की जान के लिए भी अत्यंत जोखिमपूर्ण था। मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में आते ही संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में कादिरगंज थाना द्वारा वायरल वीडियो का सत्यापन किया गया, जिसमें स्टंट कर रहे युवक की पहचान डबलू चौधरी, पिता—गोविंद चौधरी, निवासी—अंदर बाजार मुस्लिम टोला, कादिरगंज बाजार एवं दोपहिया वाहन के रूप में की गई। संबंधित युवक द्वारा अपनी गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों की पुनरावृत्ति नहीं करने की शपथ भी ली गई। जिला प्रशासन जिले के समस्त युवाओं को निर्देशित करता है कि वे यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें तथा इस प्रकार के खतरनाक स्टंट अथवा लापरवाह वाहन संचालन से पूर्णतः परहेज करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव

नवादा। अकबरपुर थाना क्षेत्र के कुम्हार बिगहा ग्राम के श्मशान घाट के समीप 45 वर्षीय एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद किया गया है। शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों ने एक युवक का शव पड़ा देखा, जिसकी सूचना अकबरपुर थाना पुलिस को दिया गया। जिसके बाद पुलिस दल - बल के साथ पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतक की पहचान नवादा जिले के अकबरपुर थानाक्षेत्र के कुम्हार बिगहा ग्राम निवासी कौलेश्वर यादव के 45 वर्षीय पुत्र मनोज यादव के रूप में किया गया है।

स्थानीय लोगों एवं परिजनों का कहना है कि युवक की हत्या हुई है और उसका गुप्तांग भी क्षतिग्रस्त है। घटना के बाद परिजनों में मातम छा गया और पुलिस से हत्यारे को पकड़ने और कार्रवाई की मांग की गई। काफी हल्ला-हंगामा होने के बाद मौके पर रजौली डीएसपी गुलशन कुमार पहुंचकर लोगों को कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रूनीपुर गांव के श्मशान के पास एक शव मिलने की सूचना मिली थी जिसके बाद हमलोग यहां पहुंचे हैं। प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत होता है। विशेष पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों द्वारा दिए जाने वाले आवेदन के बाद जांच के बाद पता चलेगा। परिजन द्वारा अभी लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। पुलिस हर बिंदु पर जांच करते हुए अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

### पुराना स्टेशन पर मिला नवजात शिशु

**नवादा**। नवादा के पुराना स्टेशन परिसर से शनिवार की सुबह लावारिस अवस्था में एक नवजात शिशु (लड़का) के मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 की टीम को दिया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर नवजात शिशु को अपने कब्जे में कर इलाज के लिए सदर अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया। चिकित्सक के अनुसार, बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ है। लावारिस अवस्था में शिशु मिलने के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है।

### बिजली चोरी पर बड़ी कार्रवाई, पांच लोगों पर 78,864 रुपये का जुर्माना

**बिहारशरीफ**। बिंद थाना क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ बिजली विभाग की टीम ने शुक्रवार को सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न गांवों में मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली उपयोग करते हुए पांच लोगों को रंगे हाथ पकड़ा गया। विभाग ने सभी आरोपियों पर कुल 78,864 रुपये का जुर्माना लगाया है और उनके खिलाफ बिंद थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। कनीय विद्युत अभियंता कुमारी श्वेता सिन्हा ने बताया कि जहाना गांव की जयरानी देवी पर 24,634 रुपये तथा संजीत पासवान पर 19,830 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं मिराचक गांव के अजय राउत पर 12,663 रुपये, उतरथु गांव के सुखदेव पासवान पर 17,318 रुपये और योगेंद्र दास पर 9,240 रुपये का जुर्माना किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी आरोपी मीटर के पहले अवैध कनेक्शन लगाकर बिजली चोरी कर रहे थे, जिससे विभाग को आर्थिक क्षति हो रही थी। छापेमारी के दौरान अवैध कनेक्शन काट दिए गए और विधिसम्मत कार्रवाई की गई। कुमारी श्वेता सिन्हा ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान चलाया जाएगा और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# महिलाएं निर्भीक होकर रच रहीं आत्मनिर्भरता की नई इबारत : श्रवण कुमार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**वेन (बिहारशरीफ)**। ग्रामीण आकाश में आज एक नई रोशनी खिली—आत्मनिर्भरता की, सम्मान की और साहस की। वेन प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में जीविका दीदी के कैंटीन का भव्य उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक सह बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जीविका से दीदियों की जिंदगी संवर रही है। वे अब निर्भीक होकर रोजगार की राह पर चल रही हैं और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं।

मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि उपहार जीविका महिला ग्राम संगठन की दीदियां इस कैंटीन का संचालन करेंगी, जिससे 7 से 8 महिलाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। अब कार्यालय आने वाले आमजन को चाय-नाश्ता के लिए भटकना नहीं पड़ेगा—शुद्ध, स्वादिष्ट और सुलभ भोजन उन्हें यहीं, सस्ते दरों पर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल सुविधा है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के सपनों को पंख देने वाली एक मजबूत उड़ान भी है।

उन्होंने याद दिलाया कि जीविका पिछले 17 वर्षों से ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की मशाल जलाए हुए है। आज वही मशाल वेन प्रखंड में उजाले की तरह चमक रही है। सदर समेत तीन अस्पतालों में पहले से ही "दीदी की रसोई" सफलतापूर्वक संचालित हो रही है, और अब यह कैंटीन भी उसी आत्मनिर्भर बिहार की कहानी लिखेगी।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने कहा कि "पूर्वी चंपारण की प्रगति ही बिहार की समृद्धि है।" मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के हर नागरिक को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य व रोजगार सुविधा देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समृद्धि यात्रा के माध्यम से मुख्यमंत्री जमीनी हकीकत की समीक्षा कर नई योजनाओं को धरातल पर उतार रहे हैं और जनता से सीधा संवाद कर उनकी जरूरतों को समझ रहे हैं—यही विश्वास आज बिहार की पहचान बन चुका है। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित कई समाजसेवी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वातावरण में उम्मीद की खुशबू थी, और दीदियों की आंखों में आत्मविश्वास की चमक—जैसे कह रही हों, "हम तैयार हैं, अपने सपनों को सच करने के लिए।" वेन की धरती पर आज आत्मनिर्भरता ने एक नया गीत गाया, और बिहार की महिलाएं उसकी सबसे खूबसूरत धुन बन गईं।

# हत्या मामले में चार आरोपितों को आजीवन कारावास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)**। न्याय की धीमी मगर अटल धारा आखिरकार मंजिल तक पहुँची। प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार पांडे की अदालत ने शनिवार को वर्ष 1991 के बहुचर्चित हत्या कांड में चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए प्रत्येक पर 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। अर्थदंड अदा नहीं करने की स्थिति में अभियुक्तों को पांच माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

इसके साथ ही आर्म्स एक्ट के तहत दो अभियुक्तों को तीन-तीन वर्ष का साधारण कारावास एवं प्रत्येक पर 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड नहीं देने पर दो माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। प्रभारी अपर लोक अभियोजक राजाराम सिंह ने बताया कि चंडी (थरथरी) थाना कांड संख्या 375/1991 से संबंधित सत्रवाद संख्या 609/1992 में कझीयावां नारायणपुर गांव निवासी अर्जुन गोप, धुरी गोप, करेली गोप एवं कारू उर्फ बिजेंदर गोप को भादवि की धारा 302/149 तथा शस्त्र अधिनियम की धारा 27(ए) के तहत दोषी करार दिया गया। विदित हो कि 11 नवंबर 1991 की सुबह करीब आठ बजे राइफल, बंदूक और गड़ासे से लैस आरोपियों ने कझीयावां नारायणपुर गांव में श्याम शरण प्रसाद की निर्मम हत्या कर दी थी। घटना के दौरान भोनू गोप को जान से मारने की नीयत से हमला कर गंभीर रूप से घायल किया गया, वहीं सिकंदर प्रसाद पर भी गोली चलाई गई थी। इस मामले में तीन अन्य अभियुक्तों की पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी है। आपसी रंजिश को इस जघन्य वारदात का कारण बताया गया। दशकों तक चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद सजा के बिंदु पर सुनवाई पूरी होने पर अदालत ने यह ऐतिहासिक फैसला सुनाया—जहां कानून की आवाज़, समय की धूल को चीरती हुई, पीड़ित परिवार के लिए उम्मीद बनकर लौटी।

# प्रखंड स्तर पर क्रेच का संचालन करने का प्रस्ताव विभाग को भेजने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जिलाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष मे आई.सी.डी.एस./ वन स्टाप सेन्टर / अल्पावास गृह अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा संबंधित पदाधिकारियों के साथ की गई।समीक्षा के क्रम में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई.सी.डी.एस. श्रीमती रचना ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत लाभुकों को कम भुगतान रतनी फरीदपुर परियोजना मे किया गया है, जिसके लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, रतनी फरीदपुर से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि भविष्य में टेक होम राशन (टीएचआर) का वितरण जिला स्तर से गठित जांच दल की निगरानी में फेस रिकग्निशन सिस्टम (एफआरएस)के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही विभागीय निदेशानुसार टीएचआर का वितरण किया जाए। इसके साथ ही सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर आधारभूत सुविधा यथा- बिजली, पेयजल, शौचालय इत्यादि को शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने प्रखंड मुख्यालय में पदस्थापित महिला कर्मियों की तेजी से बढ़ती संख्या को देखते प्रखंड स्तर पर क्रेच का संचालन करने का प्रस्ताव विभाग को भेजनें का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को जिला पदाधिकारी ने दिया।

# स्वच्छ भारत मिशन व लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की प्रगति की डीडीसी ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। उप विकास आयुक्त शुभम कुमार ने विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने ग्राम पंचायतों द्वारा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन मद में व्यय की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सभी पंचायतों को योजना अनुसार खर्च की गई राशि का यूसी समय पर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में ओडीएफ मॉडल गाँवों की प्रगति की समीक्षा करते हुए ऐसे गाँवों को चिन्हित कर मॉडल गाँव के रूप में मार्क करने का निर्देश दिया गया। निर्माणाधीन अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों को शीघ्र पूर्ण कराने की भी बात कही गई। डिजिटल कम्युनिकेशन मॉनिटरिंग सिस्टम के तहत पंजीकृत परिवारों व हितधारकों को स्वच्छता संबंधी संदेश व्हाट्सएप के माध्यम से साझा करने तथा भेजे गए संदेशों के संदर्भ में फीडबैक कॉल एवं गृह भ्रमण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने सभी योजनाओं में तेज प्रगति लाने पर बल दिया। मनरेगा योजनांतर्गत युक्त धारा पोर्टल पर योजनाओं की प्रविष्टि समय पर पूर्ण करने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत चिन्हित परिवारों की सूची के सत्यापन कार्य में तेजी लाने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में निदेशक अजीत कुमार प्रसाद, पन्ना लाल (निदेशक, एनइपी), सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), जिला समन्वयक, जिला सलाहकार , प्रभारी पदाधिकारी, जिला वित्त प्रबंधक, जिला अंकेक्षण प्रबंधक, सहायक अभियंता (मनरेगा) सहित सभी कार्यक्रम पदाधिकारी एवं प्रखंड समन्वयक उपस्थित रहे।

### डीएम ने वेन में कटिंग-सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

# ग्रामीण महिलाओं को मिलेगा रोजगार का बड़ा अवसर : डीएम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने वेन प्रखंड के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण केंद्र तथा जीविका द्वारा संचालित कटिंग-सिलाई सेंटर का निरीक्षण किया। यह केंद्र ग्रामीण महिलाओं को जीविकोपार्जन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। बिहार सरकार की पहल जीविका और आईसीडीएस विभाग के बीच हुए MoU के तहत नालंदा के सभी बीस प्रखंडों में लगभग एक हजार दीदियों को सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया है। बेन प्रखंड को जिला स्तरीय कटिंग सेंटर के रूप में विकसित किया गया है, जहां कुल 155 विद्युत यांत्रिक सिलाई मशीनें स्थापित की गई हैं। इस सेंटर में आंगनबाड़ी बच्चों की स्कूल वर्दी के कपड़े की कटिंग की व्यवस्था की गई है। यहाँ से कटे हुए कपड़े 20 प्रखंडों सहित कुछ अन्य जिलों के सिलाई केंद्रों को भेजे जाएँगे। उसके बाद दो सेट की ड्रेस सिलाई कर गुणवत्ता जांच के साथ आंगनबाड़ी केंद्र को उपलब्ध कराई जाएगी। जिला स्तरीय कटिंग सेंटर के लिए आवश्यक रो मैटेरियल की आपूर्ति जानकी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा की जाएगी। इस पहल से नालंदा के प्रत्येक प्रखंड में हजारों ग्रामीण महिलाओं को रोजगार मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने डीपीएम जीविका को निर्देश दिया कि कटिंग सेंटर में सभी सामग्रियों को व्यवस्थित ढंग से रखा जाए तथा स्टोर रूम को पूर्णतः सिस्टमैटिक बनाया जाए। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी हिलसा, डीपीएम जीविका, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अभियुक्तों के आवास पर पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। नवादा जिले के नारदीगंज थाना कांड संख्या 329/25 एवं 330/25 में मारपीट और हत्या के प्रयास के मामले में फरार अभियुक्तों के खिलाफ नवादा पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने नारदीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बुच्ची में अभियुक्तों के आवास पर विधिवत इश्तेहार चिपकाया। बताया गया कि आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई थी, जिसमें गंभीर रूप से मारपीट की गई और हत्या के प्रयास की घटना सामने आई। इस संबंध में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की थी, लेकिन नामजद अभियुक्त घटना के बाद से फरार चल रहे थे। एसडीपीओ सदर-02 के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव पहुंचकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय के भीतर अभियुक्त आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। नवादा पुलिस ने आमजन से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# मॉडर्न क्रिकेट लीग का लगातार तीसरी बार विजेता बना कुंती नगर विद्यालय



**खेल से शारीरिक विकास के साथ आपसी भाईचारा होता मजबूत : डॉ अनुज**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। नगर के कुंती नगर स्थित मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के खेल मैदान में मॉडर्न क्रिकेट लीग 2026 का फाइनल मुकाबला उत्साह और रोमांच के साथ संपन्न हुआ। फाइनल मैच मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल, हिसुआ और मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, कुंती नगर के बीच खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए कुंती नगर की टीम ने खिताब अपने नाम कर लिया। मुख्य अतिथि मॉडर्न शैक्षणिक संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अनुज सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया। टॉस जीतकर हिसुआ के कप्तान राजू कुमार ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कुंती नगर की टीम ने कप्तान आदित्य राज (15), प्रिंस राज (22), प्रत्युष (27) और पीयूष यादव (10) की मदद से 10 ओवर में 105 रन बनाए। हिसुआ की ओर से अभिजीत सिंह ने 5 विकेट लेकर शानदार गेंदबाजी की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिसुआ की टीम 10 ओवर में 81 रन ही बना सकी। राजू कुमार (25) और राज आर्यन (13) ने संघर्ष किया, लेकिन टीम जीत से दूर रह गई। कुंती नगर ने 24 रन से मुकाबला जीतकर लगातार तीसरी बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अभिजीत सिंह को दिया गया। डॉ. अनुज कुमार ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और खेल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताया।

# मोटरसाइकिल बरामद, चोर की शिनाख्त जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदिया सेक्टर-बी में बीते शुक्रवार की देर शाम को पुलिस की सतर्कता से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रजौली थाना में पदस्थापित एएसआई सत्यदेव प्रसाद पुलिस बलों के साथ गश्त ड्यूटी पर थे। इसी दौरान उन्होंने हरदिया सेक्टर-बी इलाके में एक संदिग्ध युवक को मोटरसाइकिल के साथ आते देखा। किंतु जैसे ही युवक की नजर पुलिस वाहन पर पड़ी,वह घबरा गया और मोटरसाइकिल को मौके पर छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए छोड़ी गई बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया और थाना ले आई। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि मोटरसाइकिल चोरी की है।

**पटना के चौक थाना से चोरी हुआ था मोटरसाइकिल**

पुलिस ने जब्त मोटरसाइकिल के इंजन और चेचिस नम्बर से जांच किया,तो उसके मालिक का नाम और पता की जानकारी मिली।जब मोटरसाइकिल के मालिक वैशाली जिले के सुभाष कुमार से फोन करके पड़ताल की गई,तो पता चला कि हीरो के काले रंग की स्प्लेंडर प्लस को पटना के चौक थाना क्षेत्र के कंगन घाट के समीप से बीते वर्ष 2025 के 7 जून को चुराया गया है और उसकी प्राथमिकी चौक थाना कांड संख्या 212/25 में दर्ज है। मोटरसाइकिल मालिक ने बताया कि वे अपनी पत्नी के साथ चौक थाना क्षेत्र अंतर्गत कंगन घाट के समीप संध्या में गंगा आरती देखने गए थे, जब वे आरती के बाद लौट,तो उनके मोटरसाइकिल को अज्ञात लोगों ने चुरा लिया था।

**विभिन्न अपराधों में होता है चोरी के मोटरसाइकिल का उपयोग**

अंतरजिला से चुराकर लाए गए मोटरसाइकिलों का उपयोग शराब परिवहन में मुख्य रूप से किया जा रहा है। इसके पीछे का मुख्य कारण रजौली थाना क्षेत्र बिहार-झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र और आसपास के जंगली क्षेत्रों से घिरी हुई है। शराब धंधेबाज ज्यादातर शराब की खेप बिहार क्षेत्र में पहुंचाने के लिए चोरी के मोटरसाइकिल का ही करते हैं। पुलिस बलों और उत्पाद बलों द्वारा शराब के साथ जब्त मोटरसाइकिल भी अधिकांशतः चोरी की ही पाई जाती है। रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने कहा कि जब्त चोरी की मोटरसाइकिल को लेकर सनहा दर्ज कर लिया गया है एवं संबंधित थाने को सूचित किया गया है।

# फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल का रजत जयंती समारोह धूमधाम से संपन्न



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिले के आनंद नगर, चातर स्थित फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल में आज 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर रजत जयंती समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर विद्यालय परिसर उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सह विद्यालय अध्यक्ष प्रो. बिजय कुमार, उपाध्यक्ष श्रीनिवास, महामंत्री धर्मेंद्र प्रसाद सिंह, मंत्री मनोज कुमार मिश्रा, वर्धमान महावीर महाविद्यालय के वरीय प्राध्यापक प्रो. रतन कुमार मिश्रा, एसकेएम कॉलेज के इतिहास विभाग के प्रो. (डा.) देवेंद्र कुमार सिन्हा तथा कोडरमा एसोसिएशन के पदाधिकारी सीताराम सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नवल किशोर यादव, सदस्य बिहार विधान परिषद एवं विभा देवी, विधायक नवादा विधानसभा को विद्यालय अध्यक्ष प्रो. बिजय कुमार द्वारा माल्यार्पण, पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि नवल किशोर यादव ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण परिवेश में स्थित यह विद्यालय 'गुदड़ी का लाल' है, जहां शिक्षा के साथ संस्कार और भारतीय सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा और शिक्षकों के समर्पण की प्रशंसा की।

कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं मंच संचालकों का योगदान सराहनीय रहा, जिनके प्रयास से यह रजत जयंती समारोह अविस्मरणीय बन गया।

# सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सिरदला (नवादा)। शनिवार को सिरदला थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति कि बैठक आयोजित किया गया। बैठक कि अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपेश कुमार ने किया ।

सिरदला थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के दस पंचायत के करीब बीस स्थान पर सर्वजनिक रूप से ग्रामीण सहयोग के आधार पर विधा की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया जाता है। ग्रामीणों पुलिस के सहयोग सभी पूजा समिति के लोगो से पूजा को लेकर लाइसेंस लेना आनिवार्य होने एवं समय रहते ही लाइसेंस लेने का निर्देश दिया गया। पूजा के दौरान अश्लील गाना,डीजे साउंड, आर्केष्टा, आदि कार्यक्रम पर पुरी तरह बंद रहने का निर्देश दिया गया। मौके पर बिजली विभाग के जेई मो नसरुद्दीन अंसारी के साथ दर्जनों जनप्रतिनिधि मुखिया, समिति, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामबिलाश वर्मा आदि उपस्थित रहे हैं।

# राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में शिक्षा की भूमिका निर्णायक : डॉ प्रेम कुमार

## मगध विश्वविद्यालय में सामाजिक विज्ञान में राष्ट्र की अवधारणा पर राष्ट्रीय सम्मेलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में शनिवार को 'सामाजिक विज्ञान में राष्ट्र की अवधारणाः एक भारतीय परिप्रेक्ष्य' विषय पर 8वें वार्षिक राष्ट्रीय समाज विज्ञान परिषद (आरएसवीपी) राष्ट्रीय सम्मेलन-2026 के प्रथम दिवस का आयोजन किया गया। सम्मेलन सामाजिक विज्ञान के संदर्भ में राष्ट्र की भारतीय अवधारणा पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन, कुलगीत और स्वागत गीत से हुई। सम्मेलन में बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में मगध विश्वविद्यालय के कुलपति एस. पी. शाही, केंद्रीय विश्वविद्यालय दक्षिण बिहार के कुलपति के. एन. सिंह, राष्ट्रीय समाज विज्ञान परिषद के अध्यक्ष प्रकाशमणि त्रिपाठी, परिषद के संरक्षक पी. वी. कृष्ण भट्ट, राजकुमार भाटिया तथा संत महंत विवेकानंद गिरी शामिल रहे। इस अवसर पर सम्मेलन की स्मारिका और राष्ट्रीय समाज विज्ञान परिषद के जर्नल का विमोचन भी किया गया। उद्घाटन सत्र में कुलपति एस. पी. शाही ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि सामाजिक विज्ञान के अध्ययन में राष्ट्र की अवधारणा को भारतीय ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और दार्शनिक संदर्भों में समझना आवश्यक है। उन्होंने भारतीय बौद्धिक परंपरा को केंद्र में लाने पर बल दिया। केंद्रीय विश्वविद्यालय दक्षिण बिहार के कुलपति के. एन. सिंह ने इक्कीसवीं सदी के बदलते वैश्विक परिदृश्य की चर्चा करते हुए कहा कि इन चुनौतियों का समाधान सशक्त समाजविज्ञान के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने राष्ट्र को एक जैविक और सजीव इकाई बताते हुए सामाजिक चेतना की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। पी. वी. कृष्ण भट्ट ने कहा कि सामाजिक विज्ञान के विषयों में पश्चिमी चिंतकों के विचारों की प्रधानता दिखाई देती है जिसके कारण भारतीय परंपरा और स्वदेशी चिंतन को अपेक्षित स्थान नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने भारतीय दृष्टिकोण को अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता बताई। मुख्य अतिथि प्रेम कुमार ने अपने संबोधन में शिक्षा, राष्ट्रीय मूल्यों और भारतीय सांस्कृतिक चेतना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में शिक्षा की भूमिका निर्णायक है तथा भारतीय राष्ट्र की संकल्पना व्यापक, समावेशी और गहन है जो पश्चिमी अवधारणा से भिन्न है। सम्मेलन का मुख्य वक्तव्य चंद्रकला पाड़िया ने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि पश्चिमी विचारों में राष्ट्र को राजनीतिक संरचना माना जाता है जबकि स्वामी विवेकानंद और अरविंद घोष के अनुसार भारतीय राष्ट्र आध्यात्मिकता, संस्कृति और सनातन धर्म में निहित चेतना है। अध्यक्षीय संबोधन में प्रकाशमणि त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्र अस्मिता और सम्मान से जुड़ा होता है तथा ऋग्वेद से लेकर अन्य ग्रंथों में इसकी अवधारणा मिलती है जहां लोकमत को सर्वोच्च माना गया है। सम्मेलन में महा सचिव अमरजीव लोचन, आयोजन सचिव शमशाद अंसारी और विभागाध्यक्ष अंजनी कुमार घोष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दीपशिखा और दिव्या मिश्रा ने किया। अंत में कुलसचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद द्वितीय सत्र में प्लेनरी सत्र और विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित किए गए।

# अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं खेल : डॉ. प्रेम कुमार

## सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में प्रमंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गयाजी।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने गया अंतर्गत सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में आयोजित उमंग 2026 कार्यक्रम के तहत प्रमंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होकर खेल प्रतियोगिताओं का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रेम कुमार ने कहा कि उमंग 2026 जैसे आयोजनों में भाग लेकर उन्हें प्रसन्नता हुई है। उन्होंने कहा कि आज खेल का महत्व न केवल देश में बल्कि पूरे विश्व में स्वीकार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब यह धारणा प्रचलित थी कि खेलकूद करने से भविष्य खराब होता है, लेकिन वर्तमान समय में परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। आज खिलाड़ी खेल के माध्यम से पहचान, सम्मान और आर्थिक सफलता अर्जित कर रहे हैं। प्रेम कुमार ने कहा कि आज विश्व स्तर पर कई खिलाड़ी सबसे समृद्ध व्यक्तियों में गिने जाते हैं, जो खेल की बदौलत संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि खेल से न केवल शारीरिक तंदुरुस्ती बढ़ती है, बल्कि बौद्धिक क्षमता और मानसिक विकास भी होता है। खेल अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा खेलो इंडिया योजना के तहत खिलाड़ियों के प्रोत्साहन, प्रशिक्षण और फिटनेस के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिससे युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार सरकार भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। राज्य में स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय की स्थापना कर युवाओं को बेहतर अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, जिसमें महिला खिलाड़ियों के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने यह भी कहा कि आज भारत के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे आने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के अंत में प्रेम कुमार ने प्रमंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर राज्य और देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर प्राचार्य हिरण कुमार सिंह, संजय सिंह, रामपुकार सिंह, डॉ. करुणा सिंह, राजनंदन गांधी, विनय सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# महावीर कॉलेज में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार का अभिनंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** गया विधानसभा क्षेत्र के माडनपुर बाईपास स्थित महावीर कॉलेज विद्यालय में 17 जनवरी 2026 को बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर महावीर कॉलेज विद्यालय परिवार की ओर से विधानसभा अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति-चिह्न भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रेम कुमार ने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनमें संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभावना का विकास करते हैं, जो भविष्य के सशक्त नागरिकों के निर्माण में सहायक होते हैं। उन्होंने महावीर कॉलेज विद्यालय परिवार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिक्षण संस्थान प्रतिभाओं को निखारकर समाज को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षा से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी भी साझा की गई। समारोह सौहार्दपूर्ण और प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कमलेश कुमार, कामता प्रसाद सिंह, दीपक चंद्रवंशी, मनीष कुमार सिंह, वरुण कुमार, सी. एस. उपाध्याय, डॉ. रजनी कुमारी, आनंद कुमार सिंह, राजनंदन गांधी, अजय सिंह और डॉ. सुनील कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म : डॉ मनीष पंकज मिश्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** भीषण ठंड को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी से जुड़े राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा द्वारा इस सप्ताह गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण का कार्य किया गया। कड़ाके की ठंड में जब सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है, ऐसे समय में डॉ. मनीष पंकज मिश्रा का यह मानवीय प्रयास समाज में सेवा और संवेदना की मिसाल बना है। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोग उपस्थित रहे। डॉ. मिश्रा ने स्वयं अपने हाथों से लोगों को कंबल प्रदान कर उनका हालचाल जाना और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।


**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक................... / दिनांक..................

**आम सूचना**

26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर मेदिनीनगर नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत सभी मीट, मुर्गा एवं मछली की दुकाने बंद रहेगी। मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत मीट, मुर्गा एवं मछली विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि को अपने सभी माँस की दुकानों को बन्द रखेगें। अन्यथा पकड़े जाने पर नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत् कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR 370902 (District) 25-26 (D)


# शेरघाटी में फर्जी जमीन रजिस्ट्री का खुलासा, अंचलाधिकारी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी अंचल क्षेत्र में फर्जी तरीके से जमीन की रजिस्ट्री कराकर ऑनलाइन दाखिल-खारिज कराने का गंभीर मामला सामने आया है। अंचल कार्यालय की जांच में फर्जी दस्तावेजों का खुलासा होने के बाद अंचलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया है। मामले की जानकारी देते हुए शेरघाटी अंचलाधिकारी उषा कुमारी ने बताया कि ऑनलाइन दाखिल-खारिज प्रक्रिया के दौरान एक आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज संदिग्ध पाए गए थे। इसके बाद अंचल कार्यालय स्तर पर विस्तृत जांच कराई गई। जांच के क्रम में कई रजिस्ट्री दस्तावेज पूरी तरह फर्जी पाए गए। जांच में सामने आया कि दस्तावेज संख्या 7499, सीरियल नंबर 7535, टोकन संख्या 7557/23 हसनैन खान, आमस से संबंधित दर्शाया गया था। इसी तरह सीरियल नंबर 3498, टोकन संख्या 3486 तथा सीरियल नंबर 3505/23 मदन मुरारी प्रसाद, इमामगंज से जुड़ा बताया गया। वहीं दस्तावेज संख्या 3499, सीरियल नंबर 3511, टोकन संख्या 3525/23 रवि रंजन कुमार, इमामगंज के नाम से दर्शाया गया। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि इन सभी कागजात को फर्जी तरीके से तैयार किया गया था और इनका किसी भी जमीन से कोई वैध संबंध नहीं था। अंचलाधिकारी ने बताया कि फर्जीवाड़े की पुष्टि होने के बाद शेरघाटी थाना को आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिया गया। इसके आलोक में शेरघाटी थाने में आवेदक मोहम्मद एनामुल हक, पिता सैयद मोहम्मद नाजिम, निवासी लोहार टोली के खिलाफ फर्जी दस्तावेज तैयार करने, गलत तरीके से जमीन रजिस्ट्री कराने और सरकारी प्रक्रिया को गुमराह करने का मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में शेरघाटी थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि अंचल कार्यालय के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन से जुड़ा कोई भी अवैध कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# कोर्ट परिसर से बाइक की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** कोर्ट परिसर में दिनदहाड़े हुई मोटरसाइकिल चोरी की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आमस थाना क्षेत्र अंतर्गत कोर्ट परिसर से बाइक चोरी होने के बाद वकीलों, फरियादियों और आम लोगों में चिंता का माहौल है। डोभी गांव निवासी प्रवीण कुमार अपनी निजी जमीन से जुड़े मामले की पैरवी के लिए 16 जनवरी 2026 को करीब 11:30 बजे शेरघाटी कोर्ट पहुंचे थे।

# बीएसएफ जवान के घर लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी /गयाजी।** खरांटी गांव में बीएसएफ जवान के घर से लाखों के गहनों की चोरी की गयी। चोरों ने रात के अंधेरे में घर के पीछे से घुसकर बंद कमरे का ताला तोड़ दिया और करीब चार से पांच लाख रुपये मूल्य के गहनों की चोरी कर ली। घटना के समय घर में जवान के माता-पिता सोए हुए थे, पर उन्हें चोरी की किसी तरह की भनक नहीं लगी।

# दो पक्षों में मारपीट, आठ नामजद, दो कांड दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के पडरावां गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट को लेकर फर्द बयान के आधार पर शनिवार को कोंच थाना में मामला दर्ज किया गया। इस घटना में दोनों पक्षों की ओर से कुल आठ लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि प्रथम पक्ष की ओर से सुनीता देवी, पति मुकेश यादव के फर्द बयान पर सतीश यादव की पत्नी, सतीश यादव, विक्की कुमार एवं शोभा देवी के विरुद्ध कांड संख्या 13/26 दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से शोभा देवी, पति विक्की कुमार के आवेदन पर चार लोगों के खिलाफ कांड संख्या 14/26 दर्ज किया गया है। इस कांड में खुशी कुमारी, सुनीता देवी, सूर्य कुमार एवं गोवर्धन यादव को आरोपी बनाया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों मामलों में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# अपने हक और अधिकार के लिये शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण : अनिल नंदवंशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती आगामी 27 जनवरी को वजीरगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन के प्रांगण में नंदवंशी (नाई) चेतना मंच के बैनर तले धूमधाम से मनाई जाएगी। इसी रणनीति को लेकर शनिवार को मंच के अध्यक्ष मनोज नंदवंशी उर्फ विद्यासागर की अध्यक्षता में नगर पंचायत के मौलानगर स्थित प्रदीप आरोग्य क्लीनिक में आवश्यक बैठक की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए मंच के जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार नंदवंशी ने कहा कि आजादी के बाद से लेकर अभी तक नाई समाज के लोगों में दिशा और दशा में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, न समाज में और न ही सत्ता में जिसके कारण नाई समाज के अधिकांश आबादी आज भी निम्न स्तरीय जीवन जीने को विवश है। उन्होंने कहा कि नाई समाज का उत्थान सिर्फ उच्च शिक्षा पाकर सत्ता पर कब्जा करना है।


**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)**
Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**पत्रांक – 135/न0प0 , दिनांक – 16/01/2026**

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना**

कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर अंतर्गत Tractor Trolley की आवश्यकता है। Tractor Trolley के क्रय हेतु कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक संवेदक/आपूर्तिकर्ता कार्यालय नगर परिशद्, बिश्रामपुर दिनांक 27.01.2026 तक अपराह्ण 02:00 तक कोटेशन/निविदा जमा कर सकते है। काटेशन/निविदा उसी दिन दिनांक 27.01.2026 अपराह्ण 03:00 बजे खोली जायेगी।

किसी भी समय इस कार्य को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| S.L | Item Name | Specification | Quantity | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Tractor Trolley | **Product Type** - Trolley<br>**Trailer Type** – Fully Trailer<br>**Max Load** – 80000 Kg<br>**Length** – 2700 mm<br>**Hydrolic** – yes | 02 Pc | |

अतः उपरोक्त कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है।

नियम एवं शर्ते :–
1. कोटेशनदाता को अपने दर के साथ GST Registration की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. किसी भी परिस्थिति में कोटेशन में अंकित दर से अधिक राशि भुगतेय नही होगा। साथ ही सामानों की संख्या आवश्यकता के अनुसार बढ़–घट सकती है।
3. आपुर्ति के उपरान्त कार्य संतोशजनक पाये जाने पर ही भुगतान किया जायेगा।
4. कार्यादेश निर्गत के तिथि के बाद एक (01) सप्ताह के अन्दर आपूर्ति पुरा करना होगा।
5. उक्त कार्य का भुगतान आवंटन उपलब्ध हाने के उपरांत ही किया जायेगा।
6. उक्त कार्य से संबंधित विशेषताएँ कार्यालय के सूचना पट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/ Bishrampur/ Bishrampur.aspx पर देखी जा सकती है।

PR.NO.370905 District(25-26):D
प्रशासक, नगर परिषद बिश्रामपुर।


# सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों-जवानों ने सीखा 'आर्ट ऑफ लिविंग'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** सशस्त्र सीमा बल की 29वीं वाहिनी, गया में आयोजित छह दिवसीय 'आर्ट ऑफ लिविंग' कार्यशाला का समापन 17 जनवरी 2026 को किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मानवेन्द्र, उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रभाग) सशस्त्र सीमा बल, गया रहे। कार्यक्रम कमांडेंट मधुकर अमिताभ, 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया तथा राजेन्द्र भारद्वाज, कमांडेंट, क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रभाग), गया की उपस्थिति में संपन्न हुआ। छह दिनों तक चली इस कार्यशाला के दौरान बल कर्मियों को सुदर्शन क्रिया, प्राणायाम, ध्यान, योग एवं नैतिक मूल्यों पर आधारित जीवनशैली का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि इन अभ्यासों को नियमित रूप से अपनाने से मानसिक तनाव, अवसाद और नकारात्मकता से मुक्ति मिलती है तथा व्यक्ति संतुलित और सकारात्मक जीवन जी सकता है। समापन समारोह को संबोधित करते हुए उप महानिरीक्षक मानवेन्द्र ने कहा कि सुदूर और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में कार्यरत बल कर्मियों के लिए तनाव प्रबंधन, ध्यान, प्राणायाम और सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 'आर्ट ऑफ लिविंग' जैसी कार्यशालाएं जवानों के जीवन में संतुलन और अनुशासन स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे मानसिक तनाव में कमी आती है और मानसिक शांति प्राप्त होती है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय की तेज रफ्तार और प्रतिस्पर्धात्मक जीवनशैली में मानसिक संतुलन और आत्मिक शांति बनाए रखना आवश्यक हो गया है। इस प्रकार की कार्यशालाएं व्यक्ति को स्वयं से जोड़ने के साथ-साथ तनाव प्रबंधन और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक सिद्ध होती हैं। साथ ही उन्होंने 'आर्ट ऑफ लिविंग' संस्था और इसके प्रशिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कार्यशाला से उन्हें मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति हुई है जिससे वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन अधिक एकाग्रता और उत्साह के साथ कर सकेंगे।


**खोया-पाया**

मैं संजय कुमार पिता-ध्रुव नारायण सिंह, ग्राम-महुआंव, पोस्ट-कैथी थाना-ओबरा, जिला - औरंगाबाद का निवासी हूं। मैं वर्ष 2010 में श्री स्वामी परांकुशाचार्य संस्कृत महाविद्यालय, हुलासगंज, गया बिहार से प्रथम श्रेणी से उतीर्ण किया हूं जिसका अंक प्रमाण पत्र और मूल प्रमाण पत्र दिपावली के समय वर्ष 2025 में फाइलें साफ-सफाई के समय भूला गया है। शास्त्री (स्नातक) तृतीय खंड का अनुक्रमांकः 155079 है। भूला जाने के कारण मुझे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिसकी सूचना मैं दे रहा हूं।
आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त बातों पर ध्यान देते हुए शास्त्री (स्नातक) अंक पत्र और मूल प्रमाण पत्र दूसरा प्रति निर्गत करने की कृपा की जाए।

**संजय कुमार**
**अनुक्रमांक 155079**
**महाविद्यालयः श्री परांकुशाचार्य महाविद्यालय**
**हुलासगंज, गया (बिहार)**
**मो. 8340582457**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा**

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–30/2025–26**

1.विभाग का नामः– भवन निर्माण विभाग।
2.विज्ञापन दाता का नामः– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल,गढ़वा।
3.परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समयः– 29/01/2026 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
4.मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समयः– 30/01/2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5.मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समयः– 30/01/2026 को 03:30 बजे अपराह्न से।
6.परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में।
2. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में।
7.निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थानः– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर।
8.**कार्य का विवरणः–**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation work of D- Type Quarter No. D-1 Quarter No. D-1 Block Colony Campus Under Garhwa District. | ₹ 5,36,100.00 | ₹ 11,000.00 | ₹ 1,250.00 | 07 दिन |
| 2. | E/R to Store Room of Sadar Hospital, Garhwa under Garhwa Distt for the year 2025-26. | ₹ 5,91,900.00 | ₹ 11,900.00 | ₹ 1,250.00 | 07 दिन |
| 3. | E/R to C Type Quarter 1 Unit (Unit no .C2) and Submersible repair for Judicial at Nagar Untari Under Garhwa District. | ₹ 6,98,900.00 | ₹ 14,000.00 | ₹ 1,250.00 | 07 दिन |

नोटः– निविदा की शर्तें *www.jharkhand.gov.in* एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
***Updated Character PAN, GST Return File Latest,*** जिस संवेदक के नाम से पंजीकरण प्रमाण–पत्र है उसी नाम से बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 मान्य होगा। स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति एवं निविदा प्रकाशन होने की तिथि से निर्गत बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।

• **सिर्फ स्थानिय (जिला–गढ़वा) संवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी।**

**कार्यपालक अभियंता,**
**भवन प्रमण्डल, गढ़वा**

PR 370949 (Building)25-26*D


CMYK

संपादकीय

## चाइनीज मांझे पर सख्ती से आगे की राह

बरसों से मकर संक्रांति और पतंग उड़ाने का उत्सव भारत के हर कोने में धूमधाम से मनाया जाता रहा है। लेकिन, हाल के वर्षों में यह पारंपरिक शौक जानलेवा बन गया। चाइनीज मांझा, जो कांच और धातु के जहरीले मिश्रण से बना होता है, गर्दन रेत रहा है, आंखें फोड़ रहा है और कई बार मौत का पैगाम लेकर आ रहा है। इंदौर, दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों में ऐसी घटनाएं आम हो गईं, जहां साधारण पतंगबाजी दुर्घटना में बदल गई। प्रशासन ने प्रतिबंध लगाया, पुलिस सक्रिय हुई, लेकिन क्या यह काफी है! समस्या की जड़ चाइनीज मांझे के उत्पादन और आयात में है, जिसे रोकना होगा। केवल बिक्री और खरीद पर रोक से यह काला बाजार खत्म नहीं होगा। चाइनीज मांझे की खतरनाक प्रकृति समझना जरूरी है। पारंपरिक मांझा सूत पर कांच का लेप होता था, जो पर्यावरण-अनुकूल और कम घातक था। लेकिन, चीन से आयातित यह मांझा प्लास्टिक कोटिंग के साथ कांच, एल्युमिनियम और कभी-कभी ब्रोमीन जैसे रसायनों से बना होता है। यह इतना तेज होता है कि बाइक सवारों की गला काट देता है, पक्षियों को मार गिराता है और इंसानों को गंभीर चोटें पहुंचाता है। हाल के सालों में मध्य प्रदेश में दर्जनों ऐसे मामले सामने आए, जहां पतंगबाजी के दौरान लोग शिकार बने। एनजीटी ने भी इसे पर्यावरण के लिए हानिकारक घोषित किया। फिर भी, सस्ते दाम और आसानी से उपलब्धता के कारण इसका चलन बढ़ता जा रहा है। प्रशासन प्रतिबंध लगाता है, लेकिन स्थानीय बाजारों में 'चीनी धागा' या 'सुपर मांझा' नाम से यह बिकता रहता है। क्योंकि, प्रशासनिक प्रयासों की कमी है। मकर संक्रांति से पहले पुलिस अभियान चलाती है, दुकानों पर छापे मारती है, लाखों मीटर मांझा जब्त करती है। इंदौर में चाइनीज मांझा पकड़ा गया। लेकिन प्रतिबंध केवल सतही हैं। दंड संहिता के तहत जुर्माना या जेल की धमकी दी जाती है, पर अमल ढीला रहता है। विक्रेता छोटे-छोटे ठेले या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बेचते हैं, जबकि खरीदार उत्सव की धूम में लापरवाह हो जाते हैं। समस्या यह है कि प्रतिबंध बिक्री और उपयोग तक सीमित हैं, स्रोत तक नहीं पहुंचते। चाइनीज मांझा मुख्यतः चीन के गुआंगझू और यिवू जैसे बाजारों से भारत आता है, जो ई-कॉमर्स, अनौपचारिक आयात या स्थानीय नकली उत्पादन के जरिए देश में घुसता है। कस्टम विभाग जब्ती करता है, लेकिन मात्रा विशाल है। 2024 के आंकड़ों के अनुसार, भारत में सालाना करोड़ों मीटर चाइनीज मांझा आता है। इसके समाधान के लिए बहुआयामी रणनीति जरूरी है। सबसे पहले, स्रोत पर चोट करनी होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय को चाइनीज मांझे के आयात पर प्रतिबंध लगाना चाहिए, जैसा कि प्लास्टिक प्रदूषण पर हुआ। कस्टम्स को विशेष निगरानी यूनिट गठित करनी चाहिए, जो डाक, कूरियर और ऑनलाइन आयात पर नजर रखे। स्थानीय स्तर पर नकली उत्पादन रोकने हेतु फैक्ट्रियों की जांच अभियान चलाएं। केवल दमन से काम नहीं चलेगा; जागरूकता अभियान जरूरी हैं। स्कूलों, कॉलोनियों में वर्कशॉप आयोजित कर पारंपरिक मांझे का प्रचार करें। 'चीनी मांझा मुक्त संक्रांति' जैसे कैंपेन चलाकर विक्रेताओं को वैकल्पिक रोजगार दें, जैसे जैविक मांझा निर्माण। मध्य प्रदेश सरकार में कुछ हद तक सख्ती तो हुई, पर इतनी प्रभावी नहीं कि ऐसे जानलेवा मांझे पर रोक लग सके। कानूनी सख्ती के साथ सामाजिक भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। एनजीओ और समाजसेवी क्लब और पक्षी संरक्षण वाले संगठनों को सक्रिय किया जाए। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो दिखाकर खतरे का अहसास कराएं। यदि स्रोत रोका गया, तो बिक्री खुद कम हो जाएगी। उदाहरण यह है कि गुजरात में सामुदायिक प्रयासों से चाइनीज मांझा 70% कम हुआ। केंद्र सरकार को 'पतंग नीति' बनानी चाहिए, जो आयात से उत्पादन तक नियंत्रित करे। यह केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं। उत्सव की खुशी में सुरक्षा का ध्यान रखें। चाइनीज मांझा रोकना है तो स्रोत को सुखाना होगा, न कि केवल पेड़ के पत्ते काटना। तभी हमारा पारंपरिक शौक फिर से सुरक्षित बनेगा।

# असहिष्णु पीढ़ी से नाउम्मीद होता भारत

**भारतीय पढ़े-लिखे लोगों में असहिष्णु मन कुछ ज्यादा ही हावी होने लगे हैं। किसी को भी धैर्य नहीं है। सब अधीर हो रहे हैं। इस प्रकार का वातावरण पहले विश्वविद्यालय कैम्पस में नहीं होते थे। लोगों के भीतर सहन-शक्ति तो होती ही थी। वे अपने आपको प्रतिबद्ध करके कार्यक्रम में मनोयोग से बैठे होते थे। अब देश में विश्वविद्यालय कैम्पस बहुत ही शोर व अधीर से हो गए हैं। इस देश में विश्व गुरू बनते विश्वविद्यालयों की अब यह हालत देखकर लगता है कि इनकी रैंकिंग अब अपनी अधीरता के मापांक पर पहले हो जाएगी और पठन-पाठन, शोध व साधना के लिए विश्व में 500वीं रैंक से बाहर हो जायेगी।**

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**

बीते दिनों गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में एक साहित्यिक संगोष्ठी के दौरान जिस प्रकार की असहिष्णुता सामने आई, वह किसी को भी अप्रिय लगेगी। विश्वविद्यालय की अपनी गरिमा होती है। उसके अपने अनुशासन होते हैं। विश्वविद्यालय कैम्पस में शिक्षार्थी, शोधार्थी और प्रशासन के लोगों का अपना आकाश होता है। इस विद्या मंदिर में कुलपति जी का अपना एक औरा होता है। किसी विश्वविद्यालय कैम्पस में कार्यक्रम की भी अपनी गरिमा होती है। लेकिन जहाँ सभी लोग पढ़े-लिखे बैठे थे, वहीं से एक ऐसी वीडियो वायरल हुई जो देश में चर्चा की विषय बन गयी। चर्चा होती भी क्यों नहीं बात ही कुछ इस प्रकार की उस सभागार में हो गयी।



भारतीय पढ़े-लिखे लोगों में असहिष्णु मन कुछ ज्यादा ही हावी होने लगे हैं। किसी को भी धैर्य नहीं है। सब अधीर हो रहे हैं। इस प्रकार का वातावरण पहले विश्वविद्यालय कैम्पस में नहीं होते थे। लोगों के भीतर सहन-शक्ति तो होती ही थी। वे अपने आपको प्रतिबद्ध करके कार्यक्रम में मनोयोग से बैठे होते थे। अब देश में विश्वविद्यालय कैम्पस बहुत ही शोर व अधीर से हो गए हैं। इस देश में विश्व गुरू बनते विश्वविद्यालयों की अब यह हालत देखकर लगता है कि इनकी रैंकिंग अब अपनी अधीरता के मापांक पर पहले हो जाएगी और पठन-पाठन, शोध व साधना के लिए विश्व में 500वीं रैंक से बाहर हो जायेगी। देश में यह माहौल उस समय पनपा है जब देश के प्रधान मंत्री प्रत्येक दिन भारत के विकसित होने की बात कर रहे हैं और वह यह चाहते हैं की 2047 तक कम से कम भारत विकसित राष्ट्र की श्रेणी में पहुँच जाए। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की अब बात की जाए तो वहां जो कुलपति द्वारा एक नामचीन साहित्यकार को सभागार छोड़कर जाने को कहा गया उस पर बहुत ही गंभीर तरीके से प्रतिक्रिया अखिल भारतीय स्तर पर दर्ज की गयी। ऐसा लगा की यह ऑपरेशन सिंदूर की भांति गोले-तोप व मिसाइल से हमले शुरू हो गए हैं। लंबी पोस्ट सोशल मीडिया पर खूब लिखी गयी। अधिकांश सोशल मीडिया पर लिखी गयी टिपण्णी मनोज रूपड़ा के पक्ष में लिखे गए और कुलपति प्रो। आलोक चक्रवाल के खिलाफ प्रकाशित की गयी। अधिकांश बौद्धिक समाज कहलाने वाला वर्ग रूपड़ा को संयमित, विनम्र और सही टिपण्णी करने के लिए स्मरण किया और उनकी पीठ थपथपाई। कुलपति के खिलाफ जितनी भी बातें हो सकती थी, सब कह दिया। कुछ लोग कुलपति चक्रवाल के अतीत को झांकना, कुछ निकालना और उस पर बरसना शुरू कर दिए। एक लंबा जीवन जीकर कोई भी कुलपति बनता है तो छोटे-बड़े उतार चढ़ाव के बाद ही इस पद तक पहुँचता है। उसके जीवन के अनेक ऐसे पल होते हैं जो संघर्ष, आरोप-प्रत्यारोप में बीते होते हैं। अब भला कौन सा व्यक्ति ऐसा है जिसे डिटर्जेंट में धोकर सरकारें कुलपति बनाती हैं। सभी के ऊपर कोई न कोई आरोप लगाने वाला होता है और कोई न कोई काम नहीं होने देने के सौगंध के साथ कुछ नहीं करेगा तो उसकी कैसे फजीहत हो सकती है, इसके पीछे पूरी ऊर्जा खपत करता है। ऐसी स्थिति में सरकारें जब कुलपति की नियुक्ति करेगी तो कहाँ से कुलपति लाएगी, आकाश से, एआई से या पाताल से क्योंकि पृथ्वी के लोगों में गुण और दोष तो उनके जीवन का हिस्सा होते हैं।

खैर, उस दिन जो कार्यक्रम था वह साहित्य अकादमी के सहयोग से हो रहा था। हिंदी विभाग आयोजक था स्थानीय स्तर पर और स्वाभाविक रूप से कुलपति प्रो। आलोक चक्रवाल उस कार्यक्रम में किसी न किसी रूप में सम्मिलित होंगे। एक कुलपति के अपने जीवन के प्रसंग भी होते हैं, उसे उन्होंने सुनना शुरू किया और उनके मन में जब थोडा देरी होने पर एक बात आई कि और वह भी स्वतःस्फूर्त ही लगी कि उन्होंने पूछा कि क्यों आप बोर तो नहीं हो रहे हैं? इस पर तपाक से कहानीकार मनोज रूपड़ा ने कह दिया विषय पर आप आइये तो अच्छा होता। मनोज रूपड़ा को यह कदाचित नहीं बोलना चाहिए था। जिस कैम्पस में आप बैठे हैं उस कैम्पस के मुख्य अधिकारी प्रशासनिक व अकादमिक रूप से कुलपति ही होते हैं। उन्हें इतनी प्रिविलेज होती ही है कि वह चाहे जितना समय लें, लेकर बोलें। लेकिन मनोज रूपड़ा को लगा की वह अपने लेखक मंडली में बैठे हैं और जो उनके मन में है वह दोस्त से बात कर रहे हैं। यह बात उन्हें अपने समकक्ष लोगों के साथ बोलते हुए सुनना अच्छा लगता है लेकिन कुलपति के लिए उनका इस प्रकार कहना किसी भी प्रकार से उचित नहीं था। उन्हें इस बात का भान अगर होता कि वह एक ऐसे सभागार में बैठे हैं जिसका संरक्षक प्रशासकीय व अकादमिक रूप से कुलपति ही है तो वह यह नहीं बोलते लेकिन लेखकों की बिरादरी भी अपनी मर्यादा कभी कभी भूल जाती है और वह कुछ भी बोल जाती है, यह एक सचाई है।

विश्वविद्यालय परिसर में किसी भी संगोष्ठी व सम्मेलन में प्रतिभागिता करते हुए लेखक हों या कोई सरकार में मंत्री व प्रशासन के लोग सबको यह ख्याल रखना चाहिए कि यह उनकी अपनी सर्किल नहीं है अपितु यह एक अकादमिक स्थल है और अकादमिक स्थल में विद्यार्थी, शोधार्थी, शिक्षक हैं। उन पर हमारे बोलने का असर होगा। हम मर्यादित होकर गरिमा के अनुकूल संसदीय व शिष्ट ही होकर पेश आयें। लेकिन असहिष्णु व बेचैन इस समय की कोई भी कम्युनिटी हो यह नहीं सोच रही है कि वह कहाँ बैठी है और क्या बोल रही है। उसके आचरण किसको प्रभावित करने जा रहे हैं। प्रायः हमने कई कार्यक्रमों में देखा कि जो भी ऑडियंस है वह बार-बार अपनी मोबाईल देखती है। शिक्षक भी देखते हैं और कुलपति भी। इतनी अगर आपके पास समय की कमी है और आप इतने ही व्यस्त हैं तो ऐसी कार्यक्रमों में जाने की ज़रूरत नहीं है। प्रधान मंत्री भी प्रत्येक दिन कार्यक्रम में रहते हैं और वह मोबाईल देखा करें तो कभी भी वह इतने सारे कार्यक्रमों में न जा सकेंगे और न कुछ बोल सकेंगे न ही उस कार्यक्रम की गरिमा ही रहेगी। अब सोचने वाली बात यह है कि क्या ये जो लोग बार-बार अपनी मोबाइल से खुद व अपने आस-पास के लोगों को प्रभावित करते हैं, वे प्रधान मंत्री से भी अधिक विजी हैं?

इस बेचैन, अधीर और असहिष्णु खेप से तो भारत का भला होना नहीं है, एक बात तो तय है। कुलपति प्रो। चक्रवाल को भी थोडा सा संयम दिखाना चाहिए था लेकिन अगर वे उस सभागार में छोड़ देते मनोज रूपड़ा को कुछ बिना कहे तो वह जिंदगी भर यह कहते कि हम गुरू घासीदास विश्वविद्यालय में गए थे और कुलपति ने मुझसे पूछा तो हमने तो वहीँ उनको लताड़ दिया था। इसलिए भी चक्रवाल ने जो कहा वह उचित है और विश्वविद्यालय परिसर में किस प्रकार की बातें होनी चाहिए और किस तरह की नहीं होनी चाहिए उस पर उनका एक प्रशासनिक तरीके का सन्देश है जिसे किसी दबाव में आकर एकदम से गलत भी नहीं कहा जा सकता। लेकिन सहिष्णुता कैसे कायम होगी, इस पर हमारी चिंता आज बढ़ गयी है और देश का भला कैसे होगा अब यह भी चिंता का विषय है क्योंकि आज की पीढ़ी जिस प्रकार से एक-दूसरे के साथ पेश आ रही है वह देश हित में तो नहीं है।

अध्यात्म

## एकाग्रता को जीवन का आधार बनाएं

आज हमारा मन मोबाइल, सोशल मीडिया और अनावश्यक सूचनाओं में बंटा रहता है। विवेकानंद जी सिखाते हैं कि जब तक मन एक जगह टिकता नहीं, तब तक ज्ञान स्थायी नहीं होता। रोज कम से कम 15-20 मिनट एकाग्र होकर किसी एक कार्य पर ध्यान केंद्रित करें, ऐसा करने से एकाग्रता बढ़ेगी। ये किस्सा उन दिनों का है, जब स्वामी विवेकानंद देश के अलग-अलग हिस्सों में घूम रहे थे। उनके साथ उनके एक गुरु भाई भी रहते थे। स्वामी जी का जीवन स्वाध्याय, सत्संग और कठोर तप से भरा हुआ था। जहां भी जाते, वहां का वातावरण नहीं, बल्कि वहां का ज्ञान भी उन्हें आकर्षित करता था। किसी नई जगह पहुंचते ही उनकी पहली खोज होती थी - कोई अच्छा पुस्तकालय। एक स्थान पर उन्हें एक पुस्तकालय मिला, वहां पहुंचकर विवेकानंद जी ने सोचा कि यहां कुछ दिन रुककर अध्ययन किया जाए। रोज उनके गुरु भाई पुस्तकालय से संस्कृत और अंग्रेजी की मोटी-मोटी किताबें लाते। अगले दिन विवेकानंद जी उन्हें पढ़कर लौटा देते। ये क्रम कई दिनों तक चलता रहा। इतनी जल्दी-जल्दी किताबों का आना-जाना देखकर पुस्तकालय का अधीक्षक (लाइब्रेरियन) चकित रह गया। उसे लगा कि शायद ये किताबें केवल देखने के लिए ले जाई जाती होंगी। एक दिन उसने स्वामी जी के गुरु भाई से कहा कि इतनी भारी किताबें रोज क्यों ले जाते हैं? अगर देखनी ही हैं तो यहीं देख लीजिए। गुरु भाई ने शांत स्वर में उत्तर दिया कि आप गलत समझ रहे हैं। स्वामी विवेकानंद इन पुस्तकों को पूरी गंभीरता से पढ़ते हैं। ये सुनकर लाइब्रेरियन और भी हैरान हुआ और उसने विवेकानंद जी से मिलने की इच्छा जताई। अगले दिन जब भेंट हुई, तो स्वामी जी ने कहा कि महाशय, मैंने न केवल इन पुस्तकों को पढ़ा है, बल्कि इन्हें याद भी कर लिया है। ये कहकर उन्होंने कुछ किताबों के अंश शब्दशः सुना दिए। लाइब्रेरियन हैरान रह गया। उसने पूछा कि इतनी अद्भुत स्मरण शक्ति का रहस्य क्या है? स्वामी विवेकानंद मुस्कराए और बोले कि जब मन पूरी तरह एकाग्र होता है, तो ज्ञान स्वयं मन पर अंकित हो जाता है। ध्यान और निरंतर अभ्यास से मन की धारण शक्ति बढ़ती है। ध्यान यानी मेडिटेशन केवल आध्यात्मिक अभ्यास नहीं, बल्कि मानसिक प्रशिक्षण है। नियमित रूप से ध्यान करने से मन शांत होता है, स्मरण शक्ति बढ़ती है और निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होती है। सुबह या रात का समय ध्यान के लिए सबसे अच्छा होता है।

# न्याय व्यवस्था में जमानत और गरीबी का सवाल

**जिला स्तर पर ऐसे तंत्र विकसित करने की जरूरत है, जो यह सुनिश्चित करें कि किसी व्यक्ति को केवल गरीबी के कारण जेल में न रहना पड़े। गरीब कैदी अपनी बात अदालत तक पहुंचा सकें, यह सुनिश्चित करने के लिए कानूनी सहायता सेवाओं को मजबूत करना होगा क्योंकि जरूरी नहीं कि हर जज किसी कैदी के पोस्टकार्ड को याचिका मान ही ले। जेलों को दंड के नहीं बल्कि सुधार के स्थान के रूप में देखने की सोच विकसित की जरूरत है। ऐसा होने पर ही अदालती फैसलों को सही मायने में कियान्वित किया जा सकेगा। समाधान साफ हैं, बस इच्छाशक्ति की जरूरत है।**

**अमरपाल सिंह वर्मा**

राजस्थान हाईकोर्ट ने हाल में उम्रकैद की सजा भुगत रहे एक कैदी खरताराम की चिट्ठी को ही याचिका मानकर सुनाए गए फैसले में कहा है कि गरीबी कोई अपराध नहीं है और न ही यह किसी व्यक्ति को उसके अधिकारों से वंचित करने का आधार बन सकती है। पाली जिले का निवासी खरताराम हत्या के एक मामले में 2014 से सजा काट रहा है। जिला पैरोल कमेटी ने 29 सितंबर 2025 को उसे चौथी बार 40 दिन की नियमित पैरोल पर रिहा करने का आदेश दिया लेकिन इसके साथ 25-25 हजार रुपए के दो जमानती पेश करने की शर्त जोड़ दी गई। आर्थिक रूप से बेहद कमजोर होने के कारण खरताराम यह शर्त पूरी नहीं कर सका। उसके पास वकील करने तक के पैसे नहीं थे, इसलिए उसने जेल से ही पोस्टकार्ड भेजकर हाईकोर्ट से गुहार लगाई। हाईकोर्ट ने न केवल उसकी याचिका सुनी बल्कि इस फैसले को ऐसे मामलों में एक नजीर के रूप में स्थापित कर दिया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि पैरोल या जमानत की शर्तें तय करते समय अधिकारियों को मशीनी रवैया छोड़कर मानवीय और संवैधानिक दृष्टि अपनानी होगी।

यह फैसला केवल एक कैदी को राहत देने तक सीमित नहीं है बल्कि यह उस व्यापक समस्या की ओर इशारा करता है, जिसमें देश में हजारों गरीब कैदी फंसे हुए हैं। सवाल केवल पैरोल का नहीं है। सवाल उस व्यापक ढांचे का है, जहां जमानत, पैरोल और अर्थदंड जैसे कानूनी प्रावधान गरीब व्यक्ति के लिए राहत नहीं बल्कि नई सजा बन जाते हैं। देश की जेलों में आज भी बड़ी संख्या में ऐसे कैदी बंद हैं जिन्हें अदालतें जमानत या पैरोल दे चुकी हैं लेकिन पैसे के अभाव में वे सलाखों के पीछे ही पड़े हैं। कई ऐसे भी हैं जिनकी सजा की अवधि पूरी हो चुकी है मगर जुर्माना भरने में असमर्थ होने के कारण उन्हें रिहाई नहीं मिल पा रही। इस तरह कानून की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद भी कैद केवल इसलिए जारी रहती है क्योंकि वह व्यक्ति गरीब है। इसका सबसे सीधा असर जेलों पर पड़ता है। जेलें अपनी निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक भरी हुई हैं। विचाराधीन बंदियों की संख्या बहुत बड़ी है। जेलों में भीड़ के कारण कम जगह तथा सीमित संसाधनों का परिणाम खराब स्वास्थ्य सुविधाओं के रूप में निकलता है। जेलों में अपराधियों को रखने के पीछे सुधार का मूल उद्देश्य भटक चुका है।



यह समस्या कितनी गंभीर है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 26 नवंबर 2022 को संविधान दिवस के अवसर पर स्वयं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को कहना पड़ा कि देश की जेलों में हजारों ऐसे कैदी बंद हैं जिनके पास जमानत पर रिहाई का कोर्ट आदेश तो है लेकिन जमानत राशि के पैसे नहीं हैं। उन्होंने अदालतों और सरकार से इन कैदियों के लिए समाधान निकालने की अपील की थी। राष्ट्रपति की इस टिप्पणी के दो दिन बाद ही सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए केंद्र और राज्यों से रिपोर्ट तलब कर ली। इसके बाद फरवरी 2023 में सर्वोच्च अदालत ने इस मुद्दे पर सात महत्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी किए। अदालत की मंशा साफ है कि जमानत आदेश की सार्थकता तभी है, जब वह वास्तव में किसी को जेल से बाहर ला सके। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पेश एक रिपोर्ट में सामने आया कि जनवरी 2023 तक 5,380 ऐसे कैदी थे, जिन्हें जमानत मिल चुकी थी लेकिन वे अब भी जेलों में बंद थे। सबके मामलों में कारण पैसे का अभाव का ही था। 2023 में ही सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल अदालतों को निर्देश दिए कि वे जमानत की शर्तें तय करते समय कैदियों की आर्थिक स्थिति पर भी विचार करें। अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि अगर जमानत की शर्तें कैदी की हैसियत से परे हैं तो ऐसी जमानत का कोई अर्थ नहीं रह जाता। राजस्थान हाईकोर्ट का फैसला भी इसी सोच की अगली कड़ी है। सुप्रीम कोर्ट की इसी संवैधानिक सोच का अनुसरण करते हुए राजस्थान हाई कोर्ट ने अब यह महत्वपूर्ण फैसला दिया है। इसमें हाईकोर्ट ने माना है कि पैरोल एक सुधारात्मक अधिकार है, यह अमीरों का विशेषाधिकार नहीं है।

कोर्ट ने अधिकारियों की उस प्रवृत्ति पर कड़ी नाराजगी जताई है, जिसमें हर मामले में एक जैसी जमानत शर्तें थोप दी जाती हैं। यह भी नहीं देखा जाता है कि कैदी उन्हें पूरा करने की स्थिति में है या नहीं। हाई कोर्ट द्वारा जारी की गई छह सूत्रीय गाइडलाइन से इस बात का संकेत मिलता है कि अदालतें अब केवल आदेश देने तक सीमित नहीं रहना चाहतीं, बल्कि उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर भी बल देना चाहती हैं। अदालतें बार-बार निर्देश दे रही हैं लेकिन बड़ा सवाल है कि नीतियों और आदेशों का धरातलीय क्रियान्वयन क्यों नहीं हो पा रहा है? सुप्रीम कोर्ट पहले ही अनावश्यक गिरफ्तारी, रिमांड और जमानत के बावजूद जेल में बंद रखने की प्रवृत्ति पर नाराजगी जता चुका है। कोर्ट ने गरीब कैदियों की मदद के लिए एक मानक प्रक्रिया और फंड की व्यवस्था की बात भी कही है लेकिन अधिकांश राज्यों में यह पहल धरातल पर पहुंचने का इंतजार है। हाल में हरियाणा सरकार ने फैसला किया है कि वह गरीब कैदियों को जमानत या जुर्माना भरने में आर्थिक सहायता देगी। जमानत के लिए एक लाख रुपये तक और जुर्माने के लिए 25 हजार रुपये तक दिए जाएंगे। यह एक सकारात्मक कदम है जिसे अपवाद नहीं बल्कि नियम बनाया जाना चाहिए। सभी राज्यों को ऐसी योजनाएं लागू करनी होंगी। जमानत और पैरोल की शर्तें तय करते समय आर्थिक स्थिति का वास्तविक आकलन होना चाहिए। जिला स्तर पर ऐसे तंत्र विकसित करने की जरूरत है, जो यह सुनिश्चित करें कि किसी व्यक्ति को केवल गरीबी के कारण जेल में न रहना पड़े। गरीब कैदी अपनी बात अदालत तक पहुंचा सकें, यह सुनिश्चित करने के लिए कानूनी सहायता सेवाओं को मजबूत करना होगा क्योंकि जरूरी नहीं कि हर जज किसी कैदी के पोस्टकार्ड को याचिका मान ही ले। जेलों को दंड के नहीं बल्कि सुधार के स्थान के रूप में देखने की सोच विकसित की जरूरत है। ऐसा होने पर ही अदालती फैसलों को सही मायने में कियान्वित किया जा सकेगा। समाधान साफ हैं, बस इच्छाशक्ति की जरूरत है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

अपने निजी सपनों और महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए प्रयत्न करने का अनुकूल समय है। दूसरों की जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान देना होगा।

**वृषभ**

आज आपका मन कई बातों में उलझ सकता है, लेकिन सही योजना से सब संभल जाएगा। सीखने और सवाल पूछने के लिए अच्छा दिन है।

**मिथुन**

किसी भी काम करने में जल्दबाजी न करें। नकारात्मक विचार की वजह से आप अपने लक्ष्य भटक सकते हैं, इस बात का अवश्य ध्यान रखें।

**कर्क**

सभी कार्य सफलतापूर्वक पूरे होंगे। व्यापार अच्छा चलेगा, लाभदायक समझौते हो सकते हैं। भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी।

**सिंह**

आज सामने आने वाले अवसरों पर निगाह रखें। किसी व्यक्ति पर हद से ज्यादा विश्वास करना आपके लिए नुकसानदायक साबित होगा।

**कन्या**

आज धैर्य और स्थिरता आपकी पहचान बनेगी। जो काम अधूरे थे, उन्हें पूरा करने का अच्छा अवसर मिलेगा। पढ़ाई में ध्यान केंद्रित रहेगा।

**तुला**

कुछ लोग आपकी मानहानि करने की परिस्थितियां बना सकते हैं। जो कारोबारी प्रॉपर्टी खरीदने और बेचने का कार्य करते हैं, उन्हें बड़ी डील हाथ लग सकती है।

**वृश्चिक**

आज संवेदनशीलता और कल्पनाशीलता बढ़ी रहेगी। कला, लेखन या संगीत में रुचि हो सकती है। परिवार का भावनात्मक सहयोग मिलेगा।

**धनु**

खर्च की अधिकता रह सकती है। धन संबंधी मामले में अतिरिक्त सावधानी बरतें। किसी से सलाह लेकर ही पैसा निवेश करें। अपने मनमौजी बर्ताव पर काबू रखें।

**मकर**

आज आपके अंदर कुछ नया करने की इच्छा जागेगी। पढ़ाई या किसी प्रोजेक्ट में अलग तरीका अपनाने से अच्छे नतीजे मिल सकते हैं। दोस्तों के साथ बातचीत से नई जानकारी मिलेगी।

**कुंभ**

आज आप भावनात्मक रूप से मज़बूत महसूस करेंगे। परिवार का सहयोग आपको आत्मविश्वास देगा। पढ़ाई या रचनात्मक काम में मन लगेगा।

**मीन**

आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। नेतृत्व से जुड़े कामों में आगे आने का मौका मिलेगा। पढ़ाई में मेहनत का अच्छा परिणाम मिल सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग के खिलाफ नप प्रशासन का अभियान, वसूला जुर्माना

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग के उपयोग पर प्रतिबंध को लेकर एक बार फिर से नगर परिषद प्रशासन एक्शन मोड में है. डीएम व एसडीओ के निर्देश के आलोक में परिषद के स्वच्छता पदाधिकारी अपर्णा कुमारी के नेतृत्व में शनिवार को टीम ने रामजीचक, सगुना मोड, मैनपुरा व हाथीखाना मोड दुकानों में छापेमारी अभियान चलाया. अभियान के दौरान नगर प्रशासन की छापेमारी टीम में पुलिस पदाधिकारी भी साथ थे. छापेमारी के क्रम में अभियान दल ने लगभग दर्जन भर दुकानों से कुल 10.5 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग बरामद किया व कई दुकानदारों से कुल 10650 रुपए जुमार्ना भी वसूल किया. मौके पर स्वच्छता पदाधिकारी अपर्णा कुमारी ने आर्थिक दंड लगाने के साथ ही संबंधित वैसे दुकानदारों को निकट भविष्य में प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग किसी भी सूरत में नहीं करने की कड़ी चेतावनी दी . हर हाल में संबंधित अधिनियम के शत प्रतिशत अनुपालन करने निर्देश दिया. इस दौरान परिषद के नगर प्रबंधक ब्रजेश सिंह नप कर्मी साथ थे. इस बीच धावादल द्वारा अचानक ही सगुना व मैनपुरा में छापेमारी से दुकानदारों में एकबारगी फिर हड़कंप मच गया.

### सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना में शनिवार की संध्या सरस्वती पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व थाना अध्यक्ष बृज किशोर सिंह ने की इस मौके पर अंचलाधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह थाना के पदाधिकारी सहित दर्जनों पूजा मंडली के सदस्य मौजूद थे। बैठक में वार्ड सदस्य सभी पूजा आयोजक एवं शहर के बुद्धिजीवी लोग उपस्थित हुए। प्रशासन द्वारा पूजा आयोजन समिति को यह निर्देश दिया गया कि सभी पूजा आयोजक को थाने से लाइसेंस लेना है। पूजा के दरमियान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा यदि कोई डीजे बजाते हैं तो उन पर प्रशासनिक कार्रवाई होगी। इसके साथ ही साथ मूर्ति विसर्जन के लिए निर्धारित रूट से ही जाएंगे। पूजा पंडाल के अंदर आग से सुरक्षा की व्यवस्था भी करना अनिवार्य होगा। विसर्जन के दौरान किसी भी तरह का हंगामा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर आयोजक मंडली को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

### आंखों की जांच कर चश्मा का वितरण

ग्रामीणों के लिए बेहतर पहल-विधायक



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ब्यापुर पंचायत में जागृति नारी शक्ति महिला स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के द्वारा ग्लासेस फॉर लाइवलीहुड प्रोजेक्ट के माध्यम से 35 से 60 वर्ष के सैकड़ो महिलाओं की आंख जांच कर चश्मा का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि आज के समय मे ग्रामीण इलाके में इस तरह का कार्य काफी अनुकरणीय है। इससे पंचायत में रहनेवाले लोगो को बल मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जागृति के अध्यक्ष बबिया देवी व संचालन मुख्य कार्यपालक अखिलेश कुमार ने किया। मौके पर पीसीआई के मो एजाज,विकास कुमार,संदीप,देवेंद्र कुमार, अमितेश, मीना, रिक्की, मधु, उर्मिला, चित्रलेखा, अभय, कुलरंजन सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### नेत्र जांच शिविर व चश्मा वितरण आज

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ठाकुर राम मथुरा प्रसाद हाई स्कूल के प्रांगण में रबिवार को मुफ्त नेत्र जांच शिविर एवं चश्मा वितरण का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजन समाजसेवी सह ब्लैक फारेस्ट के संचालक अशोक जयसवाल के द्वारा किया जाएगा। शिविर में मोतियाबिंद का ऑपरेशन मुफ्त ऑपरेशन एवं नेत्र जांच शिविर सह चश्मा का मुफ्त वितरण किया जाएगा। शिविर में छपरा के डॉक्टरों की टीम के ईलाज किया जाएगा। शिविर का प्रचार रथ घोड़ासहन एवं बनकटवा प्रखंड में घुमाया जा रहा है। दिव्यांग संघ के संयोजक उदय जयसवाल ने बताया कि समय समय पर ऐसा आयोजन किया जाता है।

### 26 जनवरी को होगा भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह



**सुगौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दक्षिणी सुगांव पंचायत के मुखिया प्रभाकर मिश्रा ने शनिवार को पंचायत भवन सरकार प्रांगण में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि बीते कई वर्षो से 36 जनवरी के अवसर पर पंचायत स्तर पर प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है । इस कार्यक्रम के तहत मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाता था, जिससे बच्चों का मनोबल बढ़े और वे आगे और बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष किसी कारणवश यह कार्यक्रम सीमित रहा और केवल तीन पंचायतों के छात्र-छात्राओं को ही इसमें शामिल किया गया था। हालांकि, इस वर्ष कार्यक्रम को व्यापक रूप दिया गया है। इस बार नौ पंचायतों के मेधावी छात्र - छात्राओं को प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल किया जाएगा। मुखिया प्रभाकर मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष न केवल मैट्रिक बल्कि इंटरमीडिएट सहित अन्य शैक्षणिक स्तरों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा खेल, सामाजिक सेवा एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाशाली लोगों को भी मंच पर सम्मान प्रदान किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों और युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और वे शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और समारोह को भव्य एवं यादगार बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

### उत्तर बिहार में घना कोहरा बना बड़ी चुनौती, धूप के बावजूद ठंड से राहत नहीं

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में दिन के समय धूप लौटने से लोगों को कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन उत्तर बिहार में छाया घना कोहरा अब भी आम जनजीवन के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटों के दौरान राज्य का मौसम पूरी तरह शुष्क बना रहा, जबकि सुबह के समय कोहरे के कारण कई इलाकों में दृश्यता बेहद कम दर्ज की गई। पूर्णिया में न्यूनतम दृश्यता मात्र 550 मीटर रही, जिससे सड़क, रेल और हवाई यातायात पर असर देखने को मिला।ठंड और कोहरे के लगातार बने हालात को देखते हुए प्रशासन ने एहतियाती कदम भी उठाए हैं। पटना जिले में बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए सभी स्कूलों की टाइमिंग में अस्थायी बदलाव किया गया है। जिला प्रशासन के आदेश के अनुसार, अब स्कूलों का संचालन सुबह 9 बजे से किया जा रहा है। यह व्यवस्था फिलहाल 20 जनवरी तक लागू रहेगी, ताकि घने कोहरे और ठंड के दौरान बच्चों को सुबह के समय बाहर निकलने में होने वाली परेशानी से बचाया जा सके। उत्तर बिहार के तराई इलाकों में हालात ऐसे रहे कि वाहन चालकों को दिन में भी हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा।

# रामकृष्णानगर में शराब तस्करी का खुलासा तीन लाख से अधिक की विदेशी शराब जब्त

## गेस्ट हाउस के गोदाम और दो वाहनों से भारी खेप बरामद, चार गिरफ्तार



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामकृष्णानगर थाना क्षेत्र के जकरियापुर स्थित ओम गेस्ट हाउस के पास शुक्रवार सुबह मद्य निषेध विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए विदेशी शराब की तस्करी का खुलासा किया है. गेस्ट हाउस के गोदाम और दो वाहनों से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई, जबकि चार तस्करों को मौके से गिरफ्तार किया गया. मध्य निषेध विभाग के अधकारी प्रेम ने बताया कि सूचना मिली थी कि ओम गेस्ट हाउस के नीचे स्थित गोदाम से विदेशी शराब की खेप निकाली जाने वाली है. सूचना मिलते ही पुलिस टीम का गठन किया गया और सुबह करीब 9 बजे छापेमारी की गई. छापेमारी के दौरान गेस्ट हाउस के पास खड़ी एक पिकअप वाहन की तलाशी ली गई, जिसमें विदेशी शराब लदी हुई मिली. इसके बाद पुलिस ने गेस्ट हाउस के गोदाम की तलाशी ली, जहां से और भी विदेशी शराब बरामद की गई. मौके पर संदेह के आधार पर पास खड़ी एक ब्रेजा कार की भी तलाशी ली गई, जिसमें से भी विदेशी शराब जब्त की गई. छापेमारी में गोदाम से 8 कार्टन, पिकअप वाहन से 17 कार्टन और ब्रेजा कार से 7 कार्टन विदेशी शराब बरामद की गई.कुल मिलाकर 32 कार्टन में 367 पीस विदेशी शराब जब्त की गई, जिसकी कुल मात्रा लगभग 275.25 लीटर आंकी गई है. जब्त शराब की अनुमानित बाजार कीमत करीब 3 लाख 30 हजार रुपये बताई जा रही है. मौके से गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान पटना निवासी विजय कुमार तथा हाजीपुर निवासी रंजीत कुमार, आलोक कुमार और सुनील कुमार के रूप में की गई है.

### गैस के पाइप से गला घोंटने की कोशिश

**बाढ़/नबिटा।** बाढ़ के सैयद निहाल हसन कॉलेज के पास कुछ लोगों ने चोंदी निवासी वाहिद और आबिद खान के साथ मारपीट की और जान मारने की नीयत से गैस के पाइप से गला घोटने का प्रयास किया ।वहीं दूसरी तरफ पीड़ित के आईफोन को भी पटक कर क्षतिग्रस्त कर दिया ।इस संबंध में पुलिस ने हमजा, शोएब तथा शादाब के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## स्मैक और नशे के इंजेक्शन के साथ दो गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामकृष्णानगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए दो युवकों को स्मैक और नशे के इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई इलाके में नशे की बिक्री को लेकर मिल रही लगातार सूचनाओं के आधार पर की गई. थाना अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिल रही थी कि रामकृष्णानगर इलाके में स्मैक और नशे के इंजेक्शन की खुलेआम बिक्री की जा रही है. 15 जनवरी की देर रात पुलिस टीम ने छापेमारी कर दो संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भूतनाथ बहादुरपुर हाउसिंग कॉलनी निवासी बमबम कुमार और पूर्वी लोहानीपुर, राजेन्द्र नगर निवासी सोनू कुमार के रूप में की गई है. तलाशी के दौरान दोनों के पास से भारी मात्रा में नशे का सामान बरामद किया गया. पुलिस ने आरोपियों के पास से 02 एमएल के 44 पीस नशा करने वाले इंजेक्शन, 02 एमएल के 59 पीस नशा करने वाले इंजेक्शन, एक आईफोन मोबाइल और एक हीरो मोटरसाइकिल बरामद की है. बरामद मोटरसाइकिल का इस्तेमाल नशे के कारोबार में किया जाता रहा है.

### कोडीन सिरप तस्करी का खुलासा, एक गिरफ्तार

**दो गोदामों से 10 हजार से अधिक बोतल अवैध कफ सिरप बरामद**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामकृष्णानगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध नशा कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी का खुलासा किया है. इस कार्रवाई में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी निशानदेही पर दो गोदामों से भारी मात्रा में अवैध कफ सिरप बरामद की गई है. थाना अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस को बीते कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि रामकृष्णानगर इलाके में अवैध रूप से कोडीन युक्त कफ सिरप की बिक्री और भंडारण किया जा रहा है. 16 जनवरी को एक व्यक्ति को अवैध कफ सिरप के साथ पकड़ा गया. गिरफ्तार आरोपी की पहचान सहरसा जिले के सलखुआ थाना क्षेत्र स्थित गोरदा गांव निवासी सिन्दू कुमार के रूप में की गई है.पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने दो अलग-अलग गोदामों में छापेमारी की, जहां बड़ी मात्रा में कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद किया गया. छापेमारी के दौरान कुल 100 एमएल की 10,270 बोतल कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 1,027 लीटर बताई जा रही है.पुलिस का मानना है कि यह खेप अवैध नशा कारोबार के लिए संग्रहित की गई थी और इसकी आपूर्ति पटना सहित अन्य इलाकों में की जानी थी.

## बेलछी प्रखंड में रोजगार मेला का आयोजन

## ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने किया मेला का उद्घाटन



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल अंतर्गत बेलछी प्रखंड प्रांगण में शनिवार को रोजगार मेला का सफल आयोजन किया गया। इस रोजगार मेला में आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों की संख्या में युवक-युवतियां पहुंचे। रोजगार की तलाश में आए लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार रहे। मंत्री श्रवण कुमार ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और अपने हाथों से दर्जनों चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। नियुक्ति पत्र पाकर युवाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस मौके पर मंत्री सरवन कुमार ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि हर हाथ को काम मिले और युवाओं को रोजगार के लिए बाहर न जाना पड़े। ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। रोजगार मेला में विभिन्न निजी कंपनियों और विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां युवाओं का पंजीकरण किया गया और मौके पर ही चयन प्रक्रिया पूरी की गई। प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## सड़क किनारे युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के गाभतल पंचशील नगर स्थित जीतन इनक्लेव के सामने सडक किनारे से एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 और स्थानीय पुलिस को दिया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन करना शुरू कर दिया. स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार की रात दस बजे दुकान के चबूतरे पर युवक बैठा हुआ था. प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि रात में बर्थडे पार्टी से घर लौटे रहे थे तो सडक किनारे एक युवक बेहोश पडा हुआ था. मृतक के शरीर पर कहीं चोट का निशान नही है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया.

## डिफेंस स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष ने सागर मैत्री कार्यक्रम के पांचवे मिशन का किया शुभारंभ




**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डिफेंस स्टैंडिंग कमिटी के अध्यक्ष सह सांसद राधा मोहन सिंह ने शनिवार को कोच्चि नवल बेस के आईएनएस वेंडुरोथी में आईएनएस सागरध्वनी के फ्लैग ऑफ समारोह को सम्बोधित किया। बतादे कि 2019-2023 से 4 सफल मिशन को पूरा करने के बाद, डीआरडीओ का समुद्र विज्ञान अनुसंधान पोत, सागर मैत्री कार्यक्रम के पांचवें मिशन की ऐतिहासिक यात्रा का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि सागर मैत्री कार्यक्रम क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और सागर विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति घोषणा के तहत डीआरडीओ की एक अनूठी पहल है। विशिष्ट वैज्ञानिक घटक" मैत्री समुद्री और संबंध अंतर्विषयक प्रशिक्षण और अनुसंधान पहल विशेष रूप से हिंद महासागर रिम आईओआर देशों ओमान, मालदीव, श्रीलंका, थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया और म्यांमार के बीच महासागर अनुसंधान में सामाजिक आर्थिक पहलुओं के साथ साथ गहरी वैज्ञानिक चचाओं में घनिष्ठ सहयोग बढ़ाने हेतु डीआरडीओ की एक पहल है। उन्होंने कहा कि यह वैज्ञानिक अभियान संयुक्त सहयोगी अनुसंधान के लिए अवसर प्रदान करेगा और आपसी हित के क्षेत्रों में एनपीओएल और मालदीव समुद्री अनुसंधान संस्थान के बीच कार्य संबंध स्थापित करेगा। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## दानापुर में जदयू ने चलाया सदस्यता अभियान





**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार प्रदेश जदयू के निर्देशानुसार जदयू पटना महानगर उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह व नगर मंडल अध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में बेलतल रजिस्ट्री कार्यालय के पास जदयू सदस्यता महाअभियान कार्यक्रम चलाया गया. इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक जदयू की सदस्यता ग्रहण की. सदस्यता अभियान में शामिल लोगों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यो सुशासन और सामाजिक न्याय की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ने की बात कही. अभियान के दौरान सभी जाति व समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. जदयू की सदस्यता ग्रहण किया. इस मौके पर विधान परिषद रविंद कुमार ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने पिछले 6 दिसंबर को सदस्यता अभियान शुभारंभ किया था. उन्होंने कहा कि सीएम ने पूरे राज्य में एक करोड़ लोगों को पार्टी का सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है. उन्होंने कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति को लेकर हमलोग घर घर जाकर पार्टी का सदस्य बना रहे हैं और पार्टी का तीन साल का सदस्य बनाया जा रहा है और पार्टी का संगठन का चुनाव कराया जाएगा . उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है.संजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रखंड स्तर पर लगभग 50 हजार सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.इस अभियान के तहत विभिन्न बूथों पर पार्टी कार्यकताओं ने घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया और जदयू की नीतियों व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी. अभियान के दौरान दर्जनों लोगों ने जदयू की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी में अपनी आस्था जताई. कार्यक्रम में सक्रिय कार्यकताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही. मौके पर पटना महानगर अध्यक्ष आसिफ कमाल, वरिष्ठ नेता जय प्रकाश सिंह, किशोर कुमार सिंहा, संजय शर्मा, केवलपति देवी, छठिया देवी, सियाराम सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में किए गए कार्यों से प्रभावित होकर लोग जदयू से जुड़ रहे हैं. मौके पर जदयू नेता अजय कुमार, मुन्ना कुमार, विनोद कुमार, रवि रंजन, प्रमोद कुमार सिंह, दीपक कुमार दास, अखिलेश कुमार समेत आदि मौजूद थे.

### कृषि मंत्री के निर्देश के बाद भी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड नहीं हुआ चालू

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषि मंत्री रामकृपाल यादव के सख्त निर्देश बेअसर साबित हो रहा है. कृषि मंत्री ने 24 दिन पूर्व सिविल सर्जन डॉ अविनाश कुमार को अनुमंडलीय अस्पताल में अल्ट्रासाउंड जल्द चालू करने का सख्त निर्देश देने के बाद आज तक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड चालू नही हुआ है. जिससे गरीब मरीजों को बाहर में निजी अल्ट्रासाउंड जांच केंद्र पर मनमाना पैसे देकर जांच करानी पड़ रही है. जबकि मंत्री श्री यादव को सिविल सर्जन ने आश्वासन दिया था कि अस्पताल में जल्द ही रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक को पदस्थापित किया जायेगा. परंतु 24 दिन बाद भी अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक पदस्थापित नही किया गया है. जिससे स्पताल में अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा बहाल नही किया गया है. बता दे कि तीन माह से अस्पताल में गर्भवती महिला मरीजों का अल्ट्रासाउंड जांच बंद पडा हुआ है और जबकि सभी रोगों का जांच करने के लिए नया अल्ट्रासाउंड जांच मशीन छह माह से कमरे में बंद पडा हुआ है.

## दिनदहाड़े चाकू से युवक की हत्या, परिवार में मातम



**फुलवारीशरीफ/पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र में शुक्रवार को मोहम्मद शाहनवाज नामक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. बताया जाता है कि मृतक मूल रूप से धनरूआ का रहने वाला था और तीन साल पहले उसने प्रेम विवाह नुजहत प्रवीण से किया था. उसके तीन बच्चे भी हैं. पुलिस के अनुसार शाहनवाज फुलवारी शरीफ के खलीलपुरा इलाके में अपने ससुराल में रह रहा था. परिवार के सदस्यों ने बताया कि सुबह लगभग 10:00 बजे वह घर से निकला और किसी ने उसे संगत पर बुलाया था. पत्नी ने कहा कि कॉल करने पर कोई संपर्क नहीं हो सका और दोपहर के बाद पता चला कि वह जख्मी हालत में पड़ा हुआ था. शाहनवाज को फुलवारी शरीफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति देख पीएमसीएच रेफर किया गया. रास्ते में उसकी मौत हो गई. कुछ लोगों का कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आने तक उसने दम तोड़ दिया था. थाना अध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम ने कहा कि मामला स्पष्ट रूप से हत्या का है और मृतक के मोबाइल कॉल डिटेल एवं परिवार से पूछताछ के माध्यम से दोषियों की पहचान की जा रही है. मामले की पूरी तहकीकात की जा रही है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है.

### हत्या और नशे के कारोबार पर बढ़ती चिंता, पुलिस-प्रशासन पर सवाल

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के फुलवारी शरीफ में एक बार फिर हत्या का सिलसिला शुरू हो गया है. पहले दिन ही जहानाबाद से आए एक युवक की हत्या संगत पर के बदमाशों ने कर दी थी. संगत पर पिछले वर्षों से हत्या और अन्य अपराधों के लिए बदनाम रहा है. वहीं, पुलिस लगातार नशे के कारोबारियों को गिरफ्तार कर जेल भेजती रही है, लेकिन शराब, गांजा और स्मैक जैसे मादक पदार्थों पर पूरी तरह लगाम नहीं लग सकी है. कई लोगों का कहना है कि कहीं न कहीं पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत के चलते यह कारोबार खुलेआम जारी है. फुलवारी शरीफ के चुनौती कुआं, पुरानी पोस्ट ऑफिस गली में गांजा की दुकानें खुली हुई हैं. एफसीसी आई रोड टमटम पड़ाव, कचहरी मोहल्ला और ईसापुर-खलीलपुर-नया टोला-करबला क्षेत्र में भी शराब खुलेआम बेची जा रही है. स्थानीय लोगों का कहना है कि शायद ही कोई इलाका ऐसा हो जहां नशे का कारोबार नहीं हो रहा हो.

## 757 वें उर्स की तैयारियों को लेकर प्रशासन की अनुमंडल स्तरीय बैठक, व्यवस्था को लेकर हुई चर्चा



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुप्रसिद्ध सूफी संत हजरत मखदूम शाह कमालुद्दीन अहमद याहया मनेरी रहमतुल्लाह अलैह के 757 वें तीन दिवसीय सालाना उर्स मुबारक की तैयारियों को लेकर शनिवार को अनुमंडल स्तरीय प्रशासनिक बैठक खानकाह में गद्दीनशी सैयद शाह तारिक एनायतूल्लाह फिरदौसी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उर्स के बैठक में दानापुर एसडीओ अनिरुद्ध पाण्डेय ने गद्दीनशीं शाह तारिक एनायतूल्लाह फिरदौसी से तीन दिवसीय उर्स मुबारक में आने वाले अकीदतमंदों (श्रद्धालुओं) की संख्या को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था,हाईमास्ट लाइट, बैरिकेटिंग, शौचालय, चेंजिंग रूम सहित अन्य बातों को चचाएं की। गद्दीनशीं ने बताया कि उर्स में अक्सर देखा जाता है कि मुख्यमंत्री जी के चादरपोशी के जाने के बाद ही प्रशासन व्यवस्था ढीली हो जाती है,इस पर ध्यान रखें, अतिरिक्त पुलिस बल के साथ ही मेले के दौरान तालाब के नजदीक एसडीआरएफ की टीम व रवाक में महिला पुलिस की बंदोबस्त की मांग मौजूद थानाध्यक्ष रजनीश कुमार से की। वहीं एसडीओ ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सिद्धार्थ हर्षवर्धन व नगर परिषद अध्यक्ष विद्याधर विनोद से भी जाना कि नगर की साफ सफाई के साथ ही क्या-क्या अन्य व्यवस्थाएं करते हैं। साफ सफाई व पेयजल के लिए कितने पानी के टैंकर रहेंगे। साथ ही उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ यह भी जाना कि उर्स में आए लोगों के आने और जाने के लिए दो रास्ते अलग अलग बनाई जाए। उर्स मुबारक में आने वाले लोगों के वाहनों के पार्किंग के लिए बड़ी जगह का चयन किया जा रहा है ताकि उर्स के दौरान मेले में कोई भी वाहन प्रवेश न करें, इसके लिए बैरियर सात जगहों पर बने। मेला परिसर में कन्ट्रोल रूम, सीसीटीवी, एम्बुलेंस, चिकित्सक,भवन निर्माण,अग्निशमन की व्यवस्था आदि की भी चर्चा हुई। वहीं बिजली विभाग के अधिकारियों को दरगाह के आसपास बिजली व्यवस्था निर्बाध रखने निर्देश एसडीओ ललित रंजन को दिया। मौके पर बीडीओ सुधीर कुमार, सीओ पूजा कुमारी, थानाध्यक्ष रजनीश कुमार, अधिवक्ता सैयद आसिफ अहमद, नगर कर्मी मुकेश कुमार, नगर प्रबंधक पंकज कुमार, जितेंद्र कुमार, पीएचसी के डॉ.फिरोज, मो.मनौअर, इमरान अली, सुधीर कुमार, चंदन गुप्ता, मिथलेश सागर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## नागा बाबा की स्मृति में सेवा का संगम, प्रेमालोक मिशन स्कूल में सैकड़ों जरूरतमंदों को दिया कंबल



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** परमपूज्य संत श्री नागा बाबा के पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर प्रेमालोक मिशन स्कूल परिसर सेवा, करुणा और मानवीय संवेदना का केंद्र बन गया, जहां सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया. ठंड के इस मौसम में आयोजित इस कार्यक्रम ने गरीबों, असहायों और दिव्यांगजनों के चेहरों पर राहत की मुस्कान बिखेर दी. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, दिव्यांगजन और जरूरतमंद परिवार शामिल हुए.सेवा भाव से ओतप्रोत स्वयंसेवकों ने एक-एक कर सभी लाभार्थियों को कंबल वितरित किए.ठंड से बचाव के लिए यह पहल जरूरतमंदों के लिए बड़ी राहत साबित हुई. इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक गुरुदेव श्री प्रेम ने कहा कि संत श्री नागा बाबा का संपूर्ण जीवन मानव सेवा और त्याग का प्रतीक रहा है। उनकी स्मृति में प्रेमालोक मिशन स्कूल द्वारा पूरे सप्ताह सेवा कार्यक्रम चलाए जाते हैं, जिनमें गरीबों और असहायों की मदद को प्राथमिकता दी जाती है. उन्होंने बताया कि कंबल वितरण के साथ-साथ जरूरतमंदों को गर्म कपड़े, भोज्य सामग्री उपलब्ध कराई जाती है और भंडारे का आयोजन भी किया जाता है. गुरुदेव श्री प्रेम ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही नागा बाबा की सच्ची श्रद्धांजलि है. सेवा के इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को आपसी सहयोग, करुणा और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया जाता है. कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला. आयोजकों का कहना है कि आने वाले दिनों में भी इसी तरह के सामाजिक कार्य जारी रहेंगे, ताकि जरूरतमंदों को ठंड के मौसम में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े.

## संक्षिप्त समाचार

### पुराने भवन के अवशेष की लगी बोली

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बगहा दो स्थित प्लस टू सहकारिता प्रोजेक्ट बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, पटखौली में शनिवार को जर्जर पुराने भवन को ध्वस्त किए जाने के बाद उसके अवशेषों की निविदा प्रक्रिया संपन्न हुई। विद्यालय परिसर में पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित निविदा की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सह बगहा विधायक राम सिंह ने की।न्यूनतम बोली 30 हजार रुपये रखी गई थी, जिसमें विकास बारी ने 32 हजार रुपये की सर्वाधिक बोली लगाकर टेंडर अपने नाम किया। प्राचार्य सह सचिव नागेंद्र प्रसाद सिंह ने संवेदक को एक सप्ताह के भीतर अवशेष हटाने का निर्देश दिया। मौके पर बीईओ फुदन राम, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिंत्य कुमार लाला, ऋतु जायसवाल, विजय साहू, अमरेश श्रीवास्तव सहित शिक्षक व कर्मी उपस्थित रहे।

### बिजली बिल वसूली का लक्ष्य निर्धारित

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल बगहा के लिए जनवरी माह में 11 करोड़ 13 लाख रुपये राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य की प्राप्ति हेतु शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में डोर-टू-डोर अभियान चलाया जा रहा है। कार्यपालक अभियंता आलोक अमृतांशु ने बताया कि प्रमंडल में करीब ढाई लाख उपभोक्ता हैं, जिनमें 1.75 लाख के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। 5 हजार रुपये तक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा करने की अपील की गई है।

### फर्जी आधार-वोटर बनाने वाली दुकान पर की छापेमारी

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा थाना क्षेत्र के इनरवा बाजार में फर्जी तरिके से आधार वोटर व अन्य दस्तावेज बनाने का मामला सामने आया है। इसकी भनक मिलते ही शनिवार को पुलिस प्रशासन द्वारा इनरवा बाजार पहूंच आधार कार्ड, वोटर आईडी समेत अन्य सरकारी प्रमाण पत्र तैयार करने वाली एक ऑनलाइन दुकान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दुकानदार अजय कुमार अपनी दुकान छोड़ फरार हो गया। बीडीओ दीपक कुमार राम ने बताया कि ऑनलाइन दुकान संचालक अजय कुमार द्वारा फर्जी आधार,वोटर व अन्य प्रमाण पत्र बनाने की सुचना मिली थी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान दुकानदार अजय कुमार दुकान छोड फरार हो गया। उसकी दुकान को सील कर मामले की जांच पडताल की जा रही है।

### डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध : थानाध्यक्ष

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर इनरवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने की। जिसमें पूजा समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय गणमान्य लोग शामिल हुए। इस दौरान थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने लोगो से अपिल की। कहा पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने व डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध है। थानाध्यक्ष ने सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का अनुपालन करने की अपिल की।

### पिस्टल लहराने व आपत्तिजनक पोस्ट का मामला, पुलिस की छापेमारी

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी नगर पंचायत क्षेत्र के गोढा बढ़ई टोला निवासी एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर पिस्टल लहराने और एक धर्म विशेष के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी कर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट की जांच की। जांच में आरोप सत्य पाए जाने पर मांझी के थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी देव आशीष हंस ने पुलिस टीम के साथ आरोपी युवक रोहित शर्मा के घर छापेमारी की। हालांकि, पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर सकी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सनहा दर्ज कर साइबर डीएसपी से संपर्क करते हुए विवादित पोस्ट को डिलीट कराया है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक वर्तमान में दिल्ली में रह रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

### सारण कमर्शियल इंस्टीट्यूट के संचालक शेखर नाथ गुप्ता का निधन

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी नगर पंचायत क्षेत्र के मियां पट्टी निवासी तथा एकमा ब्लॉक रोड स्थित सारण कमर्शियल इंस्टीट्यूट के संचालक शेखर नाथ गुप्ता (65) का गुरुवार को लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे पिछले कई वर्षों से ब्लड कैंसर से पीड़ित थे। शुक्रवार को मांझी श्मशान घाट पर उनका दाह संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र प्रभात कुमार गुप्ता उर्फ मिंकू ने दी। अंतिम संस्कार में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और शुभचिंतकों की बड़ी संख्या मौजूद रही। उनके निधन से शिक्षा जगत और स्थानीय समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। लोग उन्हें एक मिलनसार, सरल स्वभाव और शिक्षण के प्रति समर्पित व्यक्ति के रूप में याद कर रहे हैं।

### दो बाइकों की टक्कर में महिला समेत चार घायल

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी-छपरा मुख्य मार्ग पर कौरुधौरु गांव के समीप दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक महिला समेत चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची मांझी थाना पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल महिला और उसके पुत्र को बेहतर इलाज के लिए छपरा रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोपा थाना क्षेत्र के हरदे छपरा निवासी मुन्नी बेगम अपनी मां को मखदूम गंज में दफनाने के बाद बेटे फिरोज आलम के साथ बाइक से घर लौट रही थीं। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। दूसरी बाइक पर सवार रिविलगंज निवासी नीरज कुमार और सचिन कुमार भी इस हादसे में घायल हो गए, जिनका इलाज मांझी सीएचसी में कराया गया।

### सदर अस्पताल की सेंट्रल पैथोलॉजी पर गलत रिपोर्ट देने का लगाया आरोप

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** व्यवहार न्यायालय छपरा के कर्मचारी सरोज कुमार सिंह ने सदर अस्पताल छपरा के चिकित्सा पदाधिकारी को आवेदन देकर अस्पताल में स्थापित सेंट्रल पैथोलॉजी की रिपोर्ट की जांच कराने की मांग की है। आवेदन में उन्होंने बताया कि 5 जनवरी 2026 को वे अपनी मां सोमा देवी (पति स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह) को इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा लेकर गए थे। चिकित्सक के परामर्श पर उन्होंने सदर अस्पताल स्थित सेंट्रल पैथोलॉजी में सीरम क्रिएटिनिन की जांच कराई, जिसकी रिपोर्ट बढ़ी हुई आई। इसके बाद उन्होंने निजी प्रयोगशाला में पुनः जांच कराई, जहां रिपोर्ट सामान्य पाई गई। दोनों रिपोर्टों में अंतर पाए जाने के बाद उन्होंने इस पूरे मामले की जांच कराने के लिए सदर अस्पताल प्रशासन को आवेदन सौंपा है। मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### एमवीआई पर शो-कॉज नोटिस जारी करने का आदेश

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अतुल स्तुति, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी, ने यातायात थाना कांड संख्या 214/25 में जप्त ट्रक के जांच प्रतिवेदन को बार-बार मांगने के बावजूद उपलब्ध नहीं कराने पर मोटर यान निरीक्षक (एमवीआई) के विरुद्ध शो-कॉज नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। न्यायालय में जप्त ट्रक के अधिवक्ता ने बताया कि प्रतिवेदन नहीं आने के कारण ट्रक जनता बाजार थाना परिसर में खड़ा-खड़ा बर्बाद हो रहा है। न्यायालय द्वारा पूर्व में दो बार जांच प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया गया था, लेकिन मोटर यान निरीक्षक की ओर से अब तक कोई जवाब न्यायालय को नहीं भेजा गया। न्यायालय ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए एमवीआई से स्पष्टीकरण तलब किया है।

### बेलहरी में आयोजित पशु बांझपन निवारण शिविर में निःशुल्क इलाज व दवाओं का वितरण



**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के भागवतपुर पंचायत के बेलहरी गांव में पशु बांझपन निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन मुखिया संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव ने फीता काटकर किया। शिविर में बड़ी संख्या में पशुपालकों के पशुओं की जांच कर निःशुल्क उपचार दिया गया तथा आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। पशु चिकित्सा पदाधिकारी मकेर डॉ. ब्रजभूषण सिंह तथा पशु चिकित्सा पदाधिकारी तरैया डॉ. नवीन ने पशुओं की स्वास्थ्य जांच कर बांझपन से संबंधित समस्याओं पर परामर्श दिया। उन्होंने पशुपालकों को पशुओं की बेहतर देखभाल, संतुलित आहार, टीकाकरण तथा नियमित स्वास्थ्य जांच की सलाह दी।

# बेंगलुरु गैस हादसा: दो युवकों के शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम, पसरा मातम

**छपरा/मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेंगलुरु में बीते 9 जनवरी को हुए गैस रिसाव हादसे में असमय काल का ग्रास बने दो युवकों के शव शुक्रवार को गुदार्हा खुर्द गांव पहुंचे। पहला शव करीब ढाई बजे और दूसरा साढ़े चार बजे गांव लाया गया। शव वाहन के गांव में प्रवेश करते ही माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। चीख-पुकार और रुदन-क्रंदन से पूरा गांव दहल उठा। हादसे में जान गंवाने वाले युवक गुदार्हा खुर्द गांव निवासी मोगल मियां के पुत्र मुजफ्फर अली और मो खलील के पुत्र अरबाज आलम थे। शव पहुंचते ही मृतकों की मां बार-बार बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़तीं, जबकि दोनों के पिता फूट-फूटकर रोते नजर आए। भाइयों, बहनों और रिश्तेदारों का भी रो-रोकर बुरा हाल था। जिस घर में कभी खुशियां गूंजती थीं, वहां अब सन्नाटा और मातम पसरा है। मालूम हो कि एक जनवरी को गांव से पांच युवक रोजगार की तलाश में बेंगलुरु गए थे। मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भविष्य संवारने का सपना देखने वाले इन युवकों की जिंदगी एक गैस हादसे ने छीन ली। चाय बनाने के दौरान आग लगने से पांचों युवक गंभीर रूप से झुलस गए थे। इनमें से दो की मौत बुधवार को इलाज के दौरान हो गई। गुरुवार को बेंगलुरु में पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाए गए, जहां अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अंतिम यात्रा के दौरान युवकों के दोस्तों की आंखें भी नम थीं। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी देने की मांग प्रशासन से की है। हादसे में झुलसे तीन अन्य मजदूर अभी भी जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं।

## सप्ताह में दो दिन बिजली संबंधित समस्याओं की होगी सुनवाई

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आम जनों को अपनी समस्याओं को रखने के लिए एक जगह सभी सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सरकार ने एक पहल शुरू की है। यह पहक बिजली उपभोक्ताओं के लिए कारगर साबित होगी। उपभोक्ता अब बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान को लेकर प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कार्यालय में पहुचकर जन सुनवाई के दौरान अपनी समस्या रख सकते है। उनकी समस्याओं की सुनवाई की जाएगी। विद्युत एसडीओ सूचित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बिजली की समस्या का त्वरित समाधान करने के लिए 19 जनवरी से सप्ताह के दो दिन सुनवाई की जाएगी।

# विधायक ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांग-पत्र




**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के दौरान मोतिहारी शनिवार को मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा । अपनी मांग पत्र में विधायक श्री कुमार ने मोतिहारी के विकास से जुड़े कुछ अत्यंत महत्वपूर्ण मांगों पर आधारित माँग पत्र तैयार किया जिसे कल्याणपुर विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह ने मुख्यमंत्री के सुपुर्द किया। मांग पत्र में मोतिहारी घोषित मेडिकल कॉलेज के क्रियान्वयन की बात कही है ताकि अत्याधुनिक सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की स्थापना तत्काल हो सके। इसके साथ वर्षो से बंद पड़े रविन्द्र नाथ आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल, मोतिहारी को पुनः चालू करने, मोतिहारी शहर के बीचों- बीच स्थित मोतीझील पर एक फ्लाईओवर का निर्माण, मोतिहारी के छतौनी पीएसएस में एक अतिरिक्त 10 एमभीए के ट्रांस्फार्मर का अधिष्ठापन, सदर अस्पताल मोतिहारी में एक ई-कंटेनर पीएसएस का निर्माण, एमएस कॉलेज, मोतिहारी के उतर तरफ खाली सरकारी भूमि पर एक अतिरिक्त 10 एमभीए क्षमता के पीएसएस का निर्माण

**मांग पत्र में मोतिहारी में घोषित मेडिकल कॉलेज के क्रियान्वयन की बात कही है ताकि अत्याधुनिक सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की स्थापना तत्काल हो सके**

के साथ शहर के मुख्य पथों पर तारों को अंडर ग्राउण्ड करने की मांग की है। इसके तहत छतौनी चौक, मीनाबाजार, ज्ञानबाबू चैक, जानपुल, स्टेशन, गायत्री मंदिर से मीना बाजार चौक, बरियारपुर जीरो माईल-हवाई अड्डा, कचहरी चैक, बलुआ, सदर अस्पताल से नगर थाना चौक, बलुआ चौक,चांदमारी चैक, चंचल बाबा मठ से लक्ष्मण चैक तक शामिल है। श्री कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह 'समृद्धि यात्रा' मोतिहारी के लिए विकास के नए द्वार खोलेगी। बतादे कि मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार का मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली में इलाज चल रहा है,इसलिए मुख्यमंत्री के मोतिहारी आगमन पर कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर नगर परिषद में बैठक

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर कर्मियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी मुकेश कुमार ने की, जबकि संचालन नगर स्वच्छता पदाधिकारी स्फूर दीप्ती ने किया। बैठक में सफाई जमादार, सुपरवाइजर, स्वच्छता साथी, कंप्यूटर ऑपरेटर व एनकूलएम कर्मियों ने भाग लिया।बैठक में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, रेड व यलो स्पॉट की पहचान कर नियमित सफाई, पारदर्शिता, समयबद्ध कार्य, फोटो अपलोडिंग व डेटा एंट्री पर विशेष जोर दिया गया। स्वच्छता पदाधिकारी ने विद्यालय, धार्मिक स्थल, पार्क, अम्बेडकर चौक, भुनेश्वर चौक, भगत सिंह चौक सहित अन्य स्थानों की नियमित सफाई का निर्देश दिया।

# जिलाधिकारी ने जनता दरबार में सुनीं 45 लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश




**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को आयोजित होने वाले 'जनता के दरबार में जिलाधिकारी' कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने आम लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। कुल 45 लोगों के आवेदनों पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आज प्राप्त आवेदनों में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से 20, पंचायतीराज से 5, स्वास्थ्य विभाग से 3, पुलिस से 3, सामाजिक सुरक्षा से 2, सहकारिता से 2 तथा अन्य विभागों से संबंधित कई मामले शामिल थे। एक शिकायत में फर्जी हस्ताक्षर कर एक भाई द्वारा दूसरे भाई के नाम पर लोन लिए जाने की बात सामने आई, जिस पर जिलाधिकारी ने वरीय उपसमाहर्त्ता (बैंकिंग) एवं एलडीएम को जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। वहीं एक वृद्ध दंपति द्वारा पुत्रों द्वारा देखभाल नहीं किए जाने के मामले में जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी मढ़ौरा को भरण-पोषण अधिनियम के तहत त्वरित सुनवाई करने का निर्देश दूरभाष पर दिया। एक महिला द्वारा अपनी बेटी के इलाज में आर्थिक कठिनाई बताने पर जिलाधिकारी ने तुरंत फोन कर संबंधित पदाधिकारी को आयुष्मान भारत कार्ड बनाने का निर्देश दिया और महिला को वहां भेजा। इसके अलावा अन्य आवेदनों पर भी जिलाधिकारी ने शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# पूर्वी चंपारण में साइबर पुलिस की बड़ी कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी रैकेट का पर्दाफाश

## चार शातिर गिरफ्तार, करोड़ों के संदिग्ध लेन-देन का खुलासा




**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण साइबर थाना पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय साइबर ठगी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। साइबर थाना की विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जिनके जरिए करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेन-देन का खुलासा हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुंदेश कुमार कुशवाहा उर्फ छोटू (निवासी रामगढ़वा), नीरज कुमार (रक्सौल), शुभम कुमार (रक्सौल) और मोहित राज उर्फ रोमी (रक्सौल) के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, ये आरोपी लोगों को मोटे मुनाफे का लालच देकर उनके बैंक खाते, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड और मोबाइल फोन हासिल करते थे और फिर उनका इस्तेमाल देशझविदेश में साइबर ठगी के लिए किया जाता था। पुलिस ने आरोपियों के पास से कई मोबाइल फोन, बैंक पासबुक, चेकबुक और एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन खातों के माध्यम से विभिन्न राज्यों में ठगी की रकम का लेनझदेन किया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इन आरोपियों के खिलाफ तमिलनाडु, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में साइबर ठगी से संबंधित शिकायतें पहले से दर्ज हैं। साइबर थाना पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रैकेट से जुड़े अन्य सदस्यों और अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की जानकारी जुटा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद और भी बड़े खुलासे होने की संभावना है।

# हर सोमवार व शुक्रवार को अधिकारी रहेंगे कार्यालय में उपस्थित



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई, जबकि अनुमंडल, प्रखंड, अंचल एवं थाना स्तर के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े रहे। जिला पदाधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार के सात निश्चय 3 कार्यक्रमों के अंतर्गत सातवां निश्चय सबका सम्मान जीवन आसान है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों के दैनिक जीवन की कठिनाइयों को कम करना है। उन्होंने कहा कि आमजन को कार्यालयों में अधिकारियों की अनुपस्थिति से होने वाली परेशानी को देखते हुए निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक सप्ताह सोमवार और शुक्रवार को पंचायत से लेकर जिला स्तर तक सभी सरकारी कार्यालयों में संबंधित पदाधिकारी अपने कक्ष में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इन दिनों नागरिक सीधे अधिकारियों से मिलकर अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे। अधिकारियों को सम्मानपूर्वक व्यवहार, त्वरित समाधान, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। शिकायतों का पंजी संधारण व अनुश्रवण भी अनिवार्य होगा। यह व्यवस्था 19 जनवरी 2026 से लागू होगी। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन, उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# फॉर्मर आईडी को लेकर 17 से 21 तक सभी पंचायतों में कैंप

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** किसानों का फॉर्मर आईडी बनाने को लेकर दूसरे फेज का कैंप शुरू हो गया है। प्रखंड के सभी पंचायतों में 17 से 21 जनवरी तक कैंप लगाकर किसानों की फॉर्मर आईडी बनाई जाएगी। शनिवार को दूसरे फेज के पहले दिन राजपुर तुमकड़िया, भसुरारी, पुरैनिया हरसरी, केसरिया , गोखुला समेत सभी पंचायतों में किसान रजिस्ट्री को लेकर कैंप लगाया गया और किसानों की फॉर्मर आईडी बनाई गई। हालांकि इस बार भी एग्री स्टेक एप्प के सर्वर पर तकनीकी गड़बड़ी की बात सामने आई है। कई जगहों पर सर्वर स्लो होने के चलते भी समस्या आयी है। वही कैंप में संबंधित किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक और राजस्व कर्मचारी, राजस्व अमीन उपस्थित रहे। बीएओ रोहित गौतम ने बताया कि विभागीय आदेश के आलोक में शनिवार से दूसरे फेज के लिए कैंप लगाया गया है। यह 21 जनवरी तक चलेगा। उन्होंने बताया कि फॉर्मर आईडी बनाने को लेकर सभी किसान कैंप में आकर अपना फॉर्मर रजिस्ट्री करा ले यह सभी किसानों के लिए अनिवार्य है। अन्यथा उन्हें कृषि से संबंधित लाभ से वंचित होना पड़ सकता है। अधिकारी ने ये भी कहा कि किसान सीएससी सेंटर व अपने मोबाइल से भी बिहार एग्री स्टेग पोर्टल के साइट पर जाकर अपना फॉर्मर आईडी बना सकते है।

## ईट सोलिंग से तैयार सड़क की शरारती तत्वों ने ईटें उखाड़ी



**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के श्रीपुर पंचायत के भोरहर गांव स्थित वार्ड 2 में 2023 में 15 वीं वित आयोग से कराई गई ईट सोलिंग को असामाजिक तत्वों द्वारा उखाड़ लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है.मामले को लेकर संबंधित वार्ड के ग्रामीणों में शामिल उमेश राय,अजय कुमार यादव,शंभू राय,जनार्दन राय आदि द्वारा एक लिखित शिकायत प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, मुखिया तथा पंचायत सचिव को दिया है.दिए शिकायत पत्र में बताया है कि गांव के ही उदय कुमार,रामबालक राय,दिलीप राय, बृजेश के द्वारा ईट सोलिंग उखाड़ दिया गया. मना करने पर गाली गलौज तथा मारपीट करने पर उतारू होने का आरोप लगाया है.इधर मामला संज्ञान में आते ही बीपीआरओ द्वारा जांच का आदेश तकनीकी सहायक शशिरंजन कुमार तथा पंचायत सचिव को दिया.

# पुण्यतिथि पर याद किये गये पूर्व सांसद कमलनाथ तिवारी



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेतिया स्थित केदार आश्रम में क्रांतिकारी पूर्व सांसद कमलनाथ तिवारी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए चनपटिया विधायक अभिषेक रंजन ने कहा कि कमलनाथ तिवारी क्रांति और चंपारण को जोड़ने वाली सबसे महत्वपूर्ण कड़ी थे और सांसद रहते हुए उन्होंने चंपारण के किसानों के लिए सदन में प्रेरणादायक आवाज उठाई। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष भारत भूषण दुबे ने उनके व्यक्तित्व को क्रांति और सत्याग्रह का समागम बताया तथा कहा कि वे भगत सिंह के साथ असेंबली बम कांड में शामिल रहे और लाहौर षड्यंत्र कांड में आजीवन कारावास की सजा मिली। मो. हसन ने कहा कि सांसद रहते हुए उन्होंने चंपारण के किसानों और हरिजनों के लिए उल्लेखनीय कार्य किया। मौके पर विजय पुष्प, उमेश पटेल, डॉ. अब्बुलैश, युवा कांग्रेस अध्यक्ष शिव पुजारी, प्रदेश सचिव दिलीप पटेल, हरिअक्ष कमलनाथ, गौरव मिश्रा, सचिन शर्मा, आलोक कुशवाहा, आयुष तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संघ शताब्दी वर्ष पर रक्सौल में होगा विराट हिन्दू सम्मेलन

## तैयारियों को लेकर स्वयंसेवकों की बैठक



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रक्सौल में 31 जनवरी को आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर शनिवार को शहर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।पुरानी पोखरा स्थित जगदीशकॉम्प्लेक्स में आरएसएस रक्सौल अंतर्गत शिवाजी बस्ती के स्वयंसेवकों की इस विशेष बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, जिम्मेदारियां और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक की अध्यक्षता जिला सेवा प्रमुख विकास कुमार ने की। उन्होंने कहा कि संघ के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर देशभर में समाज को जोड़ने वाले कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रक्सौल की सभी 10 बस्तियों में होने वाला हिन्दू सम्मेलन इसी अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य समाज में समरसता, सांस्कृतिक चेतना और संगठन की भावना को मजबूत करना है। बैठक में शिवाजी बस्ती स्तर पर आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से रजनीश प्रियदर्शी को अध्यक्ष, सुरेश कुमार गुप्ता (बाबा) को उपाध्यक्ष, धीरज कुमार को सचिव, सनोज कुमार को सहसचिव, हेमंत वर्णवाल को कोषाध्यक्ष और विवेक कुमार को सहकोषाध्यक्ष चुना गया। विकास कुमार ने बताया कि शताब्दी वर्ष को लेकर संघ द्वारा सात प्रमुख कार्यक्रम तय किए गए हैं, जिनमें हिन्दू सम्मेलन एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने शहरवासियों से आह्वान किया कि 31 जनवरी को संध्या 5 बजे से पोस्ट ऑफिस रोड स्थित श्री रामजानकी मंदिर सह विवाह परिसर में आयोजित सम्मेलन में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। सम्मेलन में भजन संध्या, बौद्धिक सत्र तथा प्रसाद वितरण जैसे तीन प्रमुख सत्र आयोजित होंगे। बैठक में जिला कार्यवाह दुर्गेश कुमार, जिला संपर्क सुबोध कुमार, जिला व्यवस्था प्रमुख प्रकाश कुमार, शिवाजी बस्ती प्रमुख हेमंत कुमार सहित अजय कुमार, चंदन गुप्ता, सुनील कुमार, सनोज कुमार, विवेक कुमार समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## स्वच्छता पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय परिसर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन एसएलडब्लूएम को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से स्वच्छता पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण प्रखंड समन्वयक सचिन भारद्वाज द्वारा दिया गया। इस दौरान परिसंपत्तियों के रख-रखाव से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सोख्ता के निर्माण एवं उसके उपयोग, डब्ल्यूपीओ स्तर पर कचरे के उचित पृथक्करण एवं निस्तारण, प्रतिदिन ठेला-रिक्शा के माध्यम से कचरा उठाव, सभी कर्मियों की समय से हाजिरी सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।इसके अलावा जैविक खाद के निर्माण तथा एसएलडब्लूएम कार्यों के ससमय और प्रभावी निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया।

# सोलर मॉडल गांव की ओर जहानाबाद का सुनहरा कदम
## जन प्रतिनिधियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद**। जहानाबाद अब ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर एक नई रोशनी लेकर बढ़ चला है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन और जिले में मॉडल सोलर गांव के चयन को लेकर विकास भवन सभागार में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति ने की, जहां जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों और चयनित पंचायतों के मुखियाओं ने सहभागिता की।




बैठक में बताया गया कि 12 जनवरी से 12 जुलाई 2026 तक सोलर मॉडल गांव चयन हेतु प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिला स्तरीय समिति द्वारा 10 पंचायतों/राजस्व गांवों को प्रारंभिक रूप से चुना गया है, जिनमें मोदनगंज, जहानाबाद सदर, हुलासगंज, रतनी फरीदपुर, काको, मखदुमपुर और घोषी प्रखंड शामिल हैं। इन गांवों में हजारों परिवारों को सोलर रूफटॉप, स्ट्रीट लाइट, सोलर सिंचाई संयंत्र और आजीविका आधारित सोलर उपकरणों से जोड़ा जाएगा।

जिला विकास पदाधिकारी श्रीमती स्मृति ने बताया कि यह योजना नागरिकों को अपनी बिजली खुद पैदा करने का सशक्त अवसर देगी। राज्य नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (ब्रेडा) के माध्यम से योजना का क्रियान्वयन होगा। चयनित गांवों में पंचायत सचिव के नेतृत्व में विलेज टास्क फोर्स बनाकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

## बारुण बाजार में अतिक्रमण से लोगों को होती है परेशानी

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। जिले के बारुण बाजार में इन दिनों अतिक्रमणकारियों ने अपना कब्जा जमा लिया है। यहां सुबह होते ही फुटपाथी दुकानदार सड़क को अतिक्रमण कर लेते हैं। अतिक्रमण के कारण 20 फीट चौड़ी सड़क अब सिकुड़कर 10 फीट रह जाती है। बता दें कि बारुण बाजार में प्रतिदिन दर्जनों गांव से करीब 10 हजार ग्रामीण खरीदारी करने पहुंचते हैं। बाजार में उन्हें अतिक्रमण के कारण परेशानी होती है। बाजार के मुख्य रास्ते करीब 15 फुट चौड़ी है। सब्जी, मिठाई एवं फल समेत अन्य फुटपाथी दुकानदारों द्वारा सड़क पर आठ से 10 फीट रास्ता छोड़ा जाता है। दुकानदार सड़क पर अपने सामान को रखकर अतिक्रमण किए हुए रहते हैं। वहीं अतिक्रमण से सड़क इतनी संकीर्ण हो गया है कि टेंपो से गुजरना भी दुभर हो गया है। बारुण बाजार निवासी राजेश गुप्ता, आनंद पासवान ने बताया कि बारुण बाजार के मुख्य रास्ते पर फुटपाथी दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। इससे संबंधित शिकायत अधिकारियों से की गई परंतु अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## समरस समाज परिवार मिलन सह सहभोज का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। मकर संक्रांति का पौराणिक महत्व होने के साथ-साथ वैज्ञानिक महत्व भी है। यह बात भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने औरंगाबाद शहर के रामराज नगर में आयोजित समरस समाज परिवार मिलन सह सहभोज कार्यक्रम में कही। यह आयोजन भाजपा के वरीय नेता राजेश्वर सिंह और अरविंद सिंह के आवास पर किया गया, जिसमें शहर के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में आम लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर समरस समाज परिवार मिलन सह सहभोज का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के पारिवारिक मिलन समारोह समाज के परिवारों को एक स्थान पर एकत्र होने, आपसी मेल-मुलाकात करने, उपलब्धियों को साझा करने, नए सदस्यों से परिचय बढ़ाने और सामाजिक संवाद को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। ऐसे आयोजन स्थायी स्मृतियां बनाते हैं, जो एक समरस समाज के निर्माण में सहायक होते हैं और पीढ़ियों तक संजोए जाते हैं। इसके माध्यम से सामाजिक मूल्य और परंपराएं आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाई जाती हैं। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता रामानुज पांडेय ने कहा कि यह आयोजन पूर्ण रूप से गैर राजनीतिक होता है। इसका उद्देश्य भागदौड़ भरी जीवनशैली के बीच लोगों को एक साथ बैठने, बातचीत करने और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने का अवसर देना है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता सुबोध सिंह ने भी इस कार्यक्रम की सराहना की और ऐसे आयोजनों को सामाजिक एकता के लिए उपयोगी बताया। समारोह में विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबल्लभ नारायण सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंदवंशी, कांग्रेस नेता चुलबुल सिंह, नगर पार्षद मंजरी सिंह, सुशील कुमार, मनीष पाठक, भाजपा नेत्री अनिता सिंह, सुमन सिंह, गुड़िया सिंह, राकेश सिंह, संजय गुप्ता, राजीव विद्यार्थी, सुनील शर्मा, रघुनाथ राम, राहुल सिंह, टैगोर, विजय निराला, विनोद शर्मा, प्रवीण गुप्ता, प्रिंस कुमार, अशोक पांडेय, विनोद चंद्रवंशी, युगल किशोर सिंह, उमेश पासवान, राजकुमार चंद्रवंशी, सतेंद्र शर्मा, अमन कुशवाहा, शिवनंदन पांडेय, ई. वीरेंद्र पाठक, बजरंगी प्रसाद, अमर उजाला, उदय सिंह, हरिओम, लोक जनशक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता में जहानाबाद के खुशी व गौतम चयनित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले 10वीं सब जूनियर राष्ट्रीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में जहानाबाद, जिले से शकुराबाद के गौतम कुमार एवं खुशी कुमारी का चयन किया गया। बिहार टीम में दोनों खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। ये दोनों प्रतिभावान खिलाड़ी बिहार टीम के साथ 16 से 21 जनवरी तक उड़ीसा के कलिंगा स्टेडियम भुवनेश्वर में अपना प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर बिहार रग्बी एसोसिएशन के सचिव डॉ पंकज कुमार ज्योति कुमार, जहानाबाद



रग्बी एसोसिएशन के सचिव गौतम कुमार अध्यक्ष सचिन कुमार, सह सचिव प्रदीप प्रकाश, कोच विकास कुमार ,प्रकाश कुमार, विक्रम कुमार सहित कई अन्य लोगो ने राष्ट्रीय खेल के लिए चयनित हुए इन दोनों खिलाड़ियों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। बताया जाता है कि इससे पहले भी जिले के ये दोनों उदयीमान सितारे कई प्रतियोगिता में (खुशी और गौतम) अपनी काबिलियत का प्रदर्शन कर चुके है। इस बार भी उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। जिससे की बिहार टीम एक बार फिर से अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय सब जूनियर वर्ग का खिताब बचाने में सफल रहे।

## अंचलाधिकारी ने लगाया जनता दरबार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड स्थित निर्वाचन कार्यालय में अंचलाधिकारी रंजीत उपाध्याय की अध्यक्षता में भूमि विवाद से जुड़े मामले के निष्पादन को लेकर जनता दरबार लगाया गया। शनिवार को आयोजित किए गए जनता दरबार में भूमि विवाद संबंधी कई मामले आए, जिस पर अंचलाधिकारी ने सभी मामलों को गौर से सुना एवं आगे की प्रक्रिया का निर्देश दिया। इस बाबत अंचलाधिकारी ने बताया की जनता दरबार में चार नए मामले आए, वहीं इस दौरान पुराने तीन मामले को निष्पादन कराया गया।

## तेजस्वी यादव की मौजूदगी में चुनाव परिणामों की गहन समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश पासवान ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के परिणामों को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चुनाव नतीजों के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के आवास पर राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेताओं, सांसदों और विधायकों की उपस्थिति में परिणामों की गहन समीक्षा की गई। इससे पूर्व सुरेश पासवान ने नववर्ष के अवसर पर तेजस्वी प्रसाद यादव को शुभकामनाएं दीं और नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी। सुरेश पासवान ने बताया कि समीक्षा बैठक के दौरान तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि चुनाव परिणाम धनबल और सरकारी तंत्र के प्रभाव से प्राप्त किए गए हैं, जिसमें चुनाव आयोग की बड़ी भूमिका रही। उन्होंने कहा कि इस तरह से हासिल किए गए परिणाम लोकतंत्र, संविधान और जनतांत्रिक मूल्यों के



लिए गंभीर खतरा हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन नतीजों को जनता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं कर पा रही है, क्योंकि बिहार की जनता ने इस बार तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार के खिलाफ मतदान किया था। समीक्षा बैठक में यह भी कहा गया कि जनता के जनादेश की भावना के विपरीत आए चुनाव परिणामों से व्यापक असंतोष है। इसी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय जनता दल ने यह निर्णय लिया है कि जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को लेकर और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक व्यापक संघर्ष और आंदोलन का कार्यक्रम तय किया जाएगा। पार्टी आने वाले दिनों में राज्यभर में आंदोलनात्मक गतिविधियों को तेज करेगी। सुरेश पासवान ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल जनता की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए संगठित रूप से आगे बढ़ेगा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि आगामी 24 जनवरी को भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती राष्ट्रीय जनता दल की ओर से पूरे बिहार में बड़े स्तर पर मनाई जाएगी।

## सिहाड़ी डाकघर बचाने की मुहिमः स्थानांतरण की चर्चा के बीच ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के ऐतिहासिक सिहाड़ी डाकघर को स्थानांतरित होने से बचाने के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने एक अनूठी पहल शुरू की है। डाकघर को पचरूखिया बाजार शिफ्ट किए जाने की चर्चाओं के बीच ग्रामीणों ने न केवल आक्रोश जताया, बल्कि विभाग को यह साबित करने में जुट गए हैं कि सिहाड़ी में डाक सेवाओं की मांग सबसे अधिक है।

**असुरक्षा के कारण स्थानांतरण की चर्चा**

क्षेत्र में चर्चा है कि वर्षों पहले डाकघर



में हुई दिनदहाड़े डकैती की घटना के बाद विभाग सिहाड़ी को असुरक्षित मान रहा है। वरीय अधिकारियों का मानना है कि व्यापारिक दृष्टिकोण से पचरूखिया बाजार बड़ा और अधिक सुरक्षित केंद्र हो सकता है। इसी आधार पर डाकघर को वहां शिफ्ट करने की योजना बनाई जा रही है।

**आंदोलन के बजाय लेन-देन पर जोर**

स्थानांतरण की खबर मिलते ही ग्रामीणों ने पहले विरोध जताया, लेकिन बाद में सकारात्मक रणनीति अपनाई। पोस्ट मास्टर राजू कुमार द्वारा समझाए जाने के बाद ग्रामीण अब डाकघर के अस्तित्व को बचाने के लिए लेन-देन बढ़ाने में जुट गए हैं। सरकारी योजनाओं के लाभ और अन्य बैंकिंग सुविधाओं के लिए डाकघर में खाता खुलवाने और राशि जमा करने के लिए लोगों की लंबी कतारें लग रही हैं।

ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि वे एक सामूहिक हस्ताक्षर अभियान चलाकर विभाग के वरीय अधिकारियों को आवेदन भेजेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि सिहाड़ी डाकघर से आसपास के दर्जनों गांवों की भावनाएं और जरूरतें जुड़ी हुई हैं।

## फार्मर रजिस्ट्री और ई-केवाईसी कार्यों का अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के सभी गांवों और टोलों में इन दिनों फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। इस महत्वपूर्ण अभियान की प्रगति का जायजा लेने के लिए शनिवार को एसडीओ अमित राजन, बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, सीओ कौशल्या कुमारी और बीएओ रणजीत कुमार सहित कई अधिकारियों ने अमझर शरीफ गांव का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



आंकड़ों के अनुसार, हसपुरा प्रखंड में अब तक 5,000 से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी पोर्टल पर अपलोड की जा चुकी है। इस कार्य में राजस्व कर्मचारी, प्रखंड कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, शिक्षा सेवक, बीटीएम, एटीएम और कार्यपालक सहायक पूरी तत्परता से जुटे हुए हैं।

निरीक्षण के दौरान यह बात भी सामने आई कि किसानों को रजिस्ट्री प्रक्रिया में तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान नियमों के अनुसार, फार्मर रजिस्ट्री का कार्य केवल उन्हीं किसानों का पूरा हो पा रहा है, जिनके नाम से जमीन की जमाबंदी (रसीद) अपडेटेड है। जिन किसानों के पूर्वजों के नाम पर जमीन है या जिनकी जमाबंदी में त्रुटि है, उन्हें इस प्रक्रिया में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## राजस्व कर्मचारी के खिलाफ मखदुमपुर प्रखंड कार्यालय पर धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। शनिवार के दिन किसान संघर्ष समिति के बैनर तले किसानों ने जहानाबाद जिले के मखदूमपुर प्रखंड कार्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया। धरना में बोलते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजय कुमार ने कहा की प्रखंड में राजस्व कर्मचारी एवं पदाधिकारी किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि येलोग पैसा की उगाही करने में लगे हुए हैं। किसी भी तरह के दाखिल खारिज करने में पैसा का मांग होता है। घर का बंटवारा के दो पीढ़ी गुजर जाता है फिर भी परिवार को जमाबंदी के नाम पर मोटी रकम वसूल की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में दाखिल खारिज, डिमांड




अलग करने, एलपीसी बनाने के लिए अंचल कार्यालय में दिए गए आवेदन महीनों से लंबित पड़ा है। उन्होंने कहा इसके खिलाफ जहानाबाद जिला मुख्यालय पर 2 फरवरी को धरना प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही 17 फरवरी को पटना में मुख्यमंत्री का घेराव भी किया जाएगा। कार्यक्रम में सरजू प्रसाद, राजेंद्र यादव, शिवकुमार, नवीन कुमार, संजय दास, संजीव कुमार, बैजू पाठक समेत कई लोग मौजूद थे ।

## चलती सीएनजी टेंपो में लगी भीषण आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता**। रफीगंज शहर के अब्दुलपुर भावड़ा पुल के पास सोमवार को एक चलती सीएनजी टेंपो में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और टेंपो धू-धू कर जलने लगा। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते टेंपो से कूदकर अपनी जान बचाई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टेंपो लभरी से हाजीपुर होते हुए बाजार की ओर जा रहा था। जैसे ही वाहन भावड़ा पुल के पास पहुंचा, तभी उसमें अचानक आग लग गई। कुछ ही पलों में आग पूरे वाहन में फैल गई, जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एसआई कुशो कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। संभावित विस्फोट के खतरे को देखते हुए उन्होंने भीड़ को सुरक्षित दूरी पर हटाया और तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक टेंपो पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। आग लगने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यातायात ठप हो गया। आग बुझने के बाद पुलिस ने सड़क से जले हुए अवशेष हटवाकर यातायात बहाल कराया। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक आशंका तकनीकी खराबी या गैस लीकेज की जताई जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर सीएनजी वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए मुखिया मेराज अहमद को मिला सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जिलाधिकारी ने बताया कि यह काफी हर्ष की बात है कि जहानाबाद जिला के काको प्रखंड अंतर्गत अमथुआ पंचायत की मुखिया मेराज अहमद द्वारा पंचायत के विकास में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए लाल किला, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह 2026 में शामिल होने के लिए विशेष आमंत्रण मिला है। बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग के अधीन बिहार राज्य पंचायत संसाधन संस्थान (बीएसपीआरआई) के परियोजना निदेशक नवीन कुमार सिंह ने इस संबंध में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जहानाबाद को पत्र भेजकर सूचित किया है।




इसी क्रम मे शनिवार को जिला पदाधिकारी ने समाहरणालय सभा कक्ष में मुखिया मेराज अहमद को भविष्य के लिए शुभकामना देते हुए उन्हें देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए 'आमंत्रण पत्र' सौंपा। जिला पदाधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि अमथुआ पंचायत के मुखिया जी ने केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन- जन तक पहुंचने मे अपना अपेक्षित सहयोग दिया है। जिलाधिकारी ने बताया कि इन्होने बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर भी मतदाताओं को बढ़- चढ़कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया था। मुखिया जी के अपेक्षित सहयोग का ही देन है कि आज पंचायत खुशहाली के पथ पर अग्रसर है और पंचायत कई लाभकारी योजनाओं से आच्छादित भी है।

## जयहिंद क्रिकेट एकाडमी औरंगाबाद ने मदनपुर को चार विकेट से हराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

औरंगाबाद। शहर के गेट स्कूल मैदान में जयहिंद क्रिकेट एकाडमी द्वारा टी २० क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच मां उमंगेश्वरी क्लब मदनपुर व जयहिंद क्रिके ट क्लब औरंगाबाद का आयोजन किया गया। मैच के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह रहे। मैच का उद्धाटन पूर्व सांसद ने फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्रा' कर किया। मैच में मदनपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मदनपुर की टीम ने निर्धारित २० ओवर में ऑल आउट होकर 93 बनाकर जयहिंद को 94 रनों का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी खोलने उतरी जयहिंद की टीम ने 16 ओवर में छह विकेट



खोकर मैच को जीत लिया। इधर मैच में मैन ऑफ द मैच जयहिंद टीम के शनी कुमार को दिया गया। वहीं बेस्ट बैस्टमैन का अवार्ड मदनपुर के मंजीत कुमार को दिया गया। वहीं बेस्ट बॉलर का अवार्ड जयहिंद के रोहन कुमार को दिया गया। इधर पूर्व सांसद ने कहा कि २००२ में हम भी इसी मैदान में रणजी ट्राफी खोले थो। बताया कि इस एकेडमी के खिलाड़ी अंडर-19, आईपीएल सहित विभिन्न मैचों में योगदान दिया है। कहा कि यहां के खिलाड़ी देश-विदेश में नाम कर परचम लहरा रहे हैं। मुख्य अतिथि ने विजेता व उप विजेता टीम के खिलाड़ी को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मैच के सेक्रेटरी विवेक कुमार सिंह, अध्यक्ष अमन कुमार सिंह, कोच टिंकू गुप्ता, रोहित कुमार सहित मौजूद रहे।

## मगधांचल मगही त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। जनवादी लेखक संघ, औरंगाबाद इकाई के तत्वावधान में स्थानीय रॉयल रेस्टोरेंट, पचरुखिया स्थित मीटिंग हॉल में मगधांचल मगही त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार श्रीनिवास मंडल ने की, जबकि संचालन शम्भू शरण सत्यार्थी ने किया।



इस अवसर पर पत्रिका के संपादक प्रो. अलखदेव प्रसाद अचल ने कहा कि मगध क्षेत्र से मगही भाषा की ऐसी साहित्यिक पत्रिका की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। क्षेत्र के विभिन्न साहित्यकारों के सहयोग से इस पत्रिका को आकार दिया गया है। उन्होंने कहा कि मगही भाषी समाज का दायित्व है कि वह अपनी मातृभाषा के संरक्षण, संवर्धन और प्रसार के लिए आगे आए, और मगधांचल इसी संकल्प के साथ प्रकाशित की जा रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्रीनिवास मंडल और अम्बुज कुमार ने कहा कि मगही भाषा में साहित्यिक पत्रिका का प्रकाशन एक सराहनीय और ऐतिहासिक पहल है। इससे नए रचनाकारों को अपनी भाषा में सृजन और अभिव्यक्ति का सशक्त मंच मिलेगा। गोपेन्द्र कुमार गौतम, राजेश विचारक, समुन्द्र सिंह, सुधीर सत्यम और कृष्णा सिंह ने पत्रिका की प्रशंसा करते हुए इसके नियमित प्रकाशन पर जोर दिया और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन गोपेन्द्र कुमार गौतम ने किया।

## विद्युत चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान, तीन पर प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज शहर के राजा नगर एवं बौर गांव में विद्युत चोरी के विरुद्ध बिजली विभाग द्वारा सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध रूप से बिजली उपयोग करते पाए जाने पर तीन उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की गई और रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। बिजली विभाग की टीम ने राजा नगर निवासी मो. जावेद और मंजूर साहब तथा बौर गांव निवासी राजगीर प्रसाद के घरों पर छापेमारी की। विभागीय जांच में पाया गया कि तीनों उपभोक्ताओं का पूर्व में बकाया बिल नहीं चुकाने के कारण विद्युत कनेक्शन काट दिया गया था, इसके बावजूद वे अवैध तरीके से बिजली का उपयोग कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान मो. जावेद पर 21,661 रुपये, मंजूर साहब पर 28,933 रुपये तथा




राजगीर प्रसाद पर 16,386 रुपये का जुर्माना लगाया गया। साथ ही तीनों के खिलाफ विद्युत चोरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि विद्युत चोरी के मामले में तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है और अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। इस छापेमारी अभियान में सहायक विद्युत अभियंता अशोक राज, विद्युत अवर प्रमंडल अजीत कुमार, मानव बल अजीत कुमार सहित अन्य विभागीय कर्मी शामिल रहे।

# दो दिवसीय विकसित भारत चित्र प्रदर्शनी सम्पन्न

## सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** विकसित भारत पर आयोजित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम विभिन्न प्रतियोगिता के साथ शनिवार को संपन्न हो गया। भारत सरकार एवं बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी जन-कल्याणकारी योजनाओ का लाभ सभी आम जनता लेगे। दो दिवसीय इस चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम के समापन समारोह के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अमृत कुमार जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा बहुत सारी योजनाएं चलाई जा रही है। बस हमे जागरूक होकर लाभ लेना है। स्कूल के बच्चो के लिए बालक बालिका योजना किशोरी स्वास्थ्य योजना बहुत अच्छी योजना है। उन्होंने ये भी कहा की केन्द्र सरकार की सभी क्षेत्रों में बहुत सारी लाभकारी योजना है। बस उन्हे जागरूक कर उन तक पहुंचाना है। तभी हमारा देश विकसित भारत बनेगा। उन्होने विद्यालय के प्रधानाचार्या से कहा कि आप अपने विद्यालय के मैट्रिक और इन्टर के छात्र छात्राओ को भी शिक्षा संबोधित योजनाओ के बारे में जानकरी देने के लिए कहा ताकी सभी छात्र छात्राऐ सरकार की इन योजनाओ से लाभान्वित हो सके। कार्यक्रम के दूसरे दिन भी भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओ पर लगाए गए चित्र प्रदर्शनी को देखने के लिए सुबह से लोगों की भीड़ उमड़ी रही। शनिवार को कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर में स्वच्छता श्रमदान एवं स्वच्छता शपथ कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्या शिक्षिकाओ छात्र एवं छात्राएं और अन्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए। समापन समारोह के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय संचार ब्यूरो, मुंगेर के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सुदर्शन किशोर झा ने कहा कि भारत सरकार केन्द्रीय संचार ब्यूरो सूचना और प्रसारण मंत्रालय, मुंगेर द्वारा चलाए जा रहे सभी जन-कल्याणकारी योजनाओ का प्रचार प्रसार होते रहता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बीपी इन्टर स्कूल, जिला प्रशासन एवं विभाग के राकेश कुमार एवं संतोष कुमार का सराहनीय सहयोग रहा।

## बच्चों को सिखाया गया आपदा से बचाव का गुर

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय मेहदौली, महेशपुर,प्रखंड कलोनी, अतरूआ, पालीडीह आदि में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा के तहत सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चेतना सत्र के दौरान फोकल शिक्षक ने भूकंप से बचाव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भूकंप से शहर एवं कस्बों में पुराने मकान, जर्जर भवनों के जद में आने से बड़े पैमाने पर जानमाल की क्षति होती है। आपदा की समझ एवं संभावित खतरे की पूर्व अगर तैयारी हो तो जोखिम न्यूनीकरण किया जा सकता है। भूकंपरोधी मकान के निर्माण पर बल दिया गया। भूकंप के दौरान बिजली के खंभे, पेड़, ऊंचे भवनों और जर्जर मकानों से दूरी बना कर रहने की बात कही गई।

## एक नजर

### आशा को नहीं मिला भत्ता

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के आशा कार्यकर्ताओ को पांच माह से प्रोत्साहन भत्ता नहीं मिलने से कार्यकर्ताओ में आक्रोश व्याप्त है। प्रखंड क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताओं को अगस्त 2025 से अब तक प्रोत्साहन भत्ता नहीं मिला है। लगभग 150 आशा कार्यकर्ताओं का भुगतान पिछले पांच महीनों से लंबित है। जिससे उनके समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। हालात ऐसे बन गए हैं कि कई परिवार भुखमरी की स्थिति में पहुंच चुके हैं। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, वहीं बीमार परिजनों का इलाज कराना भी मुश्किल हो गया है। आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि नियमित भुगतान नहीं होने के कारण दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करना कठिन हो गया है। आशा कार्यकर्ताओं में बुलंती देवी, कुमारी मंजू, किरण कुमारी, कुमारी शकुन्तला, प्रियंका, पूजा, सुशीला, सुनीता, पूनम, रौशन खातून, शबनम खातून, सावित्री देवी सहित अन्य ने संयुक्त रूप से अपनी पीड़ा साझा की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो वे सामूहिक आंदोलन करने को मजबूर होंगी।

### बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के हसनपुर बागर एवं विष्णु पुर पंचायत में बिजली चोरी के आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के नावकोठी पावर स्टेशन के जेई विमल कुमार साहा ने अवैध रूप से बिजली चोरी की घटनाओं की प्राथमिकी थाने में दर्ज करायी है। जेई विमल कुमार साहा ने बताया कि हसनपुर बागर पंचायत के वार्ड नंबर एक के विजय पोद्दार पे स्व सत्य नारायण पोद्दार के व्यवसायिक परिसर में की गयी। छापेमारी के दौरान पाया गया कि स्मार्ट मीटर लगा था। रिचार्ज नहीं रहने के कारण विद्युत कनेक्शन विच्छेदित था। उसके बाद भी सर्विस तार से जोड़ कर अवैध रूप से बिजली आपूर्ति की जा रही थी। इसी प्रकार विष्णुपुर पंचायत के वार्ड नंबर एक गौरीपुर में सुरेन्द्र कुमार पिता राम बालक तांती के द्वारा भी स्मार्ट मीटर को बायपास कर सर्विस तार में छेड़छाड़ कर बिजली के अवैध उपयोग करने से बकाया 6216 रुपये तथा क्षतिपूर्ति राशि 6712 रुपये का घाटा कंपनी को हुआ है। हसनपुर बागर के शेखपुरा वार्ड नंबर दस में बैद्यनाथ सहनी पे रामोतार सहनी के द्वारा भी अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने पर बकाया 604 रुपये तथा क्षतिपूर्ति की राशि 5740 रुपये का घाटा लगा है।

### शराब कारोबारी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने मुख्यालय पंचायत नावकोठी से 5 लीटर अवैध देसी चुलाई शराब के साथ कारोबारी को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ सह थानाध्यक्ष अमरजीत तिवारी ने बताया कि सूचना मिली कि नावकोठी के वार्ड संख्या 9 में लखन सहनी का पुत्र मनोज सहनी देसी शराब निर्माण तथा बिक्री करता है। सूचना के सत्यापन के लिए अपने नेतृत्व में रंजीत कुमार को दलबल के साथ सूचना स्थल पर पहुंचे। सूचना स्थल पर घर की तलाशी लेने उजले रंग के प्लास्टिक के जार में 5 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद किया गया।

## गोष्ठी में किसानों को दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के डफरपुर पंचायत के वृंदावन में किसान गोष्ठी का आयोजन शनिवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता बीएओ रौशन कुमार ने की। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग द्वारा किसानों के हित में कृषि एप का इजाद किया गया है। इसे किसानों को अपने मोबाइल फोन पर डाउनलोड करने की अपील की। इस एप के माध्यम से कृषि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी मिल जाएगी तथा इससे लाभ लेने के लिए इधर उधर अथवा कार्यालय से चक्कर लगाने से मुक्ति मिल जाएगी। सभी किसानों को ईकेवायसी तथा एफ आर कराने की अपील की। उन्होंने रबी में आलू की खेती के संबंध में जानकारी दी। इसमें होने वाले रोगों से निदान के तरीके की भी जानकारी दी। बीटीएम रबी मौसम में खेती करने वाले विभिन्न फसलों की जानकारी दी। गेहूं फसल में खरपतवार नियंत्रण, प्रयोग किये जाने वाले रासायनिक उर्वरक की मात्रा, ड्रीप एरिगेशन के फायदे, ड्रोन से छिड़काव करने से होने वाले फायदे के संबंध में जानकारी दी। आत्मा द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए आवेदन करने के तरीके तथा अनुदान के संबंध में बताया। जैविक खेती से होने वाले लाभ तथा आने वाली लागत में बचत के बारे में भी बताया। मौके पर बिहार कृषि एप जिला समन्वयक मंजीत कुमार, पूर्व आत्माध्यक्ष यशवंत कुमार, एटीएम सोनल सिंह, कृषि समन्वयक प्रिंस कुमार, किसान सलाहकार जयशंकर कुमार, किसान राजेश कुमार, चंदन कुमार, अंकुर कुमार, राधा देवी, शीला देवी सहित कई किसान मौजूद थे।

## अत्याधुनिक सुविधा से नगर निगम बना हाईटेक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


पिंकी देवी (महापौर नगर निगम बेगूसराय

**बेगूसराय।** नववर्ष पर नगर निगम की मेयर पिंकी देवी ने शनिवार को अपने तीन वर्षो के कार्यकाल का उपलब्धियों को पेश किया। मेयर श्रीमती देवी ने कहा की नगर निगम के गठन के समय इसकी जनसंख्या 2 लाख 52 हजार थी। जो बढ़कर वर्तमान में लगभग 3 लाख 20 हजार हो चुकी है। वर्ष 2023 से अबतक लगभग 155 करोड़ की राशि के अंतर्गत लगभग 1000 से अधिक योजनाएं क्रियान्वित हुई हैं। अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष बचे कार्य प्रक्रियाधीन हैं। जाम से कराहते शहर में नई पहल कर यातायात मित्र के रूप में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर नगर निगम क्षेत्र को जाम से मुक्ति दिलायी गयी। महिला कॉलेज के निकट एवं आफिसर्स कॉलोनी में 63 लाख 30 हजार रू की लागत से चिन्ड्रेन पार्क का निर्माण कराया गया है। साथ ही आमलोगों की सुविधा हेतु शहर के अन्य 4 स्थानों पर मो 15 लाख 96 हजार रू की लागत से ओपन जिम का निर्माण कराया गया है। तथा 5 अन्य जगहों पर ओपन जिम अधिष्ठापन की स्वीकृति दी गयी है। नगर निगम क्षेत्र में प्रमुख चौक-चौराहों एवं व्यस्तम मार्ग पर प्रथम चरण में 317 सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। साथ ही सीसीटीवी अधिष्ठापित प्रत्येक स्थान पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम (स्पीकर) आमजनों की सुविधा एवं जागरूकता हेतु लगाया गया है। नगर निगम के द्वारा शहर के हड़ताली चौक से विष्णुपुर दुर्गा स्थान तक एवं काली स्थान चौक से हेमरा चौक तक सड़कों पर अवस्थित विद्युत पोल-ट्रांसफार्मर को सुगम यातायात हेतु विस्थापित कराया जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न 14 जगहों पर सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए निविदा की प्रक्रिया की गयी है। क्षेत्र में पूर्व से निर्मित यूरिनल के अलावा विगत वर्ष 05 स्थानों पर नया यूरिनल का निर्माण कराया गया है। साथ ही 13 स्थानों पर नये यूरिनल निर्माण हेतु निविदा का प्रकाशन किया गया है। आवागमन को सुगम बनाने हेतु कई पीसीसी सड़कों को मास्टिक सड़क में तब्दील किया गया है। प्रथम चरण में नगर निगम चौक से विष्णुपुर दुर्गा स्थान तक के पथ को अतिक्रमणमुक्त कर सौन्दींकरण करने की व्यवस्था के लिए नियमानुकूल कार्रवाई की जा रही है। महिलाओं, दिव्यांगजनों के लिए रात्रि में नगर निगम क्षेत्र में निःशुल्क यात्रा के लिए ई-रिक्शा संचालन का निर्णय लिया गया है। जिसपर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। फुटकर दुकानदारों के लिए सुव्यवस्थित रूप से तत्काल दो अस्थायी वेंडिंग जोन का निर्माण किया गया है। भविष्य में स्थायी, अस्थायी वेंडिंग जोन के लिए एनएच-31 के किनारे एवं फ्लाई ओवर के नीचे संभावना तलाशी जा रही है। शहर सौन्दींकरण के मद्देनजर विभिन्न पोखरों एवं प्रमुख स्थानों पर 3डी पेंटिंग का कार्य कराया जा रहा है।

## एसपी ने बड़हरा थाना में लगाया जनता दरबार, 15 मामले निष्पादित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** भोजपुर जिला के बड़हरा थाना में एसपी मिस्टर राज ने शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया था। जहां उप समाहर्ता सह बीडीओ व सीओ बड़हरा सैयद आदिल मोहसिन मौजूद थे। जनता दरबार में करीब 15 आवेदन भूमि विवाद से संबंधित आए थे। जिसमें स्थानीय थाना क्षेत्र के फरना गांव निवासी धनंजय सिंह का जमीनी विवाद था। उनके चाचा ने रोशन सिंह व अन्य के नाम से जमीन बेंच दिया है का मामला लेकर पहुचें थे। इनकी बात सुनकर एसपी ने बताया कि यह कोर्ट का मामला है। वही मनी छपरा निवासी रामनारायण तिवारी जमीनी विवाद को लेकर एसपी के दरबार में पहुंचे थे। उन्होंने कहा की पिता के रहते हुए मेरी बेटी नीतू देवी ने दूसरे महिला को जमीन बेंच दिया है। वही फरना निवासी विमलेश प्रसाद सिंह ने 16 बीघा जमीन का मामला एसपी के समक्ष रखा। बताया कि पिछले साल से जबरदस्ती मेरा 16 बीघा जमीन मुखिया ने दखल किया हुआ है। इस पर महाशय ध्यान देते हुए मेरा जमीन दिलवाने की कृपा करे। उनकी बात सुनकर एसपी ने आरोपित को फोन से बुलाने का आश्वासन दिया। वहीं बड़का लौहर निवासी रजनीकांत पांडेय के पुत्र की मौत पर मुआवजा मिले या हत्या हुआ है तो गिरफ्तारी किया जाए का मामला लेकर पहुंचे थे। एसपी ने सभी मामलों का निष्पादन किया। जनता दरबार में चार काउंटर बनाए गए थे। जिसमें भूमि विवाद काउंटर की देखरेख एसआई अजीत कुमार, साइबर क्राइम से जुड़े मामले को विक्रम कुमार, एक काउंटर फरियादी के सहयोग के लिए एक पुलिस अधिकारी और महिला डेस्क पर एसआई पूजा कुमारी तैनात थी।

## जनता दरबार लगा जिलाधिकारी ने सुनी फरियाद

### जांच कर संबंधित पदाधिकारी को निष्पादन करने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनना तथा उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निराकरण को सुनिश्चित करना रहा। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों द्वारा नाला निर्माण में रोक, पैक्स में धान खरीद के लक्ष्य में वृद्धि, दिव्यांगजनों की समस्याओं का समाधान, रास्ता एवं नाली पर अतिक्रमण हटाने, जल निकासी व्यवस्था सहित अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर अपने-अपने परिवाद प्रस्तुत किए गए। प्रमुख परिवादियों में बेला पंचायत के मिश्र बिगहा निवासी रघुनाथ राम द्वारा नाला निर्माण कार्य में रोक लगाने के संबंध में आवेदन दिया गया। ए.पी.डब्लू.डी. संघ के गिरिजा राम एवं अन्य द्वारा जिले में दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। नवीनगर प्रखंड क्षेत्र के काला पहाड़ निवासी मालती देवी द्वारा आशा एवं आशा फैसिलिटेटर चयन से संबंधित शिकायत दर्ज कराई गई। इसी क्रम में फ़ेसर गांव निवासी जनेश्वर यादव एवं अन्य द्वारा धान अधिप्राप्ति वर्ष 2025-26 में फ़ेसर पैक्स का लक्ष्य बढ़ाने के संबंध में आवेदन दिया गया। वहीं रामाराज्य नगर, करमा रोड निवासी मनीष कुमार सिंह द्वारा नगर पालिका, औरंगाबाद द्वारा ढाले गए रास्ता एवं नाली पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के संबंध में अपनी शिकायत दर्ज कराई गई। इसके अतिरिक्त अन्य नागरिकों द्वारा भी विभिन्न जनसुविधाओं एवं प्रशासनिक विषयों से संबंधित समस्याएं जनता दरबार में रखी गईं। जिलाधिकारी द्वारा सभी परिवादों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक जांच कर तत्काल, निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता दरबार में प्राप्त प्रत्येक परिवाद की नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गोह थाना क्षेत्र के चमनपुरा गांव में संदिग्ध परिस्थिति में एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान लालू यादव की 30 वर्षीय पत्नी संजू देवी के रूप में हुई है। घटना को लेकर मृतका के मायका वालों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार संजू देवी की शादी वर्ष 2008 में हुई थी। उसका एक बेटा और एक बेटी है। परिजनों के मुताबिक शादी के कुछ साल तक सब ठीक रहा, इसके बाद पति-पत्नी के बीच विवाद होने लगा। आरोप है कि लालू का दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध है जिसके चलते संजू के साथ मारपीट करता था। मायके से दहेज लाने की डिमांड करता था। मामले को लेकर सामाजिक स्तर पर पंचायत भी हुई थी लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। संजू ज्यादातर अपने मायके नौरंगा गांव में रहती थी। पति दूसरे राज्य में प्राइवेट नौकरी करता था। करीब 10 दिन पहले ही घर लौटा था। मृतका के भाई प्रमोद यादव ने बताया कि शनिवार को ग्रामीणों से जानकारी मिली कि मेरी बहन की तबीयत खराब है। तुरंत आने का कहा गया। जब चमनपुरा पहुंचा तो देखा कि संजू का शव आंगन में पड़ा हुआ है। ससुराल के सभी सदस्य घर से फरार है। इसके बाद घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। प्रमोद ने कहा कि दहेज के लिए बहन को प्रताड़ित भी किया जाता था। एक लाख रुपए की मांग कर रहे थे। डिमांड पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने गला दबाकर मार डाला। शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतका के शरीर पर कोई भी चोट के निशान नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में महिला शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता पर व्याख्यान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**फारबिसगंज (अररिया)।** रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, फारबिसगंज में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त पत्रकार, लेखिका, कलाकार, शिक्षाविद् एवं सामाजिक कार्यकर्ता रुचिरा गुप्ता द्वारा महिला शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता विषय पर एक प्रभावशाली एवं प्रेरणादायी व्याख्यान दिया गया। यह व्याख्यान मानव तस्करी की रोकथाम और महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे अत्यंत संवेदनशील एवं समसामयिक विषयों पर केंद्रित रहा। अपने संबोधन में रुचिरा गुप्ता ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का वास्तविक आधार शिक्षा है। जब तक महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित वातावरण और आत्मनिर्भर बनने के अवसर नहीं मिलेंगे, तब तक समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने मानव तस्करी को एक गंभीर सामाजिक समस्या बताते हुए इसके मूल कारणों–गरीबी, अशिक्षा, लैंगिक असमानता और सामाजिक चुप्पी–पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सामाजिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनें और परिवर्तन के वाहक के रूप में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति यदि जागरूक हो जाए, तो समाज की सबसे बड़ी बुराइयों को भी समाप्त किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि रुचिरा गुप्ता अपने आप महिला वर्ल्डवाइड नामक संस्था की संस्थापक हैं, जो राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों, गरिमा और सामाजिक न्याय के लिए कार्य कर रही है। मानव तस्करी के विरुद्ध उनके संघर्ष को वैश्विक स्तर पर व्यापक पहचान प्राप्त है। इस अवसर पर रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के प्राचार्य डॉ. राशिद हुसैन ने कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों को केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं रखते, बल्कि उन्हें सामाजिक जिम्मेदारियों और मानवीय मूल्यों से भी जोड़ते हैं। एमडीएमएस, अररिया के निदेशक डॉ. संजय प्रधान ने अपने संबोधन में कहा कि महिला शिक्षा और सुरक्षा आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आर.के. रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन श्री महावीर प्रसाद रूंगटा ने अपने संदेश में कहा कि ट्रस्ट शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को भी समान रूप से महत्व देता है।

## 4.90 करोड़ की लागत से बनेगा गर्ल्स हॉस्टल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में 100 बेड के सावित्रीबाई फुले बालिका छात्रावास के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस छात्रावास के निर्माण पर कुल 4 करोड़ 90 लाख 62 हजार रुपए की लागत आएगी। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की ओर से इस योजना को प्रशासनिक मंजूरी दी गई है। स्वीकृति आदेश के अनुसार यह छात्रावास राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय, औरंगाबाद के परिसर में बनाया जाएगा। यहां पहले से मौजूद जर्जर अनुसूचित जाति कल्याण छात्रावास भवन को तोड़कर नए भवन का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। जिले में लगभग 26 करोड़ रुपए की लागत से पांच मंजिला संयुक्त कार्यालय भवन एवं ग्राउंड फ्लोर के साथ दो मंजिला कोषागार भवन का निर्माण कार्य जारी है। इसके अलावा 76 पंचायतों में पंचायत सरकार भवनों का निर्माण भी प्रगति पर है। औरंगाबाद, दाउदनगर, गोह, ओबरा, नबीनगर, मदनपुर और हसपुरा प्रखंड मुख्यालयों में प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन निर्माण को लेकर निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मेडिकल कॉलेज एवं कृषि महाविद्यालय की स्थापना को लेकर भी प्रक्रिया चल रही है। देव, कुटुंबा एवं मदनपुर प्रखंड में 720 बेडेड डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य जारी है, जबकि नवीनगर में भी इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। सावित्रीबाई फुले बालिका छात्रावास निर्माण को लेकर कल्याण पदाधिकारी एवं संबंधित अभियंता की ओर से स्थल का निरीक्षण किया गया है। अधिकारियों ने राजकीय कृत अनुग्रह कन्या उच्च विद्यालय, औरंगाबाद के परिसर में उपलब्ध भूमि का जायजा लिया। परिसर में पहले से एक अन्य भवन का निर्माण कार्य चल रहा है, जिससे भूमि की उपलब्धता को लेकर कुछ अड़चन सामने आई है। हालांकि जिला पदाधिकारी के निर्देश पर उपलब्ध भूमि पर ही निर्माण कार्य कराने को लेकर प्रस्ताव भेजा जा रहा है। इस छात्रावास के निर्माण से बालिका शिक्षा को बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। आर्थिक रूप से कमजोर एवं गरीब तबके की छात्राएं संसाधनों के अभाव में जिला मुख्यालय में रहकर पढ़ाई नहीं कर पाती हैं। छात्रावास उपलब्ध होने से ऐसी छात्राओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवास मिलेगा, जिससे वे बिना किसी परेशानी के अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगी। कन्या उच्च विद्यालय के परिसर में ही छात्रावास बनाए जाने से छात्राओं की सुरक्षा एवं आवागमन की समस्या भी नहीं होगी। कुल मिलाकर सावित्रीबाई फुले बालिका छात्रावास का निर्माण जिले में बालिका शिक्षा को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## हत्या प्रयास सहित अन्य अपराधों में 24 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। अलग-अलग मामलों में 24 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 12 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या प्रयास में 1, शराब कांड में 7 एवं अन्य शीर्ष कांड में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 109 लीटर देसी शराब, 1 बाइक, 1 कार एवं साईबर थाना द्वारा 140000 रूपये बरामद किया गया है। 37 वारंट एवं 1 कुर्की का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1041 वाहनों की जांच की गई जिसमें 52000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जिले में मादक प्रदार्थो की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार की देर शाम कार्रवाई के फलस्वरूप अलग-अलग थाना क्षेत्र से 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 12 लोगों को जेल भेजा गया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा ताकि जिले में शांति व्यवस्था कायम रहे। तथा अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

## गन्ना किसानों की होगी महापंचायत

**बेगूसराय।** मालीपुर दुर्गा स्थान में गन्ना किसानों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिहार राज्य गन्ना किसान मोर्चा के अध्यक्ष अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा 15 रुप्रति क्विं गन्ना मूल्य में वृद्धि ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। बिहार सरकार के गन्ना उद्योग विकास मंत्री ने गन्ना उत्पादकों के साथ भयानक धोखा किया है। आसमान छूती महंगाई से गन्ना खेती की उत्पादन लागत में बेतहाशा वृद्धि हुई है। मोर्चा सरकार से लगातार मांग कर रही है कि गन्ना का मूल्य कम से कम 800 रु प्रति क्विंटल निर्धारित हो। परंतु लगता है कि चीनी मिल मालिकों के समक्ष सरकार ने पुर्णतः घुटना टेक दिया। उत्तम एवं सामान्य प्रभेद पर 15 रुपया प्रति क्विंटल तथा निम्न प्रभेद पर 20 रुप्रति क्विंटल मूल्य वृद्धि की घोषणा कर सरकार ने किसानों के साथ विश्वासघात किया है। अधिकांश किसान गन्ने की उत्तम और सामान्य प्रभेद की खेती ही करते हैं। गन्ना से चीनी, एथनल, विद्युत, खाद, गत्ता, कागज एवं जलावन आदि उपयोगी उद्योग लगाए जा सकते है। इसलिए शुगर फैक्ट्री का नाम बदलकर सूगर कंपलेक्स रखा जाए। शुगर कर्पोरेशन में व्याप्त भयानक घोटाला एवं उसके गलत नीतियों के चलते बिहार में फलता-फुलता चीनी उद्योग देखते-देखते तबाह व बर्बाद हो गया। सम्मेलन की अध्यक्षता पैक्स अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ने की। सम्मेलन को किसान नेता रामनरेश सिंह,हिमांशु शेखर प्रसाद सिंह, राकेश कुमार वर्मा,संतोष कुमार ईश्वर, अर्जुन सिंह, पैक्स अध्यक्ष रजनीश कुमार सिंह,प्रशांत कुमार एवं आदित्य कुमार आदि ने संबोधित किया।

# अब तक 14245 ई केवाईसी और 6170 फार्मर आईडी बने

## मिशन मोड में चल रहा है फार्मर आईडी निर्माण का दूसरा चरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पंचायत स्तर पर चल रहे किसान फॉर्मर आईडी के प्रथम चरण के बाद द्वितीय चरण का शिविर 17 से 21 जनवरी तक निर्धारित की गई है। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार शाह ने बताया कि प्रत्येक दिन चार एवं पांच पंचायतों में मिशन मोड में कैंप लगाया जा रहा है। प्रथम चरण और दूसरे चरण की शुरुआत में कुल मिलाकर अब तक 14245 किसानों का ई केवाईसी किया गया है एवं 6170 किसानों का फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाया गया है। प्रत्येक दिन विभिन्न कैंपों का निरीक्षण भी किया जा रहा है। कैंप मोड में कार्य करते हुए सभी पात्र लाभुकों का ई-केवाइसी सत्यापन पूर्ण कर फार्मर रजिस्ट्री आइडी बनाना सुनिश्चित करने को निर्देशित है। यह योजना दो चरणों में कैंप मोड में क्रियानवित की जा रही है। पंचायतवार शिविरों का आयोजन पंचायत सरकार भवनों व अन्य सरकारी भवनों में किया जा रहा है। जहां कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार व राजस्व कर्मचारी अनिवार्य रूप से मौजूद रहेंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी किसान भाई-बहनों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित होकर शिविर के माध्यम से अपनी फार्मर रजिस्ट्री बनवाना सुनिश्चित करें। फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पादों की बिक्री में सुविधा, फसल क्षति की स्थिति में वास्तविक नुकसान का मुआवजा तथा पीएम-किसान सम्मान निधि योजना का निर्बाध लाभ प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। उल्लेखनीय है कि फार्मर रजिस्ट्री, एग्री स्टैक परियोजना का एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसका उद्देश्य कृषि सेवाओं को आधुनिक, सरल एवं प्रभावी बनाना है. इसके अंतर्गत प्रत्येक किसान की फार्मर आईडी तैयार की जाती है, जिसमें भूमि संबंधी विवरण एवं आधार संख्या को डिजिटल रूप से एकीकृत किया जाता है।



# प्रत्येक दिन चार पंचायतों में लगेगा विशेष कैंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पंचायत स्तर पर चल रहे किसान फॉर्मर आईडी के प्रथम चरण के बाद द्वितीय चरण का शिविर 18 से 21 जनवरी तक निर्धारित कि गई है। जिसकी तैयारी पंचायत स्तर पर की जा रही है। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार शाह ने बताया कि प्रत्येक दिन चार पंचायत में मिशन मोड में कैंप लगाया जाएगा।कैंप मोड में कार्य करते हुए सभी पात्र लाभुकों का इ-केवाइसी सत्यापन पूर्ण कर फार्मर रजिस्ट्री आइडी बनाना सुनिश्चित करें। यह योजना दो चरणों में कैंप मोड में क्रियानवित की जा रही है. पंचायतवार शिविरों का आयोजन पंचायत सरकार भवनों व अन्य सरकारी भवनों में किया जायेगा, जहां कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार व राजस्व कर्मचारी अनिवार्य रूप से मौजूद रहेंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी किसान भाई-बहनों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित होकर शिविर के माध्यम से अपनी फार्मर रजिस्ट्री बनवाना सुनिश्चित करें। फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पादों की बिक्री में सुविधा, फसल क्षति की स्थिति में वास्तविक नुकसान का मुआवजा तथा पीएम-किसान सम्मान निधि योजना का निर्बाध लाभ प्राप्त करने में सहायता मिलेगी. उल्लेखनीय है कि फार्मर रजिस्ट्री, एग्री स्टैक परियोजना का एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसका उद्देश्य कृषि सेवाओं को आधुनिक, सरल एवं प्रभावी बनाना है. इसके अंतर्गत प्रत्येक किसान की फार्मर आईडी तैयार की जाती है, जिसमें भूमि संबंधी विवरण एवं आधार संख्या को डिजिटल रूप से एकीकृत किया जाता है।

## विद्युत समस्या को लगेगा जनता दरबार, शिकायतें होंगी दूर

**मसौढी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विद्युत विभाग ने सात निश्चय योजना पार्ट 3 के तहत उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत मसौढी विद्युत उपकेंद्रों पर प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित किए जाएंगे। मसौढी आपूर्ति प्रमंडल के विद्युत कार्यपालक अभियंता पवन कुमार ने बताया कि यह व्यवस्था विभाग के आदेश पर 19 जनवरी से लागू होगी। निर्देशों के अनुसार, सभी अंचल, प्रमंडल, अवर प्रमंडल और सेक्शन कार्यालयों में सोमवार को दोपहर 12:30 बजे से 2:00 बजे तक और शुक्रवार को दोपहर 3:00 बजे से 4:30 बजे तक उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनी जाएंगी और उनका तुरंत समाधान किया जाएगा। गौरतलब है कि इन जनता दरबारों में कार्यपालक अभियंता अपने डिवीजन कार्यालय में, सहायक विद्युत अभियंता सब-डिवीजन में और कनीय अभियंता सेक्शन कार्यालयों में उपस्थित रहेंगे।

# झारखंड से लाई जा रही थी शराब, पुलिस ने दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** झारखंड से ट्रेनों के जरिए विदेशी शराब की सप्लाई मसौढ़ी में लगातार जारी है। ऐसे में शनिवार को एक्साईज पुलिस ने बैग में शराब भरकर ला रहे स्टेशन से उतरते ही पुलिस ने एक सप्लायर को घेर कर दबोच लिया है। जहां दो बैग में भरे हुए तकरीबन विभिन्न कंपनियों के 29 बोतल विदेशी शराब को जप्त किया है। गिरफ्तार सप्लायर का नाम विक्की कुमार पिता सतेंद्र कुमार दीघवां का निवासी बताया जाता है। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया की लगातार झारखंड से बैगों में भरकर विदेशी शराब की बोतले लाई जा रही है और शराब लाने को लेकर कई तरह के लोग हाथकंडे अपना रहे हैं। कभी पिट्ठू बैग में तो कभी समान में भरा हुआ बैग में शराब की बोतल छुपा कर लाई जा रही है तो कभी बड़े पैमाने पर शराब की खेप लाई जा रही है। लगातार मिल रही सूचनाओं को सत्यापन करते हुए ताबातोड़ छापेमारी और गिरफ्तारी और शराब की जप्ती की जा रही है शनिवार को जप्त की गई शराब तकरीबन 50 हजार की होगी जो सभी महंगी शराब थी।

# सरस्वती पूजा एवं गणतंत्र दिवस को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** लहसुना थाना परिसर में शनिवार को सरस्वती पूजा और गणतंत्र दिवस को लेकर थानाध्यक्ष खुशबू खातून की अध्यक्षता में शांति समिति की एक बैठक की गई। बैठक में प्रशासन ने सरस्वती पूजा के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया. बैठक में कहा गया कि अगर कोई इस आदेश का उल्लंघन करेंगे तो उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। सरस्वती पूजा के आयोजन के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना लाइसेंस पूजा करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में बताया गया कि सरस्वती पूजा के लिए विभिन्न गांवों और स्थानों से लाइसेंस हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्रशासन ने सभी पूजा समितियों से नियमों का पूर्ण पालन करने, समय पर लाइसेंस प्राप्त करने और शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व का आयोजन सुनिश्चित करने की अपील की, थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कर दिया कि पूजा व विसर्जन जुलूस में डीजे नहीं बजेगा। जुलूस में कोई धारदार हथियार नहीं रखेंगे। इन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। डीजे को जब्त कर डीजे मालिक और पूजा लाइसेंसधारी पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा कि पूजा में शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोगों से पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। सभी जनप्रतिनिधियों को सुरक्षा का दायित्व देते हुए पूजा तथा विसर्जन जुलूस पर नजर रखने को कहा गया। कहीं भी किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना तत्काल थाना को देने को कहा गया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं कई पुलिस पदाधिकारी समेत गणमान्य लोग शामिल रहे।




# रास्ता विवाद में चली गोली, चार खोखे बरामद

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढी थाना क्षेत्र के तरपुरा गांव में शनिवार को तकरीबन चार बजे उस वक्त दो गुटों में रणक्षेत्र में तब्दील हो गया जब रास्ता बनाने के लिए जैसे ही जेसीबी प्लॉट पर उतरी, उसी दौरान तारपुरा गांव के कई लोग भारी संख्या में जूटान हो गए और जेसीबी का टायर का हवा निकालते हुए तोड़फोड़ कर दी और मारपीट करने लगे इस दौरान कई राउंड फायरिंग भी की गई है। मौके पर सूचना मिलने ही आनन-फानन में मसौढ़ी पुलिस पहुंची जहां लोग सभी भाग खड़े हुए घटना स्थल पर चार खोखे भी बरामद की गई है। घटना के विषय रास्ता का विवाद बताया जा रहा है दरअसल तरपुरा गांव के समीप सकरपुरा मोड की यात्री शेड से पश्चिम के प्लाट पर कुछ लोग रास्ता को मेंन रोड से जोड़ने की कोशिश कर रहे थे उसी को लेकर तरपुरा गांव के कुछ लोग लोगों ने विरोध जताया और फिर हो हंगामा और रण क्षेत्र में तब्दील हो गया पुलिस पूरे मामले में बिंदुवार जांच में जुटी है।

# लनामिवि के दर्शनशास्त्र विभाग में सेमिनार आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग में राष्ट्रीय सेमिनार सह - सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को हुआ। स्वामी विवेकानंद की शिक्षा दर्शनः उपयोगिता एवं प्रासंगिकता विषय पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ शिवानंद झा ने की। बतौर मुख्य वक्ता प्रोफ़ेसर श्यामल किशोर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के दर्शन और विचारों पर आज सभी युवाओं को चलने की आवश्यकता है। स्वामी जी के शिकागो सम्मेलन का उल्लेख करते हुए भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा से पूरी दुनिया को कैसे अवगत कराया, इसकी विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर डॉ सुनील चंद्र मिश्रा ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद को राष्ट्र निर्माण का अग्नि विचारक बताया व उनके शिक्षा दर्शन के विभिन्न आयामों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। इस मौके पर प्रो सुनील चंद्र मिश्र की दो पुस्तकों वैज्ञानिक विधि और निगमन तर्कशास्त्र का विमोचन हुआ। पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ रुद्रकांत अमर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद जी के सार्वभौम धर्म एवं उनके विचारों से छात्राओं को अवगत कराते हुए युवाओं के नाम स्वामी जी के संबोधन की तात्विक व्याख्या की। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए डॉ. झा ने छात्र- छात्राओं को स्वामी विवेकानंद जी के धार्मिक विचारों एवं उनके दर्शन से अवगत कराया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ संजीव कुमार साह व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राजीव कुमार ने किया। मंच का कुशल संचालन ईशान ने किया। इस संगोष्ठी में शोधार्थी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।




# पी.एम. सूर्य घर योजना को मिला नया आयाम : मुजफ्फरपुर में सोलर मेले से हजारों उपभोक्ता लाभान्वित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** हर घर तक स्वच्छ, सस्ती और सतत ऊर्ज़ा पहुँचाने तथा आम उपभोक्ताओं को ज़ीरो बिजली बिल की सुविधा सहज रूप में उपलब्ध कराने की दिशा में मुज़फ्फरपुर जिला प्रशासन ने एक और प्रभावी कदम उठाया। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में विद्युत आपूर्ति अंचल परिसर, राम दयालु नगर, मुज़फ्फरपुर में भव्य सोलर मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में बड़ी संख्या में नागरिक, घरेलू उपभोक्ता, पंजीकृत सोलर वेंडर, बैंक प्रतिनिधि, विद्युत विभाग के अधिकारी एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा मंत्रालय के प्रतिनिधि शामिल हुए। सोलर मेले का उद्घाटन जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम एवं अधीक्षण अभियंता (विद्युत) द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पी.एम. सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि देश को ऊर्ज़ा आत्मनिर्भर बनाने, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और आम नागरिकों को आर्थिक राहत प्रदान करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने जिलेवासियों से इस महत्वाकांक्षी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा, आज ऊर्ज़ा की आवश्यकता निरंतर बढ़ रही है। ऐसे में सोलर ऊर्ज़ा भविष्य की सबसे विश्वसनीय और टिकाऊ व्यवस्था है। पी.एम. सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से सरकार ने आम नागरिकों को अपने घर की छत से ही बिजली उत्पादन का अवसर दिया है। इससे न केवल बिजली बिल में भारी कमी आती है, बल्कि कई परिवारों को ज़ीरो बिजली बिल का लाभ भी मिल रहा है। मैं मुज़फ्फरपुर के सभी उपभोक्ताओं से अपील करता हूँ कि वे इस योजना को अपनाएँ और जिले को सोलर ऊर्ज़ा के क्षेत्र में बिहार में प्रथम स्थान पर पहुँचाने में योगदान दें। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता (विद्युत) द्वारा स्वागत भाषण दिया गया, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री मुफ्त बिजली योजना के उद्देश्य, महत्व एवं उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह योजना घरेलू उपभोक्ताओं को स्वच्छ ऊर्ज़ा की ओर प्रेरित करने के साथ-साथ बिजली वितरण व्यवस्था पर पड़ने वाले दबाव को भी कम करती है। पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार की एक अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं को अपने घर की छत पर रूफटॉप सोलर पैनल लगाकर स्वयं बिजली उत्पादन करने की सुविधा दी जा रही है। इस योजना के अंतर्गत उत्पादित सोलर बिजली का उपयोग उपभोक्ता अपने घर में करते हैं तथा अतिरिक्त बिजली नेट मीटरिंग के माध्यम से बिजली वितरण कंपनी को दी जाती है। इसके बदले उपभोक्ताओं के बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आती है और कई मामलों में बिजली बिल शून्य तक हो जाता है। योजना के तहत 01 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित करने पर लगभग 60,000 का व्यय आता है, जिसमें भारत सरकार द्वारा 30,000 का अनुदान दिया जाता है। इसी प्रकार 02 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल के लिए कुल लागत लगभग 1,20,000 है, जिसमें 60,000 का सरकारी अनुदान उपलब्ध है। इस योजना के अंतर्गत अधिकतम 78,000 तक का अनुदान प्रदान किया जाता है।




# सप्ताह में दो दिन संबंधित पदाधिकारी सुनेंगे जनता की शिकायत : डीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों में संबंधित पदाधिकारी प्रत्येक सप्ताह के दो कार्य दिवस सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल और जिला स्तर पर आमलोगों की शिकायतों का निपटारा करेंगे। जिलाधिकारी डॉ चौधरी ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि जिले के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों में कमी लाने के उद्देश्य से राज्य सरकार के सात निश्चय - तीन के सातवें निश्चय सबका सम्मान - जीवन आसान अभियान की शुरुआत शनिवार से शुरु की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रायः ऐसा देखा गया है कि आम लोग अपनी समस्या को लेकर जब सरकारी कार्यालय पहुंचते हैं तो अधिकारी उपस्थित नहीं रहते हैं। जिस कारण उन्हें असुविधा होती है। इसे देखते हुए अब आमलोगों के लिए सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों में उत्पन्न कठिनाईयों को दूर करने हेतु इस अभियान की शुरुआत कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह के दो कार्य दिवस सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल और जिला के सभी सरकारी कार्यालयों में आमलोग अपनी शिकायतों का निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी उनके निर्धारित कार्य स्थल या कार्यालय में मिलेंगे। डा चौधरी ने बताया कि निर्धारित दोनों दिवसों पर सभी संबंधित पदाधिकारी अपने अपने कार्यालय में उपस्थित होकर लोगों से सम्मान पूर्वक मिलेंगे और उनकी शिकायतों को संवेदनशीलता से सुन कर उसका त्वरित निराकरण करेंगे। इस दौरान यदि संबंधित पदाधिकारी कार्यालय में नहीं रहते है तो उनके स्थान पर उनके द्वारा अधिकृत पदाधिकारी लोगों के मिलने के कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले भर के सभी सरकारी कार्यालयों में आमलोगों (आगुंतकों) को सम्मान पूर्वक बैठाने और मिलने के साथ साथ उनके लिए जरुरी सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा आगुंतकों से प्राप्त शिकायतों के पंजी का संधारण किया जाएगा।उन शिकायतों के सतत अनुश्रवण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के प्राथमिकता वाले इस कार्यक्रम से आमलोगों को पूरा लाभ दिलाने के लिए जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। ऐसे में यदि कोई सरकारी कार्यालय में आमलोगों की कठिनाईयों को नजरअंदाज किया जाता है तो संबंधित पदाधिकारी दंडित होंगे।

# यदि लोग अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, तो भारत बनेगा मार्गदर्शक राष्ट्र : दत्तात्रेय होसबोले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित शताब्दी वर्ष संगोष्ठी का भव्य आयोजन आज डीएमसीएच ऑडिटोरियम, दरभंगा में किया गया। इस अवसर पर संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। शताब्दी वर्ष संगोष्ठी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की तपस्या, सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना से लेकर आज तक उसका एकमात्र उद्देश्य राष्ट्र को परम वैभव तक पहुँचाना रहा है। संघ ने समाज को संगठित करने, राष्ट्रभक्ति का भाव जागृत करने तथा सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि संघ किसी व्यक्ति या सत्ता के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के लिए कार्य करता है। सेवा कार्य, शिक्षा, सामाजिक समरसता, स्वावलंबन, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण जैसे क्षेत्रों में संघ के स्वयंसेवक निरंतर निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे हैं। आज जब भारत वैश्विक मंच पर सशक्त रूप से उभर रहा है, तब संघ के शताब्दी वर्ष का यह कालखंड आत्ममंथन और भविष्य के दायित्वों को समझने का अवसर है। पंच परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए सरकार्यवाह जी ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष में समाज के समक्ष पाँच महत्वपूर्ण परिवर्तन का लक्ष्य रखा गया है सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली,नागरिक कर्तव्य बोध, कुटुंब प्रबोधन। उन्होंने कहा कि ये पंच परिवर्तन केवल विचार नहीं, बल्कि व्यवहार में लाने योग्य संकल्प हैं, जिनके माध्यम से समाज आत्मनिर्भर और राष्ट्रनिष्ठ बनेगा। उन्होंने कहा कि परिवार भारतीय संस्कृति की सबसे मजबूत इकाई है। वर्तमान समय में परिवार व्यवस्था को सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक है। संस्कारयुक्त, संवादशील और संस्कृतिनिष्ठ परिवार ही राष्ट्र के चरित्र का निर्माण करते हैं। उन्होंने परिवारों से आग्रह किया कि वे अपने दैनिक जीवन में संस्कार, समय और समर्पण को प्राथमिकता दें। सरकार्यवाह ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। अनुशासन, सेवा भाव, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रप्रेम के साथ युवा शक्ति आगे आए, यही संघ के शताब्दी वर्ष का संदेश है। जिज्ञासा समाधान सत्र में श्रोता के आए समस्त प्रश्नों का समाधान करते हुए भारत को परम वैभव पर पहुँचाने हेतु हिन्दू समाज को एकजूट होनें का संदेश दिया।




# शराब कारोबारी गिरफ्तार

**अथमलगोला (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर बुडरा निवासी नीतीश कुमार को दस लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार अवैध शराब और अपराध के खिलाफ पुलिस सख्ती से करवाई कर रही है। इसी क्रम में हुई छापेमारी में नीतीश कुमार को दस लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। आगे भी इस तरह का अभियान जारी रहेगा।

# नवनियुक्त परीक्षा नियंत्रक ने संभाला पदभार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय के नव नियुक्त परीक्षा नियंत्रक प्रोफ़ेसर दशरथ प्रजापत ने आज कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार और कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय की मौजूदगी में अपना पदभार संभाला। इस मौके पर पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ मनोज कुमार मंडल, वित्त पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद, बजट और अकाउंट्स ऑफिसर प्रोफ़ेसर हरिश्चंद्र शाही, डीएसडब्लू प्रोफ़ेसर महेश्वर मिश्रा, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. अंशु राय, तनमय मनीष, कृष्ण कुमार, रवि वर्मा और अन्य लोग भी मौजूद थे।

# सोम और शुक्र को सुनीं जाएंगी आम लोगों की शिकायतें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़, संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाने के संबंध में सात निश्चय-3 के तहत सबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम शुरू किया है। इसके अन्तर्गत मसौढ़ी धनरूआ एवं पुनपुन प्रखंड अंचल कार्यालयों में सोमवार और शुक्रवार को आम लोग अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। संबंधित पदाधिकारी इन दिनों में अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर लोगों की शिकायतें सुनेंगे और उनका त्वरित निराकरण करेंगे। यदि कोई पदाधिकारी इन दिनों में उपस्थित नहीं रहते हैं, तो उनके स्थान पर उनके द्वारा अधिकृत पदाधिकारी लोगों से मिलने के कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। बीडीओ सीमा कुमारी ने बताया कि प्रखंड में एक बजे तीन बजे तक तथा अंचल स्तर पर 11:30 बजे से 01:00 बजे तक जनता दरबार आयोजित किया जायेगा। शिकायतों की पंजी का संधारण किया जाएगा और उनका सतत अनुश्रवण किया जाएगा। नियंत्री पदाधिकारी अधीनस्थ पदाधिकारियों को इन निर्देशों का पालन कराने का निर्देश देंगे और उनके कार्यालय में प्राप्त शिकायतों के निष्पादन के अनुश्रवण की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

इस पहल का उद्देश्य आम लोगों के जीवन को आसान बनाना और उनकी समस्याओं का त्वरित निवारण करना है। जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को भी जनता दरबार में उपस्थित होकर आमजनों से प्राप्त परिवादों पर स्वयं सज्ञान लेकर अविलंब निष्पादन हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया गया है।

## महाराष्ट्र में जीत में लेकर भाजपा ने मनाया जश्न

**मसौढ़ी।** महाराष्ट्र नगर निगमों के चुनाव में भाजपा की अभूतपूर्व और ऐतिहासिक जीत के बाद मसौढी में भी भाजपाइयों ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया, और जीत की खुशी में मिठाइयां बांटी गईं और कार्यकर्ताओं की ओर से जमकर आतिशबाजी की गई। ढोल-नगाड़े भी बजे। महाराष्ट्र नगर निगम के चुनाव परिणाम में भाजपा की जीत की खबर मिलते ही एक ओर जहाँ पार्टी प्रदेश कार्यालय में नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जुट गए और जश्न मनाया। वहीं मसूरी में भी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया भाजपा नेता संजय केसरी ने कहा कि यह भाजपा की एक बड़ी जीत है पिछले 30 सालों से शिवसेना का बीएमसी में गढ़ बन गया था। ऐसे में वह गढ़ नेस्तनाबूद करते हुए भाजपा गठबंधन की जीत हुई।इस दौरान भारत माता की जय के नारे लगे।

# धान खरीद के बाद किसानों के भुगतान में नहीं हो अनावश्यक विलंब : अभिलाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जिले में किसानों से अधिप्राप्त धान की स्थिति एवं धान के एवज में किसानों को किए जा रहे भुगतान की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में प्रखंडवार धान अधिप्राप्ति की प्रगति संतोषजनक पाए जाने पर जिलाधिकारी द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। जिलाधिकारी ने सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने कार्यक्षेत्र में धान क्रय की प्रक्रिया



को निरंतर गति प्रदान करते हुए अधिक से अधिक पात्र किसानों से धान की अधिप्राप्ति सुनिश्चित करें ताकि किसानों को सरकार की न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का पूर्ण लाभ प्राप्त हो सके। बैठक में मिल सम्बद्धता से संबंधित विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस क्रम में राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक को निर्देश दिया गया कि धान के भंडारण एवं परिवहन की सुचारु व्यवस्था हेतु एफआरके (फुली रजिस्टर्ड कूपन) की ससमय उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि अधिप्राप्ति कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि किसानों के भुगतान में किसी प्रकार की अनावश्यक विलंब की स्थिति न उत्पन्न हो तथा पारदर्शी एवं समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी, राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक सहित सहकारिता विभाग से संबंधित जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष एवं सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रक्तदान मानवीय संवेदना का प्रतीक : सुनंदा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला प्रशासन एवं जिला परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के तहत शनिवार को सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले व्यक्तियों की मदद के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित कराना और युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जागृत करना था। रक्तदान शिविर में जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, प्रवर्तन अवर निरीक्षक सहित जिला परिवहन कार्यालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान करते हुए कुल 31 यूनिट रक्त सदर अस्पताल को दान



किया गया। रक्तदान शिविर का संचालन हितेश कुमार, प्रवर्तन अवर निरीक्षक द्वारा किया गया। शिविर का आयोजन सदर अस्पताल के प्रशिक्षित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में किया गया जिसमें सभी आवश्यक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया गया। इस शिविर में जिला प्रशासन एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों, पुलिस कर्मियों, युवाओं और स्वयंसेवी संस्थाओं ने हिस्सा लेते हुए रक्तदान किया। मौके पर जिला परिवहन अधिकारी सुनंदा कुमारी ने बताया कि सड़क दुर्घटना के शुरुआती गोल्डन आवर में रक्त की कमी किसी की जान जाने का कारण नहीं बननी चाहिए। साथ ही कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन करना नहीं है, बल्कि एक-दूसरे की जान बचाना भी है। आज का यह रक्तदान शिविर इसी मानवीय संवेदना का प्रतीक है। उन्होंने जिले के तमाम वाहन चालकों से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा माह के दौरान हेलमेट पहनें, सीट बेल्ट का प्रयोग करें और गति सीमा का पालन करें।

# छात्रों के हित में ठोस व सकारात्मक कदम उठाएगा कॉलेज प्रशासन : डॉ. सुधीर कुमार मिश्र



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** छात्रों की समस्या और बुनियादी सुविधाओं को लेकर कॉलेज कोषाध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा से मुलाकात की। कोषाध्यक्ष ने कॉलेज में छात्रों के लिए स्मार्ट क्लास की व्यवस्था, बेहतर कक्षाएं, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं और स्वच्छता के साथ-साथ अधिक से अधिक छात्रों का टेंडर व आईडी समय पर बने ताकि छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इसके अलावा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर खेलकूद प्रतियोगिताओं, कॉलेज स्तर पर सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। इसपर प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने आश्वासन दिया कि छात्रों से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान करने के साथ ही बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा। कॉलेज प्रशासन निश्चित रूप से छात्र हित में ठोस एवं सकारात्मक कदम उठाएगा।

# संयम और विश्वास उत्कृष्ट जीवन के स्तंभ : डॉ शंभू शरण सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के विवेकानंद वीआईपी स्कूल में आज कक्षा दसवीं के उत्प्रेषित छात्र-छात्राओं के लिए मंगलाशीष कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक डॉ शंभू शरण सिंह, प्राचार्य एन. के सिंह, उप प्राचार्या सूची कुमारी ने स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर वर्ग नवम के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। छात्रों ने रोचक नृत्य, नाटक, भाषण द्वारा अपने विद्यालय में गुजारे समय को याद किया। निदेशक डॉ सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन विविध चुनौतियों से भरा होता है। संघर्ष ही हमारे जीवन को परिष्कृत और परिमार्जित कर और बेहतर बनाते हैं। हमें संघर्षो को स्वीकार कर बडी तन्मयता से धैर्यपूर्वक सामना करना चाहिए। संयम और दृढ़ विश्वास ही आपको सफलता के शिखर तक ले जाने में स्तंभ का काम करेंगे।



विद्यालय के स्वस्थ और अनुशासित माहौल में आपने जो भी सीखा है वह भविष्य निर्माण में एक कड़ी के रूप में कार्य करेगा। आपको शिक्षकों को कठोरता और मृदुता दोनों का सामना करना पड़ा होगा, जो मनुष्य निर्माण की जड़ में खाद का काम करता है। आने वाले समय मे आपसब विविध क्षेत्रों और सेवाओं में जाएंगे। जहाँ आपको यह अनुशासन आपको उत्कृष्टता प्रदान करेगा। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय में सीखे कर कौशल आपके व्यक्तित्व को निखारने में एक उपयोगी टूल्स साबित होंगे। भावुक बच्चों को ढांढस देते हुए उन्होंने कहा कि यह जीवन मे चलने वाली एक अहम प्रक्रिया है जिसे हमें सहर्ष स्वीकार करना होगा। पूरी तन्मयता से पढ़ाई कर बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करें। आप जहाँ भी जाएं अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहें, राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्यशील रहें। आपने जो कुछ भी सीखा है उसका सदुपयोग राष्ट्रनिर्माण में करे। इस अवसर पर कई बच्चों ने अपनी भावना व्यक्त करते भावुक हुए। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए उप प्राचार्य सूची कुमारी ने कहा कि विवेकानंद का मानना था कि हर किसी में दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता है। 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' यह उद्धरण छात्रों को अपनी शिक्षा और प्रतिभा का उपयोग दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए प्रेरित करता है। हमें अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन द्वारा परिवार, समाज और राष्ट्र को उन्नत बनाने हेतु प्रयत्नशील रहना चाहिए। इस अवसर पर समस्त शिक्षक उपस्थित रहें।

# सलैया थाना में एसपी का जनता दरबार कल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सलैया थाना परिसर में कल सोमवार को पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया जायेगा जिसमें थाना क्षेत्र से जुड़े समस्याओं का समाधान किया जाएगा। थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार ने बताया कि जनता दरबार अपराह्न 3 बजे से शुरू होगा। पुलिस अधीक्षक स्वयं थाना क्षेत्र के नागरिकों की व्यक्तिगत शिकायतों को सुनेंगे और मौके पर ही उनका निवारण करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी निवासियों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं, शिकायतों और सुझावों के साथ रविवार को अपराह्न 3 बजे सलैया थाना परिसर में जनता दरबार में उपस्थित हों। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा उनकी समस्याओं का तत्काल और उचित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच संवाद को बढ़ाना है, ताकि लोगों की समस्याओं को सीधे सुना जा सके और उन्हें त्वरित न्याय मिल सके। यह पहल पुलिस प्रशासन को और अधिक जवाबदेह और जनता के प्रति संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एसपी का यह कदम निश्चित रूप से थाना क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आएगा और उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

